हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 25 अगस्त 2026

जीपी सिंह महानिदेशक प्रशिक्षण एवं महानिदेशक, राज्य पुलिस अकादमी पदस्थ

31 आईपीएस का कामकाज बदला, पवनदेव को नगर सेना, जीपी को ट्रेनिंग, कल्लूरी को हाउसिंग का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राज्य शासन ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) 31 अधिकारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। फेरबदल में पुलिस मुख्यालय से लेकर प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था, यातायात, तकनीकी सेवाएं, नक्सल ऑपरेशन, गुप्तवार्ता और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स से जुड़े महत्वपूर्ण पदों में बदलाव किया गया है। जारी आदेश में आईपीएस अधिकारी पवन देव को छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक पद से हटाकर महानिदेशक, नगरसेना एवं नागरिक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं बनाया गया है। वहीं गुरजिन्दर पाल सिंह को महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं महानिदेशक, ⏭शेष पेज 7 पर

प्रदीप गुप्ता को अभियोजन

प्रदीप गुप्ता को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन एवं चयन), पुलिस मुख्यालय की जिम्मेदारी के साथ संचालक अभियोजन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विवेकानंद को वर्तमान कार्य के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, वित्त, योजना एवं प्रबंध की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह दीपांशु विजय काबरा को वर्तमान कार्य के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, रेल एवं यातायात का अतिरिक्त प्रभार मिला है। अमित कुमार को वर्तमान कार्य के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बनाया गया है। डॉ. आनंद छाबड़ा को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, डायल-112 एवं दूरसंचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एसआरपी कल्लूरी बने एमडी छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन





पवन देव



एसआरपी कल्लूरी



जीपी सिंह

डीआईजी स्तर पर भी महत्वपूर्ण फेरबदल

पारूल माथुर को उप पुलिस महानिरीक्षक, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बनाया गया है। मनीष शर्मा को डीआईजी प्रशासन एवं चयन की जिम्मेदारी मिली है। अभिषेक मीणा को डीआईजी, छसबल, बस्तर बनाया गया है, जबकि सदानंद कुमार को डीआईजी, छसबल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गिरिजा शंकर जायसवाल को तकनीकी सेवाएं, एमएल कोटवानी को डीआईजी, गुप्तवार्ता बनाया गया है। अजातशत्रु बहादुर सिंह को डीआईजी, नगरसेना, राज्य आपदा प्रबंधन बल एवं अग्निशमन सेवाओं की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशांत ठाकुर को अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं प्रणाली, विवेक शुक्ला को डीआईजी, सुरक्षा बनाया गया है और राजेश कुकरेजा को डीआईजी, वित्त, योजना एवं प्रबंध का दायित्व सौंपा गया है। श्वेता राजमणी को डीआईजी, दूरसंचार एवं डायल-112 बनाया गया है।

एआईजी स्तर पर भी पोस्टिंग

वहीं मोहित गर्ग को सहायक पुलिस महानिरीक्षक, प्रशासन एवं चयन की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा रवि कुमार कुर्रे सहायक पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी, यदुवली अक्षय कुमार को सहायक पुलिस महानिरीक्षक सीसीटीएन एवं अतिरिक्त प्रभार संयुक्त परिवहन आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के दायित्वों में भी बदलाव किया गया है। चिराग जैन सेनानी 18वीं बटालियन मनेंद्रगढ़ चिरमिरी और अंजली विश्वकर्मा को सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात पीएचक्यू रायपुर के पद पर पर पदस्थापना की गई है।

शुभ का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹123021/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹150250/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹164012/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand Jewels Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

विमान से पक्षी टकराया टला बड़ा हादसा

पटना। बिहार की राजधानी पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह दिल्ली से आए एयर इंडिया के एक विमान के उतरते समय, उससे एक पक्षी टकरा गया। घटना के बाद हवाई पट्टी का निरीक्षण कराया गया और सभी 164 यात्री सुरक्षित हैं। दिल्ली-पटना उड़ान एआई-1741 पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुबह 7:44 बजे उतरने वाली थी।



ईडी ने यूपी, हरियाणा में कई स्थानों पर मारे छापे

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय ने जीएसटी धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को उत्तर प्रदेश और हरियाणा में कई स्थानों पर छापे मारे। फर्जी 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' का गलत तरीके से लाभ उठाने से जुड़े मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद में नौ परिसरों के अलावा हरियाणा के फरीदाबाद में भी तलाश अभियान चलाया गया।

बर्फ फैक्टरी से अमोनिया गैस रिसाव, 25 बीमार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक बर्फ फैक्टरी से कथित तौर पर अमोनिया गैस के रिसाव के बाद महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 25 लोग बीमार पड़ गए। घटना रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे बशीरहाट के शापुकर इलाके में हुई। प्रभावित लोगों ने सांस लेने में दिक्कत और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याओं की शिकायत की है तथा उनका हरोआ ग्रामीण अस्पताल में इलाज जारी है।



ट्रांसफार्मर चोरी करने पहुंचे चोर की करंट से मौत

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में ट्रांसफार्मर चोरी करने पहुंचे चोरों में से एक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद उसके साथी शव को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुयह घटना रविवार रात थाना मगोर्रा क्षेत्र के लोरिहा पट्टी गांव में हुई। कुछ चोर ट्रांसफार्मर चोरी करने पहुंचे थे। इसी दौरान उनमें से एक ने ट्रांसफार्मर का बिजली लाइन से कनेक्शन काटने का प्रयास किया, तभी उसे करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सरकार पर वादे से मुकरने का लगाया आरोप, कॉजपा की समीक्षा बैठक में निर्णय, बनी आगे की रणनीति

'कॉकरोच' फिर सक्रिय, जंतर-मंतर के बाद इंडिया गेट पर होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली में पांच सितंबर को विरोध मार्च निकालने का सोमवार को ऐलान किया। कॉजपा ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसने 25 जुलाई को किए गए उन वादों को पूरा नहीं किया जिनके आधार पर उसने परीक्षा में गड़बड़ियों के खिलाफ 36 दिन का अपना आंदोलन वापस लिया था।

कॉजपा ने कहा कि शिक्षक दिवस के मौके पर निकाला जाने वाला यह मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। कॉजपा ने कहा कि मार्च का नेतृत्व उन छात्रों के परिजन करेंगे, जिन्होंने नीट परीक्षा रद्द होने और उसके बाद दोबारा परीक्षा कराए जाने के बाद आत्महत्या कर ली थी। इसके अलावा जुलाई में हुए आंदोलन के दौरान कथित तौर पर पुलिस की ज्यादती का सामना करने वाले छात्रों के परिजन भी मार्च में शामिल होंगे। यह फैसला सोमवार को कॉजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। केंद्र के साथ बातचीत के बाद संगठन द्वारा अपना आंदोलन समाप्त किए जाने के करीब एक महीने बाद यह निर्णय लिया गया है। कॉजपा ने कहा, हमारे धैर्य को हमारी कमजोरी नहीं समझा जा सकता। हमारी सद्भावना को सरकार के लिए इस देश के युवाओं के साथ विश्वासघात करने का अवसर नहीं बनने दिया जा सकता।

किसलिए फिर प्रदर्शन

खास तौर पर, कॉजपा का आरोप है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेने और उन्हें किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने के वादे पर अमल नहीं किया गया। कॉजपा ने आरोप लगाया कि सरकार ने कार्रवाई में देरी की, तकनीकी पेचीदगियों का बहाना बनाया और स्पष्ट आश्वासन देने से बचती रही। संगठन ने कहा कि केंद्र की ओर से दिया जाने वाला लिखित आश्वासन भी अब तक लंबित है। कॉजपा ने कहा, कोई सरकार पूरी पीढ़ी के भरोसे का इस्तेमाल युवाओं को घर भेजने के लिए करके फिर चुपचाप अपने ही वादे से पीछे नहीं हट सकती। हम इस विश्वासघात को स्वीकार नहीं करेंगे।



देशभर के छात्रों, युवा संगठनों से अपील

संगठन ने देशभर के छात्रों, युवा संगठनों और युवाओं से पांच सितंबर के मार्च में शामिल होने की अपील करते हुए जोर दिया कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेगा। कॉजपा ने कहा, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया है, वे सबसे आगे चलेंगे। पुलिस की ज्यादती के शिकार लोग उनके साथ चलेंगे। उनके पीछे वह पूरी पीढ़ी चलेगी, जो अपनी सरकार से केवल एक चीज की मांग कर रही है—अपना वादा निभाइए।

राज्य सरकारों को लिखी चिट्ठी

सरकारी स्कूलों की स्थिति को अपने अभियान का मुख्य मुद्दा बनाने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) ने सोमवार को सभी राज्य सरकारों को पत्र लिखकर पिछले पांच वर्षों में स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं, शिक्षकों के खाली पदों और विद्यालयों के लिए दी गई राशि से जुड़ी जानकारी मांगी। शिक्षा मंत्रियों को भेजे गए एक जैसे पत्रों में कॉजपा के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि सोशल मीडिया पर सामने आ रही सरकारी स्कूलों की तस्वीरों से पता चलता है कि कई बच्चों को अब भी सुरक्षित पेयजल, इस्तेमाल करने लायक शौचालय, उचित कक्षाएं और यहां तक कि बैठने के लिए बेंच जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रहीं। दीपके ने लिखा, भारत को आजाद हुए 80 साल हो गए हैं। इस देश में किसी भी बच्चे को ऐसी परिस्थितियों में पढ़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। उनके साथ जानवरों से भी बदतर व्यवहार किया जा रहा है। ये पत्र सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर कॉजपा के अभियान के तहत नया कदम हैं।

सरगना समेत पांच दबोचे गए

तिरपाल के नीचे से निकला दो करोड़ रुपए का गांजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवभोग/ मैनपुर

'ऑपरेशन निश्चय' में देवभोग पुलिस ने सरहद पर घेराबंदी कर ओडिशा से आ रही 400 किलोग्राम गांजे की विशाल खेप को पकड़ लिया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 2 करोड़ रुपए आंकी गई है। ओडिशा के मुख्य सप्लायर समेत 5 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है। 24 अगस्त की रात को पुलिस नेशनल हाईवे 130 सी स्थित ग्राम खुटगांव चेकपोस्ट पर चेकिंग कर रही थी। तभी ओडिशा की ओर से आ रहे एक संदेहास्पद नारंगी रंग के आयशर मेटाडोर वाहन एमएच 06 बीडब्ल्यू 4144 को रोका गया। जवानों ⏭शेष पेज 7 पर

गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने मामले में विनोद दिसारी निवासी ओडिशा मुख्य सप्लायर, संतोष अनंता मोहिते निवासी रायगढ़ महाराष्ट्र कैरियर, सुमित सुभाष थोड़वे निवासी पुणे महाराष्ट्र (कैरियर), पंकज अनंता मोहिते निवासी रायगढ़ महाराष्ट्र पायलटिंग/रेकी, जलंधर खम्हारी निवासी कालाहांडी ओडिशा पायलटिंग/रेकी करने वाले को गिरफ्तार किया है।

तस्करों के लिए कोई जगह नहीं

गरियाबंद जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत कार्रवाई कर गांजा बरामद किया गया है। ओडिशा सीमा से होने वाली हर अवैध गतिविधियों को रोका और पकड़ा जाएगा।

भारी बारिश से बस्तर समेत 3 जिले संकट से उबरे, सरगुजा, बेमेतरा कांकेर, जशपुर की टेंशन बाकी



सक्रिय रहा मानसून, पिछले चौबीस घंटे में 31 स्टेशनों में भारी से अतिभारी वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अगस्त के महीने में सक्रिय हुए मानसून के चौथे सिस्टम ने पिछले चौबीस घंटे में भारी बारिश कराकर बस्तर, कोंडागांव और सुकमा को अल्पवर्षा के संकट से उबार लिया है। तीनों जिलों के कई स्टेशनों में अतिभारी वर्षा होने के बाद स्थिति सामान्य की श्रेणी में आ गई है। अब कम पानी बरसने के मामले में सरगुजा, बेमेतरा, कांकेर और जशपुर जिले की टेंशन बाकी है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तीव्रता में थोड़ी कमी आएगी, मगर पानी गिरने का दौर फिलहाल रुकने की संभावना काफी कम है। पिछले चौबीस घंटे ⏭शेष पेज 7 पर

यहां इतनी बारिश

- छोटेडोंगर 18, अंतागढ़ 16, बास्तानार 16, माकड़ी-बड़े बचेली, दौरा कोचली, नारायणपुर में 13-13 सेमी. बारिश हुई।
- रायपुर शहर, कोहकामेटा में 12-12, जगरगुंडा 11, ओरछा, दरभा, गंगालूर, भैरमगढ़, बीजापुर में 10-10 सेमी. वर्षा दर्ज की गई।
- बारसूर, बिल्हा, सुकमा, छुरा, दोरनापाल, कुसमी में 9-9, कुटुरु, लभांडी, लोहडीगुंड़ा में 8-8 तथा बिहारपुर, रायगढ़, मालखरौदा, शंकरगढ़, पामगढ़ सहित अनेक इलाकों में 6-6 सेमी. बारिश हुई।

रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा

राजधानी रायपुर में सुबह आसमान साफ होने से लोगों ने थोड़ी राहत महसूस की, इस दौरान हल्की धूप भी निकल आई। लोगों को बारिश थमने का अहसास हुआ, मगर दोपहर 1 बजते ही बादलों ने शहर के ऊपर फिर डेरा जमा लिया और दोपहर 2 बजते तक बारिश का दौर शुरू हो गया। बादल काले थे, मगर पानी रिमझिम और लगातार बरसता रहा। पानी से बचाव के लिए लोगों को दिनभर रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। सुबह धूप निकलने के दौरान तापमान 29 डिग्री के पार हो चुका था, इसके बाद बादल छाते ही तापमान में गिरावट आ गई।

पार्षद की बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट ने लगाई मुहर

बिलासपुर। भिलाई नगर निगम के वार्ड क्रमांक 35 शारदा पारा से निर्वाचित पार्षद मोहम्मद सलमान की बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट ने मुहर लगा दी है। फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने के आरोपों में हाईकोर्ट ने रिट अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने माना कि दुर्ग संभागायुक्त ने पार्षद की अयोग्यता के संबंध में अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर कार्रवाई की थी। सिंगल बेंच के फैसले में भी कोई ऐसी त्रुटि नहीं मिली, जिसके आधार पर हस्तक्षेप किया जा सके। याचिका के मुताबिक वर्ष 2021 में भिलाई नगर निगम के वार्ड क्रमांक 35 शारदा पारा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था। मोहम्मद सलमान ने खुद को कुंजड़ा समुदाय का बताते हुए चुनाव लड़ा था।

फुंडहर गोठान की 100 गायें 3 जगह भेजीं, रखने के लिए जगह नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बंद गाड़ियों में शाम को भूखी-प्यासी वापस लौटीं

फुंडहर गोठान में क्षमता से अधिक रखे गए 100 गोवंश को दूसरी जगह शिफ्ट करने की व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। रविवार की सुबह फुंडहर गोठान के 100 गायों को 6 गाड़ियों में भरकर धनेली ले जाया गया, वहां के संचालक ने इन गायों को रखने से हाथ खड़े कर दिए, तब इन गायों को दूसरी जगह भेजा गया, लेकिन ⏭शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप





गोवंश को शिफ्ट करने की व्यवस्था पर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने उठाए सवाल

जल्द करेंगे गोवंश को सुरक्षित रखने की व्यवस्था



फुंडहर के गोठान में रखे गए 100 गोवंश को धनेली और जरवाय गाड़ियों में भरकर शिफ्टिंग के लिए ले जाया गया। धनेली के संचालक से निगम आयुक्त की बात हुई थी, वे अपने यहां इन गायों को रखने के लिए सहमत थे, पर सोमवार की सुबह जब गोवंश लेकर गाड़ी वहां पहुंची तो उन्होंने ऐन मौके पर मना कर दिया। इसके बाद जरवाय लेकर गए, पर वहां बात नहीं बनी। इन गोवंश को सुरक्षित रखने की व्यवस्था जल्द की जाएगी।

- **मीनल चौबे**, महापौर, नगर निगम रायपुर

पीपीपी मॉडल पर सौंपे जाएंगे 5 बड़े और 6 छोटे हवाई अड्डे

रायपुर समेत देश के 11 एयरपोर्ट का होगा निजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अलग खबर

सरकार वाराणसी एवं तिरुपति समेत 11 हवाई अड्डों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत निजी कंपनियों को सौंपने की योजना बना रही है। इन हवाईअड्डों को पांच समूहों में 50 साल के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। एक आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक, नागर विमानन मंत्रालय ने देश के 11 हवाई अड्डों के लिए ⏭शेष पेज 7 पर



एयरपोर्ट पांच ग्रुप

- अमृतसर और कांगड़ा-गग्गल
- वाराणसी, गया और कुशीनगर
- भुवनेश्वर और हुबली
- रायपुर और औरंगाबाद
- तिरुचिरापल्ली और तिरुपति

ऐसे किया गया एयरपोर्ट का चयन

दस्तावेज कहता है कि मौजूदा दौर के लिए 11 हवाई अड्डों का चयन एएआई ने चरणबद्ध और आंकड़ा आधारित प्रक्रिया के जरिए किया। पहले 12 बड़े हवाई अड्डों का आकलन यात्री यातायात, भूमि उपलब्धता, वाणिज्यिक क्षमता और वित्तीय प्रदर्शन समेत विभिन्न मानकों पर किया गया। इसके बाद 136 छोटे हवाई अड्डों का बड़े हवाई अड्डों के साथ समूह बनाने की संभावना के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

मौजूदा कर्मचारियों का क्या होगा?

मंत्रालय ने हवाईअड्डों को निजी कंपनियों को सौंपे जाने के बाद एएआई के मौजूदा कर्मचारियों को शामिल करते हुए एक साल की संयुक्त प्रबंधन अवधि का प्रस्ताव रखा है। इसके बाद परिचालक कंपनी को तीन साल तक भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के 60 प्रतिशत कर्मचारियों को बनाए रखना होगा।



देवघर में 4 किमी कतार, काशी में 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु

उज्जैन में महाकाल का हुआ विशेष श्रृंगार

आखिरी सावन सोमवार...

शिवालयों में आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। सावन के आखिरी सोमवार पर देशभर के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। महादेव की अर्चना के लिए लंबी-लंबी कतारें नजर आईं। झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की करीब 4 किलोमीटर लंबी कतार तो काशी में बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए 2 किमी लंबी लाइन लगी थी। उज्जैन के महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर में रात से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गई थी। हरिद्वार, उत्तराखंड, प्रयागराज, यूपी में बड़ी संख्या में कांवड़िए भी भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य स्नान भी किया।





महाकाल की धूमधाम से निकाली गई सवारी

महाकालेश्वर मंदिर में रात 2:30 बजे भस्म आरती के लिए कपाट खोले गए। इसके बाद भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान को चांदी के त्रिशूल, मुकुट और आभूषण धारण कराए गए। शाम को बाबा महाकाल की सवारी निकाली गई। यहां पुलिस के जवानों ने बाबा की सवारी को गार्ड ऑफ ओनर दिया।

खबर संक्षेप

शाह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन का आगाज



हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। देश में आंतरिक सुरक्षा और उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए नौवां राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन सोमवार को नई दिल्ली में शुरू हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। सम्मेलन में देशभर के विभिन्न सुरक्षा बलों और पुलिस संगठनों के 850 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से शामिल होकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े समसामयिक मुद्दों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

देश को कोसना अधिकार समझते हैं राहुल : योगी



लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी के 'मनुस्मृति की बेड़ियों' से महिलाओं को मुक्त होने वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने सोमवार को रायबरेली में कहा कि राहुल गांधी देश को कोसना अपना अधिकार समझते हैं। वे अर्बन नक्सलियों के हाथों देश को बर्बाद करना चाहते हैं। अगर वे मनुस्मृति को समझना चाहते हैं तो अथर्ववेद पढ़ें। राहुल गांधी ने शनिवार को पुणे में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में महिलाओं की आजादी और पितृसत्ता के मुद्दे पर एक घंटा 16 मिनट बात की थी।

महुआ को राहत गिरफ्तारी पर रोक



कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी। यह वारंट कृष्णानगर की एक अदालत ने उनके पेश न होने पर जारी किया था। जस्टिस देबांग्सु बसाक और जस्टिस आर्यक दत्त की बेंच ने आदेश दिया कि इस मामले पर 27 अगस्त को फिर से सुनवाई होगी। उस दिन नादिया जिला अदालत में चल रहे मामले में शिकायतकर्ता की बात सुनी जाएगी। मोइत्रा पर वहां महिलाओं का अपमान करने और नफरत फैलाने वाले भाषण देने का आरोप है। बेंच ने अगले आदेश तक मोइत्रा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी।

'पंजाब में सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी बीजेपी'



हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। पंजाब के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष ने सोमवार को पटियाला में पहली जोनल मीटिंग अटैंड की। उन्होंने इस मीटिंग में एक बड़ा ऐलान किया। दरअसल, बीएल संतोष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीएल संतोष का यह बयान ऐसे समय आया है जब इस बात की अटकलें सबसे ज्यादा लगाई जा रही हैं कि पंजाब में बीजेपी और अकाली दल का गठबंधन हो सकता है।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा!

सेनापति जिले में बढ़ा तनाव, हथियारबंद समूहों के बीच गोलीबारी

भीड़ ने फूंके कई घर, गोलीबारी में सीआरपीएफ जवान घायल

मणिपुर के सेनापति जिले में सोमवार को एक बार फिर हिंसा भड़कने से तनाव बढ़ गया है। तफौ इलाके में दो घरों को कथित तौर पर आग के हवाले किए जाने के बाद हथियारबंद समूहों के बीच गोलीबारी हुई। इस दौरान सीआरपीएफ के एक जवान को गोली लग गई। हालात को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं। स्थानीय लोगों को इलाके से निकालने की खबर भी सामने आई है।

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर में सोमवार को फिर जातीय हिंसा भड़क गई। मकानों में आगजनी के बाद दो सशस्त्र समूह आपस में भिड़ गए। इनके बीच जमकर गोलीबारी हुई। इसी दौरान, अधिकारियों के मुताबिक, 36वीं बटालियन सीआरपीएफ के एसआई/जीडी प्रदीप सिंह के बाएं पैर में गोली लगी। घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब इलाके में हथियारबंद समूहों के बीच फायरिंग हो रही थी। घायल जवान को इलाज के लिए सेनापति अस्पताल ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इनमें से एक घर कुकी समुदाय के व्यक्ति का और दूसरा पुमाई नागा समुदाय के व्यक्ति का था। हालांकि, आगजनी किसने की और इसके पीछे क्या वजह थी, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। हालात बिगड़ने की आशंका के बीच अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तफौ भेजा गया।

अलग-अलग समुदायों के घरों में आगजनी से बढ़ा विवाद



कुकी समूह पर आरोप

कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि हथियारबंद कुकी समूह लियांगमाई नागा गांव पर हमला कर रहे हैं। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। इसी बीच सेनापति मुख्यालय के पास प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे-2 यानी इम्फाल-दिमापुर मार्ग को भी जाम कर दिया। सामने आई तस्वीरों में सड़क पर जलते टायर और मलबा दिखाई दे रहे हैं। इस मामले पर तफौ कुकी विलेज अथॉरिटी ने कुकी समुदाय के घर में आग लगाए जाने की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इसे बेहद निंदनीय और अस्वीकार्य बताते हुए प्रशासन से जिम्मेदार लोगों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

नागा और कुकी समुदाय के बीच चल रहा विवाद

यह घटना ऐसे समय हुई है जब इलाके में नागा और कुकी समुदायों के बीच तनाव पहले से बना हुआ है। इससे पहले 13 मई को नोनी और कांगपोकपी में दो अलग-अलग हमलों में चार लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद बदले की हिंसा में दोनों समुदायों के 48 नागरिकों को कथित तौर पर बंधक बनाया गया। करीब एक महीने बाद बंधक रिहा हुए, लेकिन बाद में कांगपोकपी के पास छह नागा लोगों के शव मिले. फिलहाल एनआईए मामले की जांच कर रही है। बता दें कि जुलाई में भी चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

विलेज अथॉरिटी की चेतावनी और मांगें

घटना के बाद ताफू कुकी विलेज अथॉरिटी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर घर में की गई आगजनी और तोड़फोड़ की कड़े शब्दों में निंदा की है। संस्था ने इसे 'अमानवीय और अस्वीकार्य' करार दिया। विलेज अथॉरिटी ने आगजनी में शामिल लोगों को 24 घंटे के भीतर जिम्मेदारी स्वीकार करने और 'कुकी कस्टमरी लॉ' (कुकी पारंपरिक कानून) के तहत मामले को सुलझाने की चेतावनी दी है। जिला प्रशासन और पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। अथॉरिटी ने कहा कि दी गई सीमा के बाद होने वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए वह जिम्मेदार नहीं होगी।

रियाल में लेगा पेमेंट, बदले में देगा सुरक्षा-इंश्योरेंस

ईरान होर्मुज में जहाजों से टोल वसूलेगा, संसद में प्रस्ताव पास

एजेंसी ▶▶| इतेहरान

ईरान की संसद ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल यानी टैक्स या फीस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जिन देशों के जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति होगी, उनसे समुद्री सेवाओं के बदले शुल्क लिया जाएगा। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता हसन काशकवी के मुताबिक, फीस के बदले समुद्री सेवाएं, सुरक्षा और इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके अलावा पर्यावरण संबंधी सेवाएं और खास परिस्थितियों में ईंधन भी दिया जाएगा। भुगतान ईरानी रियाल या ईरान की पसंद की किसी दूसरी करेंसी में किया जा सकेगा।



ईरान के खिलाफ आर्थिक जंग शुरू : अमेरिका

इधर, अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन अब ईरान के खिलाफ आर्थिक जंग के आखिरी दौर में पहुंच गया है। बेसेंट के मुताबिक अमेरिका का मकसद ईरान की कमाई के बड़े रास्ते बंद करना है। बेसेंट ने कहा कि अमेरिका ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए अपनी सभी सरकारी एजेंसियों और अधिकारों का इस्तेमाल करेगा। इससे पहले ट्रम्प ने इसे किसी विरोधी देश के खिलाफ सबसे बड़ी आर्थिक कार्रवाई बताया था और दूसरे देशों से ईरान को अलग-थलग करने में साथ देने की अपील की थी।

ईरान की खाड़ी देशों को चेतावनी

ईरान ने अमेरिका की आर्थिक कार्रवाई में साथ देने वाले खाड़ी देशों को चेतावनी दी है। ईरान के नए राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख मोहसिन रेजाई ने कहा कि जो देश ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने में अमेरिका का साथ देगा, उसे दुश्मन माना जाएगा। ईरान के एक सीनियर अधिकारी ने दावा किया है कि तेहरान को मक्का एग्रीमेंट में शामिल होने का न्योता मिला है। ईरानी संसद से जुड़े मेहदी रहीमी ने शनिवार को ईरानी न्यूज चैनल अल मयादीन से बातचीत में यह जानकारी दी। रहीमी के मुताबिक, ईरान को इस समझौते में शामिल होने का न्योता मिला है और मामले पर अभी विचार किया जा रहा है।

कश्मीरी पंडितों को आतंकियों की धमकी

नाम और पते पर भेजे गए लेटर, लिखा हद में रहो, तुम्हारी हर हरकत पर है नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आतंकियों ने कश्मीरी पंडितों को दशकों बाद एक बार फिर से धमकाया है और लेटर भेजकर धमकी दी गई है। लेटर भी नाम के साथ पते पर भेजे गए हैं। लेटर में कश्मीरी पंडितों के मकान नंबरों और गली नंबरों तक का जिक्र किया गया है। पूरे नाम-पते के साथ डिटेल में स्टैम्प वगैरा लगाकर लेटर भेजने की प्रक्रिया पूरी की गई है, यानी आतंकियों ने बिना किसी डर के सरेआम कश्मीरी पंडितों को धमकाया है और बुरा अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई है।



यूनाइटेड लिबरेशन काउंसिल ने भेजा लेटर

कश्मीर पुलिस और प्रशासन अधिकारियों का कहना है कि लेटर में अहमद बिलाल नामक शख्स के साइन हैं। 2 लेटर भेजे गए हैं, लेकिन किसने और कहां से भेजे हैं? इसका सुराग अभी तक नहीं मिला है, जल्दी पता लगा लेंगे। प्राथमिक जांच के अनुसार, लेटर यूनाइटेड लिबरेशन काउंसिल ने भेजा है, लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी है। जो कश्मीरी पंडितों को धमकाकर डरा रहा है। अब से पहले भी कश्मीरी पंडितों को धमकी भरे लेटर भेजे गए थे, जिनमें फोन नंबर लिखे थे।

लेटर में कश्मीरी पंडितों को गद्दार लिखा

आतंकियों ने लेटर में लिखा है कि कश्मीरी पंडित गद्दार हैं और दिल्ली में बैठे सरकार में शामिल अपने मालिकों के कहने पर, उनके इशारे पर काम कर रहे हैं। जो कश्मीरी पंडित जम्मू-कश्मीर को छोड़कर नहीं गए थे, वे अपने आप को सुरक्षित समझें. लेकिन जो कश्मीरी पंडित जम्मू-कश्मीर छोड़कर चले गए हैं, वे **RSS** एजेंट बन गए हैं और **RSS** का एजेंडा चला रहे हैं। पहले भी चेतावनी दी थी, ध्यान रहे कि कश्मीरी पंडितों की हर हरकत पर हमारी नजर है।

कौन हैं कश्मीरी पंडित, क्यों किया पलायन?

कश्मीरी पंडित कश्मीर घाटी के मूल निवासी हैं और हिंदू समुदाय के लोग हैं, जो सारस्वत ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। 1990 के दशक में आतंकवाद और हिंसा के कारण लाखों कश्मीरी पंडितों को कश्मीर घाटी से पलायन करना पड़ा था। कश्मीर घाटी से पलायन के बाद कश्मीरी पंडित जम्मू, दिल्ली और देश के अन्य शहरों में जाकर बस गए थे। आज भी लाखों कश्मीरी पंडित निर्वासितों की जिंदगी जी रहे हैं और कश्मीर वापस आने के नाम तक से डरते हैं।

हादसा... पुल से नीचे गिरा ट्रैक्टर...



धार। मध्य प्रदेश के धार ज़िले में सोमवारको कांवड़ियों को ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पुल से नीचे गिरने के बाद लोग उसका मलबा देखते हुए जमा हुए।

द्रोणाचार्य अवॉर्डी पर यौन शोषण का आरोप, पाक्सो में केस दर्ज

मुंबई। मुंबई के विले पार्ले से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक जिम्नास्टिक कोच ने नाबालिग छात्रा का यौन शोषण करने की कोशिश की। नाबालिग ने मुंबई के विले पार्ले पुलिस स्टेशन में मामाला दर्ज कराया। नाबालिग की शिकायत के बाद जिम्नास्टिक कोच के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज दर्ज किया गया है। जिम्नास्टिक कोच राष्टपति द्रौपदी मूर्मू द्रोणाचार्य अवार्ड से हो सम्मानित किया जा चुका है। आरोपी जिम्नास्टिक कोच का नाम गणेश देवरुखकर है। इस घटना ने सनसनी मचा दी है।

डाक सेवाओं को डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम, डाक सेवा और डाक मित्र ऐप लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने सोमवार को नई दिल्ली में डाक विभाग के नए रूप में तैयार किए गए डाक सेवा ऐप और डाक मित्र ऐप का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने 10 राज्यों में स्थित 14 डाकघरों के नवीनीकृत भवनों का भी उद्घाटन किया। इन पहलों को भारतीय डाक को अधिक आधुनिक, सुलभ और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। संचार मंत्रालय के अनुसार, नए रूप में तैयार डाक सेवा ऐप के माध्यम से डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं को नागरिकों के लिए अधिक सरल और सुगम बनाया जाएगा। वहीं, डाक मित्र ऐप का उद्देश्य ग्रामीण डाक सेवकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने कार्यों को अधिक सरलता और तेजी से पूरा कर सकें। सिंधिया ने कहा कि यह उपलब्धि डाक विभाग के आधुनिकीकरण के लगातार प्रयासों को दर्शाती है।



डाक विभाग के राजस्व में 22 प्रतिशत की वृद्धि

कार्यक्रम में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारतीय डाक के राजस्व में हुई वृद्धि का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में डाक विभाग ने चार हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2025-26 की इसी अवधि की तुलना में 22 प्रतिशत की सालाना वृद्धि है।

सुकन्या समृद्धि योजना के करीब चार करोड़ खाते

सिंधिया ने बताया कि देश में सुकन्या समृद्धि योजना के करीब चार करोड़ खाते संचालित हो रहे हैं। इन खातों में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। उन्होंने कहा कि डाक विभाग की व्यापक पहुंच के कारण सरकार की विभिन्न वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को देश के दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद मिल रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों से मांगा जवाब

देश की हर सड़क पर बने अतिक्रमण मुक्त फुटपाथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को एक बड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि देश में जहां भी सड़कें हैं, वहां पैदल चलने वालों के लिए अलग जगह तय होनी चाहिए। इस जगह पर किसी भी तरह का कब्जा नहीं होना चाहिए। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार के वकील को इस संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस काम के लिए किसी बड़े बजट या निर्माण की जरूरत नहीं है। सरकार रस्सी या किसी अन्य तरीके से भी पैदल चलने वालों के लिए रास्ता अलग कर सकती है। बस यह सुनिश्चित किया जाए कि गाड़ियां उस रास्ते में न आएं। दुकानों का कब्जा भी नहीं होना चाहिए।

कोर्ट ने केंद्र को इस पर कदम उठाने के लिए दो हफ्ते का दिया है समय



फुटपाथ पर पहला अधिकार किसका?

कोर्ट ने केंद्र को इस पर कदम उठाने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। कोर्ट का कहना है कि पैदल यात्रियों में यह भरोसा होना चाहिए कि वे गाड़ियों के डर के बिना आराम से चल सकते हैं। इससे पहले 19 जून को सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि साफ और सुरक्षित फुटपाथ पर चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। यह अधिकार अनुच्छेद 19(1)(**d**) के तहत मिलने वाली घूमने-फिरने की आजादी और अनुच्छेद 21 के तहत मिलने वाले जीवन के अधिकार का हिस्सा है। कोर्ट ने माना कि फुटपाथ पर पहला अधिकार गाड़ियों का नहीं, बल्कि पैदल चलने वालों का है।

चलना भी है मौलिक अधिकार

इससे पहले 19 जून को एक दुखद सड़क हादसे के मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि फुटपाथ पर सुरक्षित चलना संविधान के अनुच्छेद 19(1)(डी) और अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के तहत नागरिकों का मौलिक अधिकार है। सड़कों पर गाड़ियों की तुलना में पैदल चलने वालों का अधिकार प्राथमिक और पहला है।

लापरवाही पर कानूनी कार्रवाई

सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि नगर निगम, शहरी विकास प्राधिकरण, नगरपालिकाएं और पंचायतें सड़कों और फुटपाथों का रखरखाव करने के लिए जिम्मेदार हैं। यदि कोई संस्था या प्राधिकरण फुटपाथ की सही व्यवस्था नहीं करता या उस पर अतिक्रमण होने देता है, तो नागरिक कानूनी मदद ले सकते हैं और मुआवजे की मांग भी कर सकते हैं।

रायपुर
मंगलवार 25 अगस्त 2026
श्रावण शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 35
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.5
न्यून. 24.7

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

जंगल में प्लास्टिक बैन, कचरा फैलाया तो 500 से 1000 तक जुर्माना

प्लास्टिक के कारण जंगल खराब होने के साथ इसका अन्य वन्यजीवों पर प्रतिकूल असर पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

संरक्षित वनक्षेत्र को साफ सुथरा प्रदूषण मुक्त रखने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ मुख्यालय ने प्लास्टिक कचरा फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने का आदेश जारी किया है। डिप्टी रेंजर से लेकर फॉरेस्ट गार्ड तक को जुर्माना वसूली का अधिकार दिया गया है। आदेशानुसार पहली दफा पकड़े जाने पर पांच सौ रुपए तथा दूसरी दफा एक हजार रुपए वसूले जाएंगे। विभाग ने यह आदेश 19 अगस्त को जारी किया है। संरक्षित वनक्षेत्र में प्लास्टिक कचरा के प्रभावी नियंत्रण नहीं कर पाने की वजह से विभाग को आदेश जारी करना पड़ा है। वनक्षेत्र में फैलाए प्लास्टिक कचरा में भोजन की तलाश में शाकाहारी वन्यजीव आकर्षित होते हैं। इस कारण वन्यजीवों के प्लास्टिक कचरा के संपर्क में आने से बीमार पड़ने के साथ संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। इसके अलावा प्लास्टिक कचरा के कारण जंगल खराब होने के साथ इसका अन्य वन्यजीवों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए संरक्षित वनक्षेत्रों में प्लास्टिक कचरा फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी।



जुर्माना लगाने का अधिकारी डिप्टी रेंजर से फॉरेस्ट गार्ड लगा सकेंगे

टाइगर रिजर्व, नेशनल पार्क तथा अभयारण्य के लिए आदेश

प्लास्टिक कचरा फैलाने रोकने यह है आदेश

संरक्षित क्षेत्र के प्लास्टिक कचरा से मुक्त रखने नान बायोडिग्रेडेबल मटेरियल में सिंगल यूज प्लास्टिक के विक्रय, वितरण, परिवहन, संग्रहण पर रोक लगाई गई है। प्लास्टिक कचरा फैलाते पहली दफा पकड़े जाने पर पांच सौ रुपए तथा दूसरी दफा पकड़े जाने पर एक हजार रुपए जुर्माना लगाए जाने आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार संरक्षित वनक्षेत्र में कारोबार करने वाले दुकानदारों द्वारा प्लास्टिक कचरा फैलाए जाने पर उनके खिलाफ 25 हजार रुपए तक जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से विनिर्मितओं पर एक लाख रुपए जुर्माना वसूलने का प्रावधान किया गया है।

पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में यह है नियम

मध्य प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों और टाइगर रिजर्वों में सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित है। यहां भी नियमों का उल्लंघन करने पर 500 रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक जुर्माना का प्रविधान किया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्क प्रबंधन बायोडिग्रेडिबल पदार्थ से बनी पानी की बोतल, कपड़े के बैग पर्यटकों को सशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे पर्यटक पार्क में प्लास्टिक बैग न ले जा पाएं। कपड़े के बैग स्व-सहायता समूह के सदस्यों से तैयार करवाए जाते हैं। इस तरह ईको पर्यटन से स्थानीय समुदाय की आजीविका के साधन उपलब्ध होते हैं।

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

तस्कर से 1.08 करोड़ की स्मैक बरामद

मुजफ्फरनगर। शामली पुलिस ने थानाभवन थाना क्षेत्र में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर



उसके कब्जे से 450 ग्राम स्मैक बरामद की है। इसकी कीमत एक करोड़ आठ लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। पुलिस ने रविवार रात थानाभवन थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए फारुख को गिरफ्तार किया।

ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार चार की मौत

पटना। बिहार के सारण जिले में एक अनियंत्रित ट्रक के ई-रिक्शा में टक्कर मार देने से चार लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना रविवार रात भेल्दी थाना क्षेत्र में मुजफ्फरपुर-छपरा मार्ग पर सोनहो टोल प्लाजा के पास हुई। एक ट्रक अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराया और फिर उसने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में सवार पांच लोग चिकित्सक से परामर्श लेकर लौट रहे थे।

क्लोरीन गैस का रिसाव मची अफरा-तफरी

नागपुर। नागपुर में एक जल शोधन संयंत्र में क्लोरीन गैस का रिसाव होने से आसपास के इलाकों



में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई। गोदहनी गांव स्थित जल शोधन संयंत्र में रविवार देर रात करीब एक बजे 900 किलोग्राम क्षमता वाले क्लोरीन गैस सिलेंडर से रिसाव हुआ, जिसके बाद कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आईईडी बरामदगी मामले में तीन लोग गिरफ्तार

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में एक 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) की बरामदगी के मामले में पंजाब के रहने वाले तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तरन तारन के सरहाली गांव निवासी लवप्रीत सिंह (19), तरन तारन के देवबाथ गांव निवासी जशनप्रीत सिंह उर्फ जशनदीप (21) और अमृतसर के तरसिक्का गांव निवासी प्रभप्रीत सिंह उर्फ प्रभ (19) के रूप में हुई है।

अभिनेत्री व मिमिक्री कलाकार आशा का निधन

नई दिल्ली। 'महाभारत', 'बाजीगर' और 'बॉबी जासूस' जैसी फिल्मों एवं धारावाहिकों में अभिनय के लिए जानी जाने वाली



वरिष्ठ चरित्र अभिनेत्री आशा सिंह जायसवाल का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मिमिक्री कलाकार के तौर पर भी पहचान रखने वाली आशा सिंह जायसवाल का 22 अगस्त को मुंबई में निधन हुआ।



देश के कई इलाकों में भारी बारिश से हाहाकार

उत्तरभारत में बाढ़, दिल्ली में भारी बारिश से 20 उड़ानें रद्द, 280 लेट

उत्तरभारत बारिश ने आफत खड़ी कर दी है। उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, ओडिशा, बिहार समेत कई राज्य बाढ़ की चपेट में हैं। छत्तीसगढ़ में भी जनजीवन प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में सोमवार को भारी बारिश हुई। इस बीच, खराब मौसम के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर कम से कम 15 विमानों का रूट डायवर्ट किया गया वहीं 280 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। इसके साथ ही 20 से अधिक उड़ानों को रद्द करना पड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईएमडी ने दिल्ली में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए अगले कुछ घंटों में बादलों की गरज और बिजली की चमक के साथ तेज बारिश और 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है। दिल्ली में तेज बारिश हुई और शहर के कुछ हिस्सों में आंधी आई, बिजली चमकी और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। जिसकी वजह से 12 उड़ानों को जयपुर, दो को चंडीगढ़ और एक उड़ान को लखनऊ भेजा गया। विमानन कंपनी इंडिगो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में खराब मौसम के कारण उड़ानें प्रभावित हुई हैं और कंपनी स्थिति पर नजर रख रही है। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर कहा, खराब मौसम के कारण आज दिल्ली आने-जाने वाली उड़ानों का संचालन प्रभावित हो सकता है। उड़ानों की आवाजाही पर नजर रखने वाली वेबसाइट के आंकड़ों से पता चला है कि हवाई अड्डे पर 280 से अधिक उड़ानों में देरी हुई और 20 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन होता है।

दिल्ली में आईएमडी ने जारी किया रेड और ऑरेंज अलर्ट



यूपी में 19 जिलों में बाढ़ मध्य प्रदेश में तेज बारिश

उत्तरप्रदेश के 19 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। प्रयागराज के दारागंज घाट का शमशान डूब गया, जिससे सड़कों पर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश के जबलपुर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में तेज बारिश हुई। अशोकनगर में युवक बाइक समेत बह गया। प्रदेश के 22 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट है।

छत्तीसगढ़ समेत इन 25 राज्यों में अलर्ट



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 25 अगस्त को पूरे 25 राज्यों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। इन 25 राज्यों में छत्तीसगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह हैं।



रात तक चला अभियान

नाले के तेज बहाव में फंसे चार ग्रामीणों का रेस्क्यू

देवभोग/मैनपुर। तेल नदी से कटकर बने टिकरापारा नाले में बाढ़ के बीच फंसे चार ग्रामीणों को रविवार- सोमवार की दरमियानी रात देवभोग पुलिस, डायल-112 और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर रात करीब दो बजे सकुशल बचा लिया गया। ग्रामीणों ने डायल-112 को सूचना दी थी कि टिकरापारा नाले में चार लोग बाढ़ के पानी के बीच फंस गए हैं। सूचना मिलते ही थाना देवभोग पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। साथ एसडीआरएफ गरियाबंद की टीम को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। तेज बहाव और रात के अंधेरे जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद टीम ने लगातार प्रयास जारी रखा। आखिरकार रात करीब दो बजे चारों ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की।

सूरजपुर में कार्रवाई के बाद खुलासा

म्यूल अकाउंट से देशभर में 113 करोड़ की ठगी



एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

सूरजपुर जिले में पुलिस ने म्यूल अकाउंट के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जिनके द्वारा एजुकेशन वेलफेयर के नाम पर संचालित आकाउंट को ठगों को उपलब्ध कराया गया और उस खाते में ठगों द्वारा राशि ट्रांसफर की गई। म्यूल अकाउंट से ठगी का यह नेटवर्क देशभर में जुड़ा हुआ है और इसमें लगभग 150 खातों से लगभग 113 करोड़ रुपए की ठगी की बात सामने आई है। पुलिस म्यूल ⏭शेष पेज 7 पर

150 खातों से की गई ठगी

साइबर ठगों के इस गिरोह ने म्यूल अकाउंट के माध्यम से देशभर में लगभग 150 खातों से 113 करोड़ रूपए की ठगी को अंजाम दिया है। यह ठगी देशभर के 21 राज्यों में हुई है। हालांकि अब तक सरगुजा में इस गिरोह द्वारा ठगी किए जाने की पुष्टि नहीं हुई है और अगर ठगी हुई भी होगी तो एफआईआर दर्ज नहीं है। आरोपियों ने ठगों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराए और रकम का आदान प्रदान किया।

एक गिरफ्तार, दूसरे की तलाश

म्यूल अकाउंट को लेकर चल रही कार्रवाई के दौरान हमें अकाउंट से संबंधित जानकारी मिली थी। खाता डीएन चक्रधारी एजुकेशनल वेलफेयर एसोसिएशन नामक संस्था के नाम पर दर्ज है। कुल ठगी 113 करोड़ की है जो देश के अलग अलग राज्यों में 150 खातों से हुई है। प्रारंभिक जांच में उक्त खाते से 45 लाख रूपए आने की पुष्टि हुई है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि दूसरे की तलाश चल रही है और मामले की जांच जारी है। -योगेश पटेल, एसपी, सूरजपुर

रेलवे का बड़ा फैसला

अब 24 कोच के साथ दौड़ेंगी ट्रेनें, वेटिंग लिस्ट होगी खत्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रेलवे अब उन मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों के लिए ज्यादा जगह बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। योजना के तहत मौजूदा 22 कोच वाली ट्रेनों में दो और कोच जोड़े जाने हैं। इसका मतलब है कि कई ट्रेनों में यात्रियों को 24 कोच की क्षमता मिल सकती है।

गोरखपुर-एलटीटी सुपरफास्ट से परीक्षण

रेलवे बोर्ड के फैसले को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया पूर्वोत्तर रेलवे में शुरू हो चुकी है। गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली ट्रेन संख्या 20104 एलटीटी सुपरफास्ट में दो अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं। यह व्यवस्था फिलहाल परीक्षण के तौर पर की गई है। रेलवे के यांत्रिक विभाग ने आगे की तैयारियों पर काम शुरू कर दिया है। बोर्ड के निर्देश के मुताबिक दो कोच स्थायी तौर पर जोड़े जाने हैं।

सीएम साय ने बच्चों से किया आत्मीय संवाद..



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने योजना के अंतर्गत अध्ययनरत बच्चों से आत्मीय संवाद किया और शिक्षा, खेल, कला तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत 1 लाख 45 हजार 841 श्रमिकों को 39 करोड़ 67 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई।

36 नवजात शिशुओं को बचाया

अस्पताल में आग से तीन शिशुओं की मौत, होगी उच्चस्तरीय जांच

एजेंसी ⏭ अमरावती

महाराष्ट्र के अमरावती शहर में सोमवार तड़के एक सरकारी अस्पताल की नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में आग लगने से तीन शिशुओं की मौत हो गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। अमरावती के पुलिस आयुक्त राकेश ओला ने बताया कि जिला महिला अस्पताल में हुई इस घटना के बाद 36 अन्य नवजात शिशुओं को सुरक्षित बचा लिया गया।



अस्पताल में भर्ती थे 39 शिशु

अमरावती के पुलिस आयुक्त राकेश ओला ने बताया कि कुल 39 शिशु भर्ती थे। एनआईसीयू के तीन हिस्से हैं। इनमें एक एनआईसीयू में एक अस्पताल में जन्मे शिशुओं, दूसरा बाहर से आए शिशुओं और तीसरा अस्पताल से छुट्टी दिए जाने के लिए तैयार बच्चों की देखभाल के लिए है।

भारतीयों पर सीधा असर

अमेरिका का नया एच-1बी प्लान 98 लाख से ज्यादा फीस की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने नए एच-1बी वीजा पर 1,03, 265 डॉलर (98,62,250 रुपए) का शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। सोमवार को जारी प्रस्तावित नियम के अनुसार, अत्यधिक कुशल विदेशी कर्मचारियों के लिए नए एच-1बी वीजा पर यह भारी शुल्क लागू किया जा सकता है। अगर लागू हो गया तो सबसे अधिक भारतीयों पर इसका असर पड़ेगा। बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने पिछले साल एक अस्थायी आदेश के जरिए यह शुल्क लगाया था।

अभी क्या है व्यवस्था?

अभी एच-1बी वीजा पर विभिन्न परिस्थितियों के आधार पर आमतौर पर एक लाख से 4.50 लाख रुपए तक शुल्क लगता है। ट्रंप के पिछले आदेश से कुछ मामलों में लागत में भारी बढ़ोतरी हुई थी। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, फरवरी के अंत तक करीब 70 नियोक्ताओं ने 85 वीजा आवेदनों के लिए एक लाख डॉलर का शुल्क भुगतान किया था।

उद्योग संगठन इस्मा ने कीमतें कम होने की जताई उम्मीद

चीनी की देश में कोई कमी नहीं, जल्द होगी सस्ती!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चीनी की कीमतों में अचानक आए उछाल के बीच उद्योग संगठन इस्मा ने सोमवार को कहा कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है। शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति देने तथा कारोबारियों एवं थोक उपभोक्ताओं पर भंडारण सीमा लगाने से आने वाले दिनों में खुदरा कीमतें घटने की उम्मीद है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को चीनी की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 63.05 रुपए प्रति किलोग्राम रही, जो एक महीने पहले के 48.73 रुपए से 29 प्रतिशत अधिक है। अधिकतम खुदरा कीमत 75 रुपए और मॉडल कीमत करीब 65 रुपए प्रति किलोग्राम रही। भारतीय चीनी एवं ⏭शेष पेज 7 पर

35 लाख टन चीनी का भंडार रहने का अनुमान

शिरगांवकर ने सितंबर के अंत में करीब 35 लाख टन चीनी का भंडार रहने का अनुमान जताया। उन्होंने कहा, एथनॉल में इस्तेमाल की गई चीनी को ध्यान में रखने के बाद भी यह सामान्य घरेलू मांग के लिहाज से पर्याप्त सुरक्षित भंडार है। उन्होंने कहा कि 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति, कारोबारियों एवं थोक उपभोक्ताओं के लिए भंडारण सीमा, कुछ राज्यों में विशेष पेराई तथा नए सत्र की जल्दी शुरुआत से घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।



मौसम का प्रभाव और आपूर्ति में कमी

शिरगांवकर ने कहा कि हालिया तेजी मौसम संबंधी प्रभाव, त्योहारी मांग, वैश्विक आपूर्ति में कमी और सबसे महत्वपूर्ण रूप से कीमत बढ़ने की उम्मीद में भंडारण के कारण आई है, न कि वास्तविक आपूर्ति की कमी से। सकल चीनी उत्पादन का शुरुआती अनुमान 345 लाख टन था, लेकिन मौसम संबंधी कारणों, गन्ने की कम पैदावार और गन्ने से चीनी निकलने की कम दर के कारण इसे घटाकर करीब 309 लाख टन कर दिया गया।

एथनॉल के लिए इस्तेमाल पर इंकार

शिरगांवकर ने कीमतों में वृद्धि के लिए एथनॉल उत्पादन में चीनी के इस्तेमाल को जिम्मेदार मानने से इंकार किया। उन्होंने कहा कि 2025-26 सत्र में अब तक करीब 29 लाख टन चीनी एथनॉल के लिए इस्तेमाल हुई है और पूरे सत्र में यह करीब 30 लाख टन रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ब्राजील में चीनी उत्पादन के अनुमान में कमी से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और अंतरराष्ट्रीय कीमतें जून में करीब 474 डॉलर प्रति टन से बढ़कर अगस्त में करीब 552 डॉलर प्रति टन हो गई हैं।

नहीं भेजे जाएंगे प्रश्नपत्र, ईमेल पर 30 मिनट पहले मिलेगी सॉफ्टकॉपी, इसके प्रिंटआउट से ही परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि अब संबद्ध महाविद्यालयों को प्रश्नपत्र प्रेषित नहीं करेगा। इसके स्थान पर महाविद्यालयों के प्राचार्य को प्रश्नपत्र ईमेल किए जाएंगे। ये ईमेल भी पासवर्ड प्रोटेक्टेट रहेंगे। अर्थात ईमेल में लॉग-इन करने के बाद उक्त मेल को खोलने के लिए पुनः पासवर्ड की आवश्यकता होगी। ये पासवर्ड विवि द्वारा प्राचार्यों को ही उपलब्ध कराए जाएंगे। ईमेल पर प्राप्त प्रश्नपत्रों के प्रिंटआउट निकालकर छात्रों को वितरित किए जाएंगे।

खास खबर

20 अगस्त को लीक हुए कीट विज्ञान के प्रश्नपत्र पश्चात आगमी सभी परीक्षाओं के लिए यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। भविष्य की परीक्षाओं के लिए पृथक रणनीति बनाई जा रही है, ताकि पुनः इस तरह की स्थिति निर्मित ना हो।

गौरतलब है कि बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष की कीट विज्ञान की परीक्षा 20 अगस्त को आयोजित की गई थी। परीक्षा आयोजित होने के कुछ घंटे पहले ही लीक प्रश्नपत्र सोशल साइट्स में वायरल हो गए थे। जांच में इसके पूर्व आयोजित परीक्षाओं के प्रश्नपत्र भी लीक होने की जानकारी सामने आई।

ईमेल भी होगा पासवर्ड प्रोटेक्टेट, प्राचार्य ही खोल सकेंगे मेल



नकल प्रकरण के बाद कृषि विवि ने बदली व्यवस्था

उच्च तकनीक का इस्तेमाल

पुलिस खुलासे के अनुसार, इस पूरे कांड का मास्टरमाइंड भारती एग्रीकल्चर कॉलेज, दुर्ग में पदस्थ प्रोफेसर योगेश सोनकेसरिया (38 वर्ष) है। आरोपी प्रोफेसर पिछले एक साल से रायपुर कृषि महाविद्यालय से उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने और आगामी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र ले जाने का काम कर रहा था। 17 अगस्त को आरोपी ने आगामी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र प्राप्त किए। इसके बाद वह 20 अगस्त को होने वाली कीटशास्त्र परीक्षा के प्रश्न पत्र का लिफाफा चुपके से अपने घर ले गया। वहां उसने सुई और नुकीले औजार से लिफाफे में छोटा छेद किया और मोबाइल कैमरे से प्रश्न पत्र की वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली। आरोपी ने यह लीक कंटेंट अपने ही कॉलेज के छात्र अजय नायक को 11,000 रुपए में बेचा, जिसके बाद यह प्रश्न पत्र अन्य छात्रों और सोशल मीडिया ग्रुप्स में वायरल हो गया। चूंकि पूरी घटना को अंजाम देने उच्च तकनीक का प्रयोग किया गया, इसलिए प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने भी उच्च तकनीकी विकल्प तलाशे जा रहे हैं।

2 आरोपी अभी भी फरार

100 से अधिक पुलिस टीमों ने डिजिटल साक्ष्य खंगाले। इसके बाद आरोपियों तक पुलिस पहुंच पाई। प्रकरण में 2 अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग तथा महाविद्यालयों के परीक्षा हॉल में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने आगामी बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके लिए बजट भी स्वीकृत किया जाएगा। विवि ने महाविद्यालयों को भी परीक्षा कार्य में पूर्ण सावधानी व पारदर्शिता बरतने निर्देश दिए हैं।

खबर संक्षेप

संपत्ति कर का भुगतान नहीं दो संस्थानों को किया सील



रायपुर। सोमवार को नगर निगम जोन 1 कमिश्नरी ने 2 बड़े बकायादारों पर 3,30,432 रुपए की बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर सीलबंदी की कार्रवाई की। उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा और जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देश पर बंजारी माता वार्ड अंतर्गत भनपुरी के शरफुद्दीन पर 1,34,233 रुपए और दयाराम शर्मा पर 1,96,219 रुपए, दो बड़े बकायादारों पर कुल 3,30,452 रुपए बकाया राशि नगर निगम को जमा नहीं किए जाने पर उनके संबंधित संस्थानों में सीलबंदी की कार्रवाई की गई। वहीं 1 अन्य बकायादार वल्ली ताई मुर्राभट्ठी द्वारा स्थल पर ही सीलबंदी कार्रवाई के दौरान 2,24, 654 रुपए के बकाया का तत्काल भुगतान जोन 1 राजस्व विभाग को कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम, राजस्व निरीक्षक आशीष शर्मा, संतोष साहू और सहायक राजस्व निरीक्षक धनेश यादव की उपस्थिति रही।

नक्सल डंप में मिली ऑटोमेटिक एसएलआर जिंदा कारतूस, जिलेटिन स्टिक व गन पाउडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोण्टा

भण्डारपदर के जंगल में नक्सली डंप मिला का भंडाफोड़

31 मार्च 2026 के नक्सल मुक्त बस्तर के बाद सुकमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना भेज्जी क्षेत्र के ग्राम भण्डारपदर एवं मुनुरकोंडा के जंगल-पहाड़ी इलाके में सर्चिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गए एक बड़े डम्प का पता लगाया। डम्प से बड़ी संख्या में हथियार, जिंदा कारतूस, बीजीएल सेल, जिलेटिन स्टिक, गन पाउडर सहित अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह कार्रवाई आत्मसमर्पित नक्सलियों से प्राप्त महत्वपूर्ण इंटेलिजेंस के आधार पर की गई। पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स रोहित शाह के मार्गदर्शन में जिला बल, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम ने 24 अगस्त को क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन और सर्चिंग अभियान चलाया।

खास खबर

492 जिंदा कारतूस बरामद

सुरक्षा बलों को डम्प से अलग-अलग हथियारों के कुल 492 जिंदा राउंड मिले हैं। इनमें एके-47 के 45, एसएलआर के 196, इंसास के 89, .303 रायफल के 97, .315 रायफल के 20 और 12 बोर के 45 जिंदा राउंड शामिल हैं। इसके साथ ही 66 बीजीएल कारतूस, 31 एके-47 के खाली खोखे, .303 के दो और 12 बोर के 10 खाली खोखे भी बरामद किए गए। डम्प से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई है। सुरक्षा बलों ने 240 जिलेटिन स्टिक, करीब 18 किलो गन पाउडर, 40 टाइगर बम पटाखे, 6 एक्सीलेटर प्लग और 5 देशी हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं। इसके अलावा 8 बड़े, 23 मध्यम और 58 छोटे बीजीएल सेल, 8 बीजीएल मुंडी सहित बड़ी मात्रा में बीजीएल संबंधी सामग्री भी बरामद हुई है।



ये हथियार हुए बरामद

सर्चिंग के दौरान मिले डम्प से कुल 23 हथियार बरामद किए गए। इनमें 1 एसएलआर रायफल, 1 .315 बोर रायफल, 1 .410 मस्केट, 6 बीजीएल लॉन्चर, 1 सिंगल शॉट रायफल, 1 .315 बोर देशी कट्टा, 5 नग 12 बोर रायफल और 7 भरमार बंदूक शामिल हैं। इसके अलावा एसएलआर एवं .303 की मैगजीन तथा बड़ी संख्या में बीजीएल से संबंधित सामग्री भी बरामद हुई है।

वर्दी और अन्य सामग्री मिली

डम्प से हथियार और विस्फोटकों के अलावा 7 जोड़ी काली वर्दी, 10 कमर पाउच, 32 काले और 22 हरे कमर बेल्ट, 11 व्हिसिल गार्ड, 7 मंकी कैप, 7 पिट्ठू बैग, 5 नीले ड्रम, 2 सोलर प्लेट, दवाइयां एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है।

31 मार्च के बाद बड़ी बरामदगी

सुकमा पुलिस के अनुसार 31 मार्च 2026 के बाद पहली बार जिले में इतनी बड़ी मात्रा में एक साथ हथियार, जिंदा कारतूस और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इस बरामदगी को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। लगातार चल रही एरिया डोमिनेशन और सर्चिंग के बीच जंगलों और दुर्गम इलाकों में पूर्व में छिपाकर रखे गए नक्सली डम्प अब सुरक्षा बलों के निशाने पर हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिल रही सूचनाओं के आधार पर ऐसे डम्प की तलाश तेज की जा रही है।

अतिरिक्त सतर्कता के साथ हो रही है सर्चिंग



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बारिश के मौसम को देखते हुए जंगलों, झाड़ियों और मिट्टी के नीचे छिपे संभावित विस्फोटकों को लेकर सुरक्षा बल विशेष सावधानी बरत रहे हैं। अभियान के दौरान जवानों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी संदिग्ध वस्तु को बिना विशेषज्ञ जांच के छूना या उसके साथ छेड़छाड़ करना बेहद खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों का सर्च अभियान लगातार जारी है। नक्सल डंप और विस्फोटक सामग्री की बरामदगी के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते निष्क्रिय किया जा सके।

एटीआर के लोरमी क्षेत्र की घटना

करील की तलाश में जंगल गए युवक पर बाघ का हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



■ 3 युवकों ने भाग कर बचाई जान

अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित वन क्षेत्र में प्रवेश करना एक ग्रामीण युवक को जान देकर कीमत चुकानी पड़ी। करील की तलाश में ग्राम बांधा के चार युवक सोमवार सुबह 7 बजे टाइगर रिजर्व के अंदर चले पहुंच गए। आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 98 के पहाड़ी क्षेत्र में एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल धरमजीत पिता राजेन्द्र धृतलहरे मौत हो गई, उसके तीन साथियों ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और एसटीपीएफ की टीमें में पहुंच जांच कर रही है।

मामले के अनुसार लोरमी एटीआर वन क्षेत्र के बफर जोन स्थित के सांवतपुर सर्किल जोगीपुर परिसर कक्ष क्रमांक 98 के पाड़ा डोगरी पहाड़ी जंगल में सोमवार की सुबह 8 बजे ग्राम बांधा निवासी धरमजीत दास 23 वर्ष पिता राजेन्द्र घृतलहरे एवं अन्य साथी भानूप्रसाद पिता नवरंग, शिवशंकर पिता राम सिंह ध्रुव, दशरत पिता राजेन्द्र घृतलहरे, रामफल पिता गया प्रसाद घृतलहरे के साथ जंगल से करील, पुटू की तलाशने गया था। सभी युवक जंगल में अलग जगहों पर करील की तलाश कर रहे थे, इस दौरान बाघ ने युवकों को दौड़ा दिया। सभी युवक बाघ की मौजूदगी पाकर भागने लगे लेकिन धरमजीत को बाघ ने धरदबोचा।

अस्पताल तक नहीं पहुंच पाया, तोड़ा दम

बांधा में युवकों ने ग्रामीणों को आपबीती सुनाई एवं वनविभाग को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम और अन्य ग्रामीणों ने जंगल में सर्चिंग कर घायल धरमजीत को ढूंढ निकाला। इस दौरान बाघ ने धरमजीत की गर्दन तोड़ दी थी, लेकिन कोर एरिया होने के कारण जंगल से अस्पताल पहुंचाते तक धरमजीत की मौत हो गई थी। वन विभाग ने एतिहात के तौर पर बांधा गांव के आसपास वन विभाग ने मुनादी कर दी है। विभाग ने कहा कि एटीआर में बाघों का विचरण जारी है ऐसे में जंगल जाने पर ग्रामीणों को मनाही की गई है।

प्रो. राजीव को राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड, देशभर से 21 का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर प्रो.राजीव चौधरी को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं पत्र सूचना कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक सूची में प्रो. चौधरी का नाम देशभर से चयनित 21 उत्कृष्ट शिक्षकों में शामिल किया गया है। आधिकारिक सूची में उन्हें शारीरिक शिक्षा एवं योग शिक्षा के क्षेत्र में चयनित किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान 5 सितंबर 2026 को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रो. राजीव चौधरी उच्च शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, योग, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में लंबे समय से उल्लेखनीय अकादमिक एवं सामाजिक योगदान दे रहे हैं।



शिक्षक दिवस पर होंगे सम्मानित, छग से एकमात्र

नवीन शोध व प्रयोग

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक सहभागिता तथा शारीरिक शिक्षा एवं योग के क्षेत्र में नवीन शोध एवं प्रयोग प्रमुख हैं। उनके कार्यों में शिक्षण-अधिगम की प्रभावशीलता, जनसंपर्क एवं विस्तार गतिविधियां, अनुसंधान, नवाचार, प्रायोजित शोध, संकाय विकास एवं परामर्शात्मक शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण आयामों का उल्लेखनीय समावेश रहा है। इन कार्यों के आधार पर उनका चयन पुरस्कार के लिए किया गया।

ग्रामीणों से की 1.75 करोड़ की ठगी, फरार

कुरूद। भखारा थाना क्षेत्र से धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां एक कियोस्क बैंक संचालक ने ग्रामीणों के भरोसे का फायदा उठाते हुए लगभग 1.75 करोड़ रुपये का गबन कर लिया और मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी केशवराम साहू भखारा क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक के कियोस्क सेंटर (ग्राहक सेवा केंद्र) का संचालन करता था। ग्रामीण अंचल के लोग बैंक में पैसे जमा करने और लेन- देन के लिए उस पर पूरी तरह भरोसा करते थे।

इसी भरोसे का फायदा उठाकर आरोपी ने सिस्टम का लूप होल खोजा और ठगी को अंजाम देना शुरू कर दिया। जब ग्रामीणों को अपने साथ हुई इस बड़ी ठगी का अहसास हुआ, तो उन्होंने तत्काल भखारा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच में अब तक लगभग 1 करोड़ 75 लाख रुपये से अधिक के गबन की बात सामने आई है। भखारा पुलिस ने आरोपी केशवराम साहू के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चीफ सेक्रेटरी से मांगा नया शपथपत्र

सिंगल यूज प्लास्टिक पर हाईकोर्ट करेगा मानिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथीन के इस्तेमाल पर हाईकोर्ट निगरानी रखेगा। मुख्य सचिव ने कोर्ट में शपथ पत्र पेश कर बताया कि मई और जून 2026 के दौरान पूरे प्रदेश में व्यापक स्वच्छता, जागरूकता और प्लास्टिक जब्ती अभियान चलाए गए। बिलासपुर में 386 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया, जबकि रायपुर में 7.26 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया। हाईकोर्ट ने इन प्रयासों को संतोषजनक बताया, लेकिन स्पष्ट किया कि मामले की मॉनिटरिंग जारी रहेगी। कोर्ट ने मुख्य सचिव से नए सिरे से शपथ पत्र मांगा है।



दरअसल रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने इस मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में बताया गया कि राज्य सरकार ने प्लास्टिक कैरी बैग, डिस्पोजेबल कप, प्लेट, गिलास, चम्मच, स्ट्रॉ, थर्माकोल की सजावटी सामग्री, 200 मिलीलीटर से कम क्षमता वाली पीईटी बोतलों और विज्ञापन में इस्तेमाल होने वाले फ्लेक्स-बैनर पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया है। हालांकि, दवाइयों की पैकेजिंग और 50 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाले दूध के पैकेट जैसी आवश्यक वस्तुओं को नियमों के तहत छूट दी गई है।

बुकिंग के बाद भी ग्राहकों को सिलेंडर नहीं देने की थी शिकायत

बालाजी गैस कंपनी में छापा, 939 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बुकिंग हो जाने के बाद लंबे समय तक ग्राहकों को सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराने संबंधी शिकायत पर सोमवार को मगरपारा स्थित बालाजी गैस कंपनी में छापामार कार्रवाई की गई। कलेक्टर के आदेश पर की गई उक्त कार्रवाई में छापामार दल ने मौके से 939 गैस सिलेंडरों की जब्ती की है। इनमें घरेलू व कमर्शियल दोनों ही तरह के सिलेंडर शामिल हैं। इस मामले में संबंधित संस्थान के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

ऑनलाइन दर्ज स्टॉक की तुलना में कम पाए गए 412 भरे सिलेंडर : जांच दल के द्वारा छापामार कार्रवाई के दौरान ही संस्थान का ऑनलाइन दर्ज स्टॉक चेक किया गया। इसके अनुसार कंपनी ने संस्थान में 864 सिलेंडर भरा हुआ होना बताया था, जबकि मौके पर सिलेंडरों की गिनती की गई तो केवल 452 सिलेंडर ही भरे हुए पाए गए। इसी तरह कंपनी ने ऑनलाइन रिकार्ड में खाली सिलेंडरों की संख्या 473 बताया था, जबकि मौके पर 487 सिलेंडर खाली पाए गए।



सीएम हेल्पलाइन में 18 शिकायतें

बालाजी गैस कंपनी के द्वारा बुकिंग के बाद भी लंबे समय तक ग्राहकों को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराने के रवैए से परेशान ग्राहकों ने इस बात की शिकायत सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 में भी दर्ज कराई है। इस दौरान अलग-अलग ग्राहकों के द्वारा 18 शिकायतें दर्ज होना पाया गया है।

तहसीलदार के नेतृत्व में वाली पांच सदस्यीय जांच टीम बनी

सीएम हेल्पलाइन में लगातार 18 लोगों के द्वारा समय पर गैस नहीं मिलने संबंधी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर द्वारा इस मामले में पांच सदस्यों वाली जांच टीम बनाई गई थी। 21 अगस्त को जांच के लिए जारी आदेश में तहसीलदार प्रकाशचंद्र साहू को जांच दल का मुखिया बनाया गया था। टीम में तीन सदस्य खाद्य विभाग से एवं एक इंडेन गैस की ओर से शामिल किए गए थे।

गोठानों की व्यवस्था कागजों पर नहीं जमीन पर भी दिखनी चाहिए

अफसरों की सुस्त कार्यप्रणाली से महापौर मीनल नाराज

रिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- *समीक्षा बैठक में गोठानों की अव्यवस्था पर लगाई कड़ी फटकार, हर 15 दिन में होगा भौतिक निरीक्षण*
- *सड़क पर छोड़ देने वाले गोवंश के मालिकों की पहचान कर होगी कार्रवाई*

सोमवार को गोवंश एवं गोठानों की व्यवस्थाओं को लेकर रायपुर नगर निगम में हुई समीक्षा बैठक में महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम अधिकारियों की सुस्त कार्यप्रणाली पर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि गोठानों की व्यवस्था केवल कागजों में नहीं, जमीन पर दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि गोवंश की सुरक्षा और देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता सामने आने पर जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

महापौर ने अधिकारियों से कहा कि बारिश के मौसम में हर 15 दिन में सभी गोठानों का अनिवार्य भौतिक निरीक्षण किया जाए। अधिकारी स्वयं मौके पर जाएं, गोठानों की वास्तविक स्थिति देखें और वहां मौजूद गोवंश की संख्या, क्षमता, पानी, चारा, शेड, स्वास्थ्य एवं अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर फोटो एवं विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल कागजों पर रिपोर्ट बनाकर जिम्मेदारी पूरी करने की प्रवृत्ति अब स्वीकार नहीं की जाएगी। महापौर मीनल चौबे ने समीक्षा बैठक में निगम के अधिकारियों से कहा कि गोठानों में निर्धारित क्षमता से अधिक गोवंश रखने की स्थिति नहीं बननी चाहिए। प्रत्येक गोठान की स्वीकृत क्षमता और मौके पर मौजूद गोवंश की वास्तविक संख्या का मिलान किया जाए। गोवंश को गोठान में लाने अथवा रखने से संबंधित रजिस्टर, प्राप्ति रसीद, बिल एवं अन्य दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन हुआ है अथवा क्षमता से अधिक गोवंश रखकर भुगतान लेने जैसी स्थिति सामने आती है तो संबंधित की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था द्वारा दिए गए पत्र को केवल फाइल में रखकर मामला समाप्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों से कहा कि नगर निगम का काम केवल शासन से प्राप्त राशि को खर्च करना नहीं है, बल्कि शहर की वास्तविक जरूरतों को समझकर स्थायी और उपयोगी योजनाएं तैयार करना भी योजना विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है।



खुले में घूमते गोवंश के मालिकों पर होगी कार्रवाई

मीनल चौबे ने शहर में खुले में घूमते गोवंश के मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खुले में पाए जाने वाले गोवंश के मालिकों की पहचान के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए। जिस पशु के मालिक की पहचान हो जाए, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क पर घूमते पशुओं के कारण दुर्घटनाएं न हों। यदि पशु किसी पशुपालक का है तो उसकी पहचान और रिकॉर्ड की व्यवस्था होनी चाहिए। पशु को सड़क पर छोड़ देना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने गोठानों में शेड, पानी, चारा और पशु उपचार जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पशु विभाग से समन्वय कर ठोस प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही, तहसीलदार सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने के मामले में दुर्ग कमिश्नर सत्यनारायण राठौर ने घुमका के तहसीलदार मुकेश ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। समय-सीमा के भीतर राजस्व प्रकरणों के साथ-साथ और आरबीसी 6-4 के आर्थिक सहायता के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरते जाने के कारण बड़ी कार्रवाई की गई है।

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों प्रवास पर यहां आए दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने कलेक्टर जितेन्द्र यादव के साथ घुमका तहसील का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस दौरान वहां समय-सीमा के भीतर राजस्व प्रकरणों के निराकरण नहीं करने की शिकायतें सामने आई। बताया जाता है कि शीर्ष अधिकारियों ने जब दस्तावेजों की जांच की तो राजस्व प्रकरणों के साथ-साथ आरबीसी 6-4 के आर्थिक प्रकरणों के निराकरण में भी तहसीलदार मुकेश ठाकुर द्वारा गंभीर लापरवाही सामने आई।

इस मामले में दुर्ग कमिश्नर श्री राठौर ने घुमका के तहसीलदार मुकेश ठाकुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा अधिनियम 1966 की धारा 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबत कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय राजनांदगांव कलेक्टर कार्यालय निर्धारित किया गया है।

इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। अगस्त का महीना भी विदा लेने वाला है। सोमवार से इस महीने का आखिरी वीक शुरू हुआ है। यह वीक इसलिए भी खास है, क्योंकि रक्षाबंधन का प्यारा त्योहार पड़ रहा है। इसी के साथ ओटीटी पर भी इस सप्ताह खूब बहार रहने वाली है।

आई, नोबडी

अगर आपको सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों का शौक है तो यह फिल्म आपके लिए है। पृथ्वीराज सुकुमारन की 'आई, नोबडी' इस वीक ओटीटी पर रिलीज हो रही है। मलयालम भाषा की यह फिल्म जुलाई में सिनेमाघरों में लगी थी। अब यह एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म 25 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

बंदर

बॉबी देओल की यह फिल्म भी इस वीक आने वाली है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बॉबी देओल लीड रोल में हैं। उनके अलावा सान्या मल्होत्रा, सपना पब्बी और सबा आजाद भी हैं। इस फिल्म का प्रीमियर कई बडे.फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। अब यह ओटीटी पर रिलीज हो रही है। 28 अगस्त से यह जी5 पर स्ट्रीम होगी।

बबीता सिंह रिपोर्टिंग



फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' भी इसी वीक की लिस्ट में शामिल है। फिल्म में निमिषा सयाजन, बरुण सोबती और अंशुमान पुष्कर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म भारत समेत दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में हिंदी में प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी। 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' का प्रीमियर 28 अगस्त को होगा। इस रोमांचक ड्रामा का निर्देशन अंबीएका पंडित ने किया है। इसकी लेखिका अमिता व्यास हैं।



जंगल टेल्स विद मोगली

ओटीटी पर इस वीक आपको मोगली की कहानी भी देखने को मिलेगी। एनिमेटिड सीरीज 'जंगल टेल्स विद मोगली' जो रिलीज हो रही है। इसे बच्चों के साथ देख सकते हैं। यह सीरीज 28 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

डार्क मैटर सीजन 2

अगर आपको साइ-फाई सीरीज पसंद हैं तो यह आपके लिए है। 'डार्क मैटर' सीरीज का यह दूसरा सीजन है, जिसमें 10 एपिसोड हैं। दर्शक इसे एपल टीवी पर 28 अगस्त से देख पाएंगे।

माई बायस माई बॉस

अगर आपको के-पॉप ड्रामा में दिलचस्पी है तो इस वीक भी आपके लिए ऑप्शन है। आप 'माई बायस, माई बॉस' सीरीज देख सकते हैं। सीरीज का आठवां एपिसोड प्राइम वीडियो पर 25 अगस्त को रिलीज होगा।

नया गाना 'फ्लाई करके 2' रिलीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कंटेंट क्रिएटर अंजलि अरोड़ा बीते दिनों अपनी फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' को लेकर चर्चाओं में थीं। मगर अब उनका एक नया गाना 'फ्लाई करके 2' भी रिलीज हुआ है। इसमें वह एक बार फिर



मॉर्डन अवतार में नजर आ रही हैं। बीते दिनों फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' में अंजलि अरोड़ा को माता सीता के किरदार में कास्ट करने पर बड़ा बवाल हुआ था। अंजलि अरोड़ा का गाना 'कच्चा बादाम'काफी पॉपुलर हुआ था। अब उनका नया गाना 'फ्लाई करके 2' फैंस के बीच आ चुका है। यह मूल रूप से एक पंजाबी गाना है। गाने के वीडियो में अंजलि सिंगर सब्बा के साथ नजर आ रही हैं। यह एक रोमांटिक गान है जिसका निर्माण स्पीड रिकॉर्ड लेबल के बैनर तले हुआ है। जहां इससे पहले अंजलि अपनी फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का टीजर सामने आने के बाद ट्रोल हुई थीं। वहीं, इस म्यूजिक वीडियो को लेकर भी उनको खूब ट्रोल किया जा रहा है। इंस्टाग्राम पर कमेंट सेक्शन में कोई उनकी हेयरस्टाइल का मजाक उड़ा रहा है तो कहीं कोई माता सीता का रोल करने के बाद यह म्यूजिक वीडियो करने पर उन्हें ट्रोल कर रहा है।

दृश्यम द कंक्लूजन 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज



नई दिल्ली। अजय देवगन हिंदी फिल्म 'दृश्यम' की तीसरी और आखिरी फिल्म में विजय सालगांवकर के किरदार में वापसी कर रहे हैं। अभिनेता ने तीसरी फिल्म के आधिकारिक शीर्षक की घोषणा कर दी है, जिसका नाम है 'दृश्यम द कंक्लूजन', जो 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दो फिल्मों में कई उतार-चढ़ाव, रहस्य और विजय द्वारा अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए सोची-समझी चालों से भरपूर कहानी के बाद, अब यह फिल्म यह बताने के लिए तैयार है कि उनकी कहानी का अंत कैसे होता है। 24 अगस्त को अजय देवगन ने 'दृश्यम द कंक्लूजन' का पहला पोस्टर जारी किया। जिससे आधिकारिक तौर पर इस फ्रेंचाइज के अंतिम अध्याय की घोषणा हो गई। पोस्टर पर "मेरा सच, मेरा सही, सिर्फ मेरी फैमिली है" लिखा है, जो विजय सालगांवकर की मानसिकता को बखूबी दर्शाता है।

सिद्धार्थ की वन को मिली नई रिलीज डेट

नई दिल्ली। परम सुंदरी फिल्म के बाद से सिद्धार्थ मल्होत्रा बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं। लंबे समय से उनका नाम आने वाली मोस्ट अवेटेड फिल्म वन को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। बीते समय में इस सुपरनेचुलर थ्रिलर की रिलीज डेट बदलने की कई खबरें सामने आई हैं। लेकिन, अब खबर सिद्धार्थ मल्होत्रा की वन की नई रिलीज डेट के ऐलान की आ गई है। वैसे तो



सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री तमन्ना भाटिया स्टारर फिल्म वन को 28 अगस्त के दिन रिलीज किया जाना था। लेकिन, साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक से क्लैश से बचने के चलते इसे आगे की तरफ बढ़ाया गया। अब वन को 25 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। ये फॉरेस्ट सुपरनेचुरल थ्रिलर है, एक डरावनी लोक कथा पर आधारित फिल्म बताई जा रही है।

अब फिर लौट रहा है कॉफी विद करण



नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के मशहूर फिल्म निर्माता करण जौहर का नाम इस वक्त उनके लोकप्रिय चैट शो कॉफी विद करण को लेकर चर्चा में बना हुआ है। खबर है कि मेकर्स ने कॉफी विद करण के नौंवे सीजन की सारी तैयारी कर ली है और जल्द ही इस चैट शो की ओटीटी रिलीज का ऐलान कर दिया जाएगा। कॉफी विद करण 9 के पहले एपिसोड के लिए करण जौहर ने हिंदी सिनेमा के मेगा सुपरस्टार सलमान खान को अप्रोच किया है। बताया जा रहा है कि वह शो में हमेशा की तरह अकेले आएंगे। इसके अलावा अहान पांडे, अनीत पड्डा, विजय देवरकोंडा, रश्मिका मंदाना, जया बच्चन, करीना कपूर, काजोल और अक्षय कुमार जैसे फिल्मी सितारे भी नजर आ सकते हैं। साल 2004 में करण जौहर का चैट शो कॉफी विद करण शुरू हुआ था। और अब तक इसके 8 सफल सीजन आ चुके हैं, जिनमें बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स बतौर गेस्ट नजर आते हैं और अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी कई राज खोलते हैं। अब करण का कॉफी विद करण सीजन 9 आने वाला है।

टीवी मसाला



25 साल पहले बना था टीवी का एंथम 79 सितारों ने एक साथ किया था काम

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा के मशहूर संगीतकार और कवि जावेद अख्तर ने इंडस्ट्री को कई बेहतरीन गीत दिए हैं। अक्सर किसी भी गाने में 2-4 एक्टर्स ही अहम रूप में नजर आते हैं लेकिन जावेद अख्तर ने 25 साल पहले एक ऐसा गाना बनाया था जिसमें 1-2 नहीं, बल्कि 79 एक्टर्स नजर आए थे। जी हां इस गाने में टीवी और सिनेमा के मशहूर कलाकारों की टोली नजर आई थी। यह गाना इसलिए भी खास था क्योंकि यह प्यार मोहब्बत नहीं, बल्कि टेलीविजन से जुड़ी भावना को ट्रिब्यूट करने के लिए बनाया गया था। इंडियन टेलीविजन एकेडमी का मशहूर थीम सॉन्ग 'हर एक देश के मंजर' जावेद अख्तर ने लिखा था, इसे मशहूर म्यूजिक तिकड़ी (शंकर-एहसान-लॉय) ने कंपोज किया था और शंकर महादेवन ने गाया था। इस गाने के जरिए टेलीविजन की भावना का जश्न मनाने के लिए 79 जाने-माने भारतीय टीवी स्टार्स को एक ही वीडियो में एक साथ लाया गया था। इस गाने में साक्षी तंवर, मुकेश खन्ना, किरण खेर, जैकी श्रॉफ, महेश भट्ट, अर्चना पूरण सिंह, शेखर सुमन, अनु कपूर, अरुणा ईरानी, नीना गुप्ता, जावेद अख्तर, शत्रुघ्न सिन्हा, अयान मुखर्जी, राकेश बेदी, दिव्या दत्ता जैसे कई कलाकारों ने काम किया था। दरअसल, शुरुआत में रेडियो के बाद जब टीवी आया तो इसने मनोरंजन की परिभाषा ही बदल दी। पहले लोग रेडियो रेडियो सिर्फ आवाज सुनकर या गाने सुनकर ही काम चलाते थे लेकिन जब टीवी आई तो लोग उन दृश्यों को आंखों से देख भी सकते थे और इसीलिए यह मनोरंजन के लिए लोगों के जीवन में एक खास महत्व रखता है।

खतरों के खिलाड़ी 15 से बाहर हुए गौरव



नई दिल्ली। टीवी एक्टर गौरव खन्ना का 'खतरों के खिलाड़ी 15' का सफर दर्दनाक तरीके से खत्म हुआ। रोहित शेट्टी के शो में कई मुश्किल स्टंट करने वाले गौरव, एलिमिनेशन टास्क के दौरान अपनी कोहनी में चोट लगने की वजह से शो से बाहर हो गए। चोट की वजह से उन्हें काफी दर्द हुआ और वह स्टंट पूरा नहीं कर पाए। इस एलिमिनेशन टास्क में गौरव का मुकाबला शगुन शर्मा और रुबीना दिलैक से हुआ। इस स्टंट में कंटेस्टेंट्स को अलग-अलग रंगों के झंडे इकट्ठा करते हुए दो संकरे पुलों के बीच कूदना था, जिनमें से एक घूम रहा था। ये पुल पानी के काफी ऊपर बने थे और इसमें कोई सेफ्टी हार्नेस नहीं थी। शगुन ने सबसे पहले यह चैलेंज लिया और छह झंडे इकट्ठा किए, जबकि रुबीना ने पांच झंडे उठाए। गौरव ने आत्मविश्वास के साथ शुरुआत की, लेकिन उनका पैर फिसल गया और वे पानी में गिर गए। जब वे सीढ़ी से वापस ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तो उनकी कोहनी में चोट लग गई और दर्द इतना ज्यादा था कि वे आगे नहीं बढ़ पाए।



चिंतन

युद्ध भले ही बंद हो, लेकिन होर्मुज में बना रहेगा संकट

खाड़ी क्षेत्र में भले ही युद्धविराम हो गया हो, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट खत्म होने के बजाय नए रूप में सामने आता दिखाई दे रहा है। यहां अब सीधा सैन्य टकराव ही सबसे बड़ी चिंता नहीं है, बल्कि समुद्री मार्ग पर नियंत्रण, आर्थिक दबाव और रणनीतिक प्रभुत्व की होड़ अधिक गंभीर होती जा रही है। ईरान की संसद द्वारा होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देना इसी बदलते समीकरण का संकेत है। ईरान का तर्क है कि जहाजों से लिए जाने वाले शुल्क के बदले उन्हें समुद्री सेवाएं, सुरक्षा, इंश्योरेंस, पर्यावरण संबंधी सुविधाएं और विशेष परिस्थितियों में ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। भुगतान ईरानी रियाल या ईरान की पसंद की दूसरी मुद्रा में किया जा सकेगा। देखने में यह व्यवस्था एक सामान्य सेवा शुल्क जैसी लग सकती है, लेकिन होर्मुज जैसे रणनीतिक समुद्री मार्ग के संदर्भ में इसका महत्व कहीं अधिक है। सवाल केवल टोल वसूली का नहीं, बल्कि यह है कि इस जलडमरूमध्य में अंतिम नियंत्रण किसका होगा। होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में शामिल है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले तेल और गैस का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर वैश्विक बाजार तक पहुंचता है। इसलिए यहां आवाजाही पर किसी भी प्रकार की अनिश्चितता का असर केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत बढ़ सकती है और उसका प्रभाव महंगाई के रूप में दुनिया के अनेक देशों में दिखाई दे सकता है। भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है। दूसरी तरफ अमेरिका ने ईरान के खिलाफ आर्थिक दबाव और तेज करने के संकेत दिए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट का यह कहना कि ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ आर्थिक जंग के आखिरी दौर में पहुंच गया है, यह बताता है कि वाशिंगटन का लक्ष्य केवल सैन्य दबाव तक सीमित नहीं है। ईरान की आय के बड़े स्रोतों को रोकने की कोशिश उसके आर्थिक ढांचे पर दबाव बढ़ा सकती है। ऐसे में ईरान का होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने का फैसला आर्थिक दबाव का जवाब भी माना जा सकता है। स्थिति को और संवेदनशील ईरान की खाड़ी देशों को दी गई चेतावनी बनाती है। अमेरिका के आर्थिक अभियान में सहयोग करने वाले देशों को दुश्मन मानने की बात क्षेत्रीय देशों के लिए सीधा संदेश है। खाड़ी देशों के सामने अब सुरक्षा, व्यापार और ऊर्जा हितों के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। यदि यह तनाव बढ़ता है तो खाड़ी क्षेत्र में पहले से मौजूद राजनीतिक विभाजन और गहरे हो सकते हैं। सबसे चिंताजनक पहलू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का होर्मुज को 'न्यू यूएस टेरिटरी' बताना है। यदि दुनिया के एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को लेकर अमेरिका और ईरान जैसी शक्तियां अपने-अपने नियंत्रण का दावा करने लगती हैं, तो इससे टकराव की आशंका बढ़ेगी। युद्धविराम निश्चित रूप से राहत देता है, लेकिन वास्तविक शांति तभी मानी जाएगी जब होर्मुज में जहाजों की आवाजाही को लेकर भरोसा कायम हो। यदि युद्ध की जगह आर्थिक प्रतिबंध, टोल, समुद्री नियंत्रण और शक्ति प्रदर्शन ले लेते हैं, तो संकट का स्वरूप भले बदल जाए, खतरा बना रहता है। इसलिए जरूरी है कि अमेरिका, ईरान और खाड़ी देश टकराव बढ़ाने के बजाय संवाद का रास्ता अपनाएं। होर्मुज में शांति केवल क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नहीं, बल्कि दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी अनिवार्य है।



मुद्दा
ओमकार चौधरी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सिलीगुड़ी दौरा पूर्वोत्तर की सुरक्षा को लेकर केंद्र की नई रणनीति का संकेत देता है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर को सुरक्षित रखने के लिए असम के धुबरी, बिहार के किशनगंज और पश्चिम बंगाल के चोपड़ा को जोड़कर त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड तैयार करने की योजना सामने आई है। इसका उद्देश्य सीमा सुरक्षा, सैन्य तैयारियों, खुफिया तंत्र, केंद्रीय बलों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। चीन और बांग्लादेश की बढ़ती रणनीतिक निकटता, नेपाल-भूटान से जुड़ा संवेदनशील भूगोल और संभावित गैर-पारंपरिक खतरों के बीच यह पहल महत्वपूर्ण है। इसे युद्ध की आशंका नहीं, बल्कि रणनीतिक सुरक्षा गहराई बढ़ाने की तैयारी के रूप में देखा जाना चाहिए।

सिलीगुड़ी में त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का सिलीगुड़ी दौरा केवल सीमा सुरक्षा की सामान्य समीक्षा भर नहीं माना जाना चाहिए। 21–22 अगस्त 2026 को सिलीगुड़ी में हुई गतिविधियों और उच्चस्तरीय बैठक से संकेत मिलता है कि केंद्र सरकार भारत के अत्यंत संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर या 'चिकन नेक' की सुरक्षा को अब अधिक समन्वित और बहुस्तरीय ढांचे में देख रही है। अमित शाह ने स्वयं तीन रणनीतिक स्थानों असम के धुबरी, बिहार के किशनगंज और पश्चिम बंगाल के चोपड़ा को जोड़कर एक 'त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड' तैयार किए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने इसे तीन नए सैन्य ठिकानों वाला सुरक्षा ढांचा बताया। इसके साथ सीमा निगरानी, बाड़बंदी, केंद्रीय बलों, खुफिया एजेंसियों, राज्य पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया गया। इस तैयारी को समझने के लिए सबसे पहले सिलीगुड़ी कॉरिडोर का भूगोल समझना जरूरी है। पश्चिम बंगाल में स्थित यह संकरा भूभाग मुख्य भारत को पूर्वोत्तर से जोड़ने वाला प्रमुख स्थलीय संपर्क है। इसके आसपास नेपाल, भूटान और बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं हैं, जबकि उत्तर में सिक्किम और उसके आगे चीन का तिब्बत क्षेत्र है। पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की सड़क और रेल संपर्क व्यवस्था में इस क्षेत्र का असाधारण महत्व है। इसीलिए अमित शाह ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़ा क्षेत्र बताया है। यहां किसी गंभीर सैन्य संकट, बड़े आतंकवादी हमले, तोड़फोड़ अथवा आपूर्ति मार्ग बाधित होने की स्थिति का प्रभाव केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं रहेगा; उसका असर पूरे पूर्वोत्तर से भारत के संपर्क पर पड़ सकता है।

नई व्यवस्था की विशेषता यह है कि सरकार सुरक्षा को केवल कॉरिडोर की सबसे संकरी पट्टी पर केंद्रित नहीं रखना चाहती। धुबरी, किशनगंज और चोपड़ा को देखें तो एक व्यापक त्रिकोण दिखाई देता है। असम का धुबरी बांग्लादेश सीमा के निकट ब्रह्मपुत्र क्षेत्र में है। किशनगंज बिहार का वह जिला है जो उत्तर बंगाल और पूर्वोत्तर की ओर जाने वाले भूगोल से जुड़ता है, जबकि चोपड़ा उत्तर दिनाजपुर में सिलीगुड़ी की दक्षिणी दिशा में महत्वपूर्ण स्थिति रखता है। लेकिन सवाल है कि इसी समय इतनी गंभीर तैयारी की आवश्यकता क्यों महसूस हुई? इसका उत्तर भारत के पूर्वी पड़ोस में तेजी से बदल रहे सामरिक वातावरण में है। बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध पिछले दो वर्षों में उस सहजता में नहीं रहे जो शेख हसीना के शासनकाल में लंबे समय तक दिखाई देती थी। अगस्त 2024 में हसीना के सत्ता से हटने और भारत आने के बाद दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर अविश्वास बढ़ा। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत और बांग्लादेश किसी सैन्य टकराव की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसी धारणा के लिए वर्तमान में कोई ठोस आधार नहीं है। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा की योजना केवल वर्तमान राजनीतिक इरादों के आधार पर नहीं बनाई जाती; उसमें संभावित परिस्थितियों और क्षमताओं को भी ध्यान में रखा जाता है। बांग्लादेश के साथ 4,000 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा, पूर्वोत्तर का भूगोल, अवैध आवाजाही, तस्करी और सीमापार अपराध जैसी समस्याएं पहले से मौजूद हैं। यदि राजनीतिक संबंधों में अविश्वास जुड़ता है तो सीमा प्रबंधन का महत्व स्वतः बढ़ जाता है। इसी संदर्भ में अमित शाह द्वारा बाड़बंदी पर दिया गया जोर महत्वपूर्ण



है। दूसरा बड़ा परिवर्तन चीन और बांग्लादेश की बढ़ती निकटता है। चीन लंबे समय से बांग्लादेश का प्रमुख आर्थिक और रक्षा साझेदार है। बांग्लादेश चीनी हथियारों का बड़ा ग्राहक रहा है और चीन वहां बुनियादी ढांचा तथा रक्षा-संबंधी परियोजनाओं में सक्रिय है। भारत के लिए समस्या भूगोल से और गंभीर हो जाती है। चीन पहले से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत का प्रमुख सैन्य प्रतिद्वंद्वी है। सिक्किम के उत्तर और पूर्व में चीनी सैन्य ढांचा मौजूद है और 2017 का डोकलाम संकट दिखा चुका है कि भूटान–सिक्किम–तिब्बत क्षेत्र की सामरिक स्थिति सीधे सिलीगुड़ी कॉरिडोर की भारतीय चिंताओं से जुड़ सकती है। यदि इसी समय बांग्लादेश में चीन का रक्षा और रणनीतिक प्रभाव बढ़ता है, तो भारतीय योजना निर्माताओं को उत्तर और दक्षिण दोनों दिशाओं को ध्यान में रखकर आपातकालीन योजना तैयार करनी होगी।

इसका अर्थ यह नहीं कि चीन और बांग्लादेश भारत पर संयुक्त हमले की तैयारी कर रहे हैं; इसका अर्थ यह है कि भारत अपने सबसे संवेदनशील संपर्क क्षेत्र की सुरक्षा को किसी एक दिशा से आने वाले खतरे तक सीमित नहीं रख सकता। यहीं धुबरी–किशनगंज–चोपड़ा त्रिकोण की रणनीतिक उपयोगिता दिखाई देती है। किसी संकट में सुरक्षा केवल सीमा पर सैनिक खड़े करने का प्रश्न नहीं होती। सैन्य बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को तेजी से स्थानांतरित करना, गोला-बारूद और रसद पहुंचाना, सड़क तथा रेलवे संपर्क सुरक्षित रखना, महत्वपूर्ण पुलों और संचार केंद्रों की रक्षा करना तथा किसी तोड़-फोड़ के बाद वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक होता है। सुरक्षा ग्रिड का उद्देश्य यदि इसी प्रकार की अतिरेकता पैदा करना है तो यह 'चिकन नेक' की पुरानी कमजोरी को केवल अग्रिम रक्षा के बजाय गहराई में फैली सुरक्षा संरचना से संबोधित करने का प्रयास है। तीसरा तत्व पाकिस्तान है। पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व की भारत-विरोधी बयानबाजी को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां स्वाभाविक रूप से नोट करती हैं। लेकिन 'इस बार पूर्वी दिशा से हमला होगा' जैसे किसी विशिष्ट कथित बयान को आधिकारिक सैन्य तथ्य मानने से पहले उसके मूल संदर्भ और शब्दशः प्रमाण की पुष्टि आवश्यक है। इसीलिए सिलीगुड़ी में 22 अगस्त की बैठक में केवल सैन्य उपस्थिति नहीं, बल्कि केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों, राज्य पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। यही आधुनिक 'ग्रिड सुरक्षा' का महत्वपूर्ण तत्व है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की एक और विशेषता है कि इसके आसपास भारत की अलग-अलग प्रकार की सीमाएं हैं। नेपाल और भूटान के साथ भारतीय संबंध मैत्रीपूर्ण हैं और वहां सीमा प्रबंधन की प्रकृति बांग्लादेश या चीन सीमा से अलग है। लेकिन खुली या अपेक्षाकृत सुगम आवाजाही वाली सीमाओं का दुरुपयोग आपराधिक या शत्रुतापूर्ण नेटवर्क कर सकते हैं। इसीलिए सशस्त्र सीमा बल की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। यही धुबरी, किशनगंज और चोपड़ा के त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड का व्यापक सामरिक अर्थ है।

भारत अपनी सबसे चर्चित भौगोलिक कमजोरी को केवल बचाने की नहीं, बल्कि उसके चारों ओर ऐसी सुरक्षा गहराई तैयार करने की कोशिश कर रहा है जिसमें सीमा सुरक्षा, सैन्य तत्परता, खुफिया जानकारी, पुलिस व्यवस्था और आधारभूत ढांचे की सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी हों। सेंट मार्टिन और बंगाल की खाड़ी में बदलती भू-राजनीति से लेकर बांग्लादेश–चीन निकटता और हिमालयी सीमाओं तक यदि पूरे पूर्वी क्षेत्र को एक ही सामरिक मानचित्र पर रखा जाए, तो अमित शाह की सिलीगुड़ी बैठक का महत्व कहीं अधिक स्पष्ट दिखाई देता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जल प्रदूषण
ज्ञानेन्द्र रावत



आखिर कौन बनेगा यमुना का भगीरथ

देश में पुण्य दायिनी नदी गंगा के बाद दूसरी प्रमुख नदी यमुना का प्रदूषण चर्चा का विषय बना हुआ है। कारण उसका प्रदूषण खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। कारण उसका 85 फीसदी से ज्यादा प्रदूषण बिना ट्रीट किए घरेलू कचरे और औद्योगिक रसायन युक्त अपशिष्ट से है। इस बारे में दिल्ली सरकार बरसों से दावे-दर-दावे करती रही है। बीता इतिहास इसका जीता-जागता सबूत है। केजरीवाल ने भी यमुना के शुद्धिकरण का बीड़ा उठाया था। उनके भी कार्यकाल ने यमुना की सफाई की दिशा में दावों और घोषणाओं के मामले में काफी सुर्खियां बटोरी थीं और आलोचनाएं भी झेली थीं। अब यदि दिल्ली के जल संसाधन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की मानें तो अब यमुना की सफाई अलग-अलग परियोजना के माध्यम से नहीं, वरन दिल्ली की पूरी सीवर अवसंरचना में व्यापक बदलाव के जरिये की जा रही है। उनका मानना है कि यमुना तब साफ होगी जबकि हर घर सीवर नेटवर्क से जुड़ा होगा। हर बूंद सीवेज का उपचार होगा। इसी बदलाव की शुरुआत हमने की है। ये रहा उनका दावा। अब जरा हालात का भी जायजा लें। सबसे पहले देश की पतितपावनी और मुक्तिदायिनी नदी गंगा को लें जिसका जल पुण्य का सबब माना जाता है। वही मोक्षदयिनी नदी गंगा अपने मायके उत्तराखंड में ही मैली है। इसका खुलासा कैग की रिपोर्ट कर ही चुकी है। आज तक 1985 से लेकर गंगा प्रदूषण मुक्ति हेतु 42,000 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। गंगा एक्शन प्लान पर शुरुआत में ही 1200 करोड़ की राशि खर्च की गई। लेकिन हालात गवाह हैं कि आज उसका जल पुण्य का नहीं, मौत का सबब बन गया है। यमुना आज तमिलनाडु की कूवन नदी सहित देश की सबसे प्रदूषित नदी है। उसकी सफाई पर अब तक हुए खर्च की बात करें तो संसद में दिए आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल 5,536 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। जबकि यमुना संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर पहले ही लगभग 1,951 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी थी। इसके अलावा दिल्ली सरकार के ग्रीन बजट के तहत दिल्ली जल बोर्ड को 6485 करोड़ रुपये की राशि दी गई और अभी हाल फिलहाल में ही दिल्ली सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 4500 करोड़ की राशि की मंजूरी दी है। यही नहीं यमुना के जल को साफ करने के साथ साथ नजफगढ ड्रेन की सफाई के लिए 1000 करोड़ की परियोजनाओं को दिल्ली सरकार ने और मंजूरी दी है। मछलियों में मिले माइक्रो प्लास्टिक में 77.8 फीसदी हिस्सा कपड़ों और धागे के सूक्ष्म रेशों का था। इसका मुख्य कारण सिंथेटिक कपड़े, घरेलू धुलाई, टैक्सटाइल उद्योग और रसायन युक्त अपशिष्ट जल का बहाव है। अब जरा यमुना के पानी में जहरीले रसायनों की बात करें तो पाते हैं कि हकीकत में यमुना के पानी में अमोनिया की सीमा अधिकांश एसटीपी को भी बाधित करती है। बी ओ डी का स्तर स्वीकार्य सीमा से अधिक है और घुलित आक्सीजन का स्तर अक्सर 2 मिलीग्राम प्रति लीटर से भी कम होने से जलीय जीवों के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है। मानव और पशु मल-मूत्र से आने वाले वैक्टीरिया का स्तर सीमा से 32,000 गुणा से भी ज्यादा है। यह खतरे का संकेत है। वैसे तो यमुना की दशा पूरे प्रवाह क्षेत्र में शोचनीय है, लेकिन यदि देश की राजधानी दिल्ली के 22 किलोमीटर इलाके की ही बात करें तो यमुना अपनी बदहाली की कहानी खुदबखुद बयां करती है। यहां का जल फीकल कोलिफार्म, लैड जैसी भारी धातुओं और डिटर्जेंट से इतना प्रदूषित है कि इसके संपर्क में आने से लोग कैंसर, गंभीर त्वचा रोग, सांस, पेट के संक्रमण, लिवर, तंत्रिका तंत्र आदि जानलेवा रोगों का शिकार हो रहे हैं। हकीकत यह है कि देश में यमुना ही नहीं गंगा, वरुणा, रोहिणी, पांडु, ईशन, सई, घाघरा, काली, गोमती, रामगंगा, कोसी, राप्ती, तमसा, सरयू, नीमा, बीटा, सेंगर, अरिंद, सरायन, करवन, काक, उल्ल जैसी देश की तकरीब चार सौ से अधिक नदियों में सीवेज का गंदा पानी 1385 से भी ज्यादा गंदे नालों के जरिए बहाये जाने के मामलों में बीते बरसों में बेतहाशा बढ़ोतरी देखी गयी है। फिर भी देश के भाग्य विधाता मौन हैं। अब सवाल यह है कि यमुना बरसों से निर्देशों, दावों के जाल में उलझी है। पिछले मुख्यमंत्री तो यमुना साफ होगी और वे उसमें नहाने के दावे करते-करते पद से ही मुक्त हो गये, कोई यमुना को टेम्स बनाने का दावा करते-करते दुनिया से ही विदा हो गया, लेकिन यमुना अपनी बदहाली पर दशकों से रो रही है। सरकारें तो सरकारें लगता है, दिल्ली की जनता की आत्मा मर गयी है। उसको अपनी जीवन की रेखा कही जाने वाली यमुना की बदहाली की कोई चिंता ही नहीं है। यमुना फिर भी मैली की मैली ही रहती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान शक्ति, मुक्ति और विजय की यात्रा भी है



संकलित
दर्शन

ज्ञान शक्ति है, ज्ञान ही मुक्ति भी और ज्ञान ही विजय की यात्रा है। जिसे हम जान लेते हैं, उससे हम मुक्त हो जाते हैं और जिसे हम जान लेते हैं, उसे हम जीत भी लेते हैं। हमारी हार और पराजय हमारे अज्ञान के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। अंधकार है, इसीलिए पराजय है। प्रकाश हो तो पराजय असंभव है। प्रकाश विजय बन जाता है। मृत्यु के संबंध में पहली बात आपसे यह कहना चाहूंगा कि मृत्यु से अधिक असत्य और कुछ भी नहीं है लेकिन मृत्यु ही सत्य मालूम होती है। न केवल सत्य मालूम होती है, बल्कि जीवन का केंद्रीय सत्य भी वही मालूम होती है और ऐसा प्रतीत होता है कि सारा जीवन मृत्यु से घिरा हुआ है और चाहे हम भूल जाते हों, भुला देते हों, लेकिन फिर भी मृत्यु चारों तरफ निकट ही खड़ी रहती है। अपनी छाया से भी ज्यादा अपने पास मृत्यु है। जीवन का जो रूप हमने दिया है, वह भी मृत्यु के भय के कारण ही दिया है। मृत्यु के भय ने समाज बनाया है, राष्ट्र बनाए हैं, परिवार बनाए हैं, मित्र एकत्रित किए हैं। मृत्यु के भय ने धन एकत्रित करने की दौड़ दी है, मृत्यु के भय ने पदों की आकांक्षा दी है और सबसे बड़ा आश्चर्य यह है कि मृत्यु के भय ने ही हमारे भगवान और हमारे मंदिर भी खड़े कर दिए हैं। मृत्यु से भयभीत घुटने टेककर प्रार्थना करते हुए लोग हैं। मृत्यु से भयभीत आकाश की तरफ, परमात्मा की तरफ हाथ जोड़े हुए लोग हैं।

सद्गुरु होता है निर्गुण निराकार का साकार स्वरूप



संकलित
प्रेरणा

सौ चांद एवं हजार सूर्य भी उदय होकर संसार को प्रकाशित कर रहे हों परंतु सद्गुरु नहीं है तो घोर अंधकार ही है। सद्गुरु सूर्य की भांति होते हैं। सूर्य के प्रकाश को देखने के लिए किसी मशाल या किसी दीये की आवश्यकता नहीं होती। सूर्योदय होते ही स्वतः प्रकृति में सूर्य की उपस्थिति का आभास हो जाता है। पेड़-पौधे, फूल-कलियां, पशु-पक्षी, जड़-चेतन में स्फुरण हो जाता है अर्थात प्राणों का संचार हो जाता है। इसी प्रकार प्रबल उत्कंठा रखने वाले जिज्ञासु के जीवन में जब सद्गुरु रूपी सूर्य का उदय होता है, तो जन्मों का अज्ञान तिमिर समाप्त होकर ज्ञान उजाला हो जाता है। निर्गुण निराकार का साकार स्वरूप सद्गुरु होता है, जिस प्रकार सूर्य को हम नहीं देख पाते हैं परंतु उसी के प्रकाश से जब चंद्रमा उदय होता है तो हम सभी उसको निहारते हैं, शीतलता का आनंद प्राप्त करते हैं, प्रेमीजन एक भिन्न प्रकार का आनंद प्राप्त करते हैं इसी प्रकार भक्तजन ईश्वर के निराकार रूप में वो आनंद नहीं प्राप्त कर पाते जो कि परब्रह्म के साक्षात स्वरूप सद्गुरु के दिव्य दर्शन करके प्राप्त करते हैं। गोपियां सद्गुरु श्री कृष्ण के दर्शन करते हुए थकतीं नहीं थीं एवं प्रेम में उनकी सुध-बुध सब विस्मृत हो जाती थी। एक क्षण के लिए विलग नहीं हो पाती थीं इसी प्रकार भक्तजन सद्गुरु से कतई विलग नहीं हो पाते, क्योंकि भक्तजनों के लिए सद्गुरु पिंड प्राण होते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

विज्ञान की भी अपनी सीमाएं

वैसे तो विज्ञान ने हर असंभव को संभव बनाने के लिए बहुत काम किया है और काफी हद तक सफल भी हुआ है। मानव को आज हर सुविधा और आराम उपलब्ध है, परंतु न तो कैंसर जैसे असाध्य रोग की अचूक औषधि खोज पाया और न ही ऐसी दवाई ही खोजी जो मनुष्य को सदैव स्वस्थ और बुढ़ापे के लक्षणों से सदा के लिए निजात दिला सके। यह बात लगेगी सभी को बेतुकी और प्रलाप मात्र, पर यह यक्ष प्रश्न है, जिसके समक्ष आकाश की खोज खबर लेने वाला मानव असहाय दिखता है। यह वैज्ञानिकों को एक खुली चुनौती है। भले ही हरिद्वार के इम्युनोट के वैज्ञानिकों ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद को इस कार्य करने में सक्षम कहा है। लेकिन संसार को कब यह दवाई उपलब्ध होगी, इसका इंतजार है। –राजू लाल यादव, रायपुर

ट्रेंड

तीन भगोड़े पकड़े



मलेशिया में बंबीहा गिरोह के तीन भगोड़े अपराधियों को पकड़कर भारत लाया गया है और उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है। भगोड़े अपराधियों में जसप्रीत सिंह, अजय सिंह और पवनदीप सिंह शामिल हैं।
-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

अथर्ववेद पढ़ें राहुल



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी देश को कोसना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। वे अर्बन नक्सलियों के हाथों देश को बर्बाद करना चाहते हैं। अगर वे मनुस्मृति को समझना चाहते हैं तो अथर्ववेद पढ़ें।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तर प्रदेश

तेलंगाना का विकास रोक रहे



केंद्र सरकार तेलंगाना के साथ भेदभाव कर रही है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल संसद में यह मुद्दा उठाएंगे। केंद्र सरकार ने गुजरात के मुख्यमंत्री को अमेरिका यात्रा की अनुमति दे दी, लेकिन मुझे नहीं दी। मुझे अमेरिका यात्रा की अनुमति नहीं देना तेलंगाना के विकास को रोकना है। -रेवंत रेड्डी, सीएम, तेलंगाना

मतदाताओं के नाम हटाए



लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम गैर-कानूनी तरीके से हटा दिए गए हैं; अगर ज़रूरत पड़ी तो उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फिर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया जाएगा। जनगणना की कवायद एनआरसी लागू करने की चोर-दरवाज़े से की गई एक और कोशिश है।
-ममता बनर्जी, पूर्व सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

मक्का एग्रीमेंट की खटास मिटाने ईरान जाएंगे मुनीर!

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ईरान का दौरा करेंगे। तेहरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि यह दौरा इलाके में शांति और सुरक्षा लाने की कोशिशों को आगे बढ़ाने के लिए है। हालांकि, मुनीर का दौरा ऐसे वक्त हो रहा, जब मक्का एग्रीमेंट में पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की ने साइन किए हैं। वहीं, होर्मुज को लेकर अमेरिका से ईरान का विवाद बना हुआ है। पाकिस्तान ने ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। इसका मकसद उस युद्ध को खत्म करना है, जो फरवरी में ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद शुरू हुआ था। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से मुनीर के दौरे की पुष्टि की है। पहले सूत्र ने जानकारी देते हुए कहा है कि ईरान और पाकिस्तान सीधे संपर्क में हैं। दूसरे सूत्र ने कहा है कि बातचीत में संघर्ष से जुड़ी हालिया घटनाओं पर भी चर्चा होगी। इसमें ईरान पर और कड़े बैन लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी शामिल है। असल में मुनीर का दौरा ईरान और अमेरिका के बीच बढ़े हुए तनाव के बीच हो रहा है। ईरान ने बैन की अमेरिकी पॉलिसी के जवाब में सैन्य कार्रवाई की धमकी दी है।



ऑफ बीट

मनोकामनाएं पूरी करते हैं प्रयागराज के ताले वाले महादेव

प्रयागराज में भगवान शिव का एक ऐसा अनोखा मंदिर है, जहां भक्त अपनी मनोकामना को ताले में बांधकर भोलेनाथ के चरणों में छोड़ देते हैं। नाथेश्वरनाथ महादेव मंदिर को लोग प्यार से 'ताले वाले महादेव मंदिर' के नाम से भी जानते हैं। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु अपनी इच्छा पूरी होने की प्रार्थना करते हुए मंदिर परिसर में एक ताला लगाते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। इस मंदिर की परंपरा बाकी शिवालयों से इसे अलग बनाती है। श्रद्धालु ताले पर अपना नाम, पता या पहचान लिखकर उसे मंदिर की जाली, दीवार या परिसर में किसी निर्धारित जगह पर लगा देते हैं। इसके बाद वे अपनी इच्छा पूरी होने का इंतजार करते हैं। जब मनोकामना पूरी होने का विश्वास होता है, तो भक्त दोबारा मंदिर पहुंचकर उसी ताले को खोलते हैं और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिर परिसर में लगे अनगिनत ताले यहां आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था और उम्मीद की झलक दिखाते हैं। हर ताला किसी व्यक्ति की अपनी प्रार्थना और विश्वास की कहानी कहता है। समय के साथ जब तालों की संख्या बढ़ जाती है, तो पुराने तालों को हटाकर सुरक्षित जगह पर रखा जाता है। इसके लिए मंदिर परिसर में एक कमरा भी बनाया गया है, जहां पुराने ताले रखे जाते हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

पेंड्री के पास बीती रात हुआ हादसा, सड़क पर लगा जाम

हाईवे में ट्रक ने मवेशियों को रौंदा 11 की मौत, विरोध में चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नेशनल हाईवे पर बीती रात एक दर्दनाक हादसे में ट्रक की चपेट में आने से 11 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर मवेशियों के झुंड के मौजूद होने के दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ लोग व पुलिस पहुंची। इस दौरान हाईवे में जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी।

ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे और शहर की प्रमुख सड़कों पर रात के समय बड़ी संख्या में मवेशी खुले में घूमते रहते हैं। इसी वजह से वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पेंड्री के पास हुए हादसे ने एक बार फिर सड़क पर बेसहारा घूम रहे मवेशियों की समस्या को उजागर कर दिया है। सर्विस लेन से लेकर जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, नंदई चौक, मोहारा रोड, खैरागढ रोड, ममता नगर रोड, जमातपारा चौक सहित अन्य क्षेत्रों में बारिश थमते ही दिन-रात मवेशियों का जमघट रहता है। जिससे लोगों को आवागमन करने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है।



मशक्कत के बाद आवागमन शुरू

बताया गया कि बीती देर रात नेशनल हाईवे में स्थित होटल के पास पेंड्री क्षेत्र में मवेशी झुंड में बैठे हुए थे। इस दौरान ट्रक की चपेट में मवेशी आ गए। जिससे 11 मवेशियों की मौत होने की खबर है। इस घटना की जानकारी होते ही कुछ गौसेवक, ग्रामीण व आमजन भी मौके पर पहुंच गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क को आवागमन के लिए सुलभ कराने काफी मशक्कत की। मृत मवेशियों को सड़क से हटवाया गया। इस दौरान हाईवे में जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। जाम के दौरान ही लापरवाही से भागती आ रही एक ट्रक ने सामने के ट्रक को ठोकर मार दिया। जिससे ट्रक का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक चालक के घायल होने की खबर है।

एनएच पर हो रही लगातार घटनाएं

नेशनल हाईवे पर मवेशियों के कारण लगातार दुर्घटनाएं होने की बात सामने आ रही है। कई बार वाहन चालक अचानक सड़क पर आए मवेशियों को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो बैठते हैं। इधर शहर के भीतर के प्रमुख मार्ग, चौक-चौराहे और गलियों तक में बारिश के इस मौसम में मवेशियों का जमघट लगा रहता है।

मवेशियों को सड़कों पर छोड़ रहे मालिक

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई मवेशी मालिक, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के अपने पशुओं को घर और गौठान में रखने के बजाय खुले में छोड़ देते हैं। दिनभर ये मवेशी बाजार, बस्तियों और सड़कों पर घूमते रहते हैं तथा रात में हाईवे पर पहुंच जाते हैं। इससे वाहन चालकों के सामने अचानक मवेशी आने से हादसे का खतरा बढ़ जाता है।

सर्पदंश से अधेड़ की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। कच्चे चौकी अंतर्गत नेड़गांव निवासी 54 वर्षीय सदवाराम दर्रो पिता स्व. बीरूराम दर्रो को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पिता को साप ने 22 अगस्त को काट लिया, जिससे कारण पिता की मौत हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय
दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) 492012
Website: www.dsvekdurg.ac.in;
Email id: cdsftdean@gmail.com; Tel: 0771-4023604

क्र. / दु.वि.खा.प्रौ.महा. / शैक्ष. /2026-27/1533 रायपुर, दिनांक 24/08/2026

// सूचना //

बी.टेक. (डेयरी टेक्नोलॉजी) स्नातक पाठ्यक्रम 2026–27 की प्रवेश सूचना

दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये बी.टेक. (डेयरी टेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग के लिये अभ्यर्थी दिनांक 25/08/2026 से 30/08/2026 तक निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। पंजीयन के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 07/09/2026 को दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर में प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रवेश प्रक्रिया में PET और PAT परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त भौतिकी, रसायन एवं गणित/जीव विज्ञान विषय समूह में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छ.ग. राज्य के अभ्यर्थियों सहित अन्य राज्यों के अभ्यर्थीगण को भी प्रवेश की पात्रता होगी (पी.ई.टी एवं पी.ए.टी. मेरिट पश्चात छ.ग. राज्य के 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता)। प्रवेश प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाईट https://dsvekdurg.ac.in व https://cgkvmis.cg.nic.in पर उपलब्ध हैं।

अधिष्ठाता
S-48850/1

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT PAMGARH DISTIRCT-JANJGIR&CHAMPA (C.G.)

E-procurement Tender Notice (3nd)
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

NIT. No. 748 Pamgarh, Date - 21/08/2026
Online bids are invited for followings works up to 01/09/2026

Sr. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Rs.)	Class of Contractor
1	198115	Construction Work of New Nagar Panchayat Office Building	112.75	85,000/-	C & Above Class

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 21/08/2026 at 17:30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पामगढ़

कार्यालय अधीक्षक,
छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज, रायपुर, काली माता मंदिर के पीछे, आकाशवाणी चौक, रायपुर फोन नं 0771-4048829

क्रमांक 511 / अधी./स्टे.गै./2026 रायपुर, दिनांक 24/08/2026

// निविदा आमंत्रण //

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के अधीन कुल 07 पुरानी अनुपयोगी / निष्प्रयोजित (टाटा मांजा, सूमो, इंडिगो, महिन्द्रा बोलेरो, मारुति आल्टो आदि) वाहनों को नीलाम किये जाने हेतु बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। नीलाम किये जाने वाले वाहनों का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के कार्यालय में (काली मंदिर के पीछे) जल संसाधन विभाग के परिसर में किया जा सकता है।

निविदा फार्म, नियम एवं शर्तों की जानकारी 300.00 नगद जमा कर छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज (कार्यालय) जल संसाधन विभाग परिसर, काली मंदिर, आकाशवाणी चौक के पास रायपुर से दिनांक 24.08.2026 से 18.09.2026 तक समय दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म दिनांक 18.09.2026 दोपहर 02.00 बजे तक जमा की जावेगी। इसके पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किये जायेगें। निविदा उपस्थित निविदाकर्ताओं/प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 18.09.2026 समय 03.00 बजे खोली जावेगी। अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

अधीक्षक
छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज
G-262702947/2

कार्यालय आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, ब्लाक-डी (भू-तल) नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
Website - tribal.cg.gov.in, फोन - 2263708,
E mail - yuvacarriernirman@gmail.com

क्रमांक / PROJ-5506/7/2026-MUY नवा रायपुर, अटल नगर

सूचना

मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत इम्पैनल्ड संस्थाओं में वर्ष 2026-27 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की जानकारी ऑनलाईन किये जाने बाबत।

मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत इम्पैनल्ड संस्थाओं में वर्ष 2026-27 में अध्ययनरत / प्रवेशित विद्यार्थियों की जिलेवार / संस्थावार जानकारी पारदर्शिता की दृष्टि से विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम प्रबंधन प्रणाली पोर्टल https:// hmstribal.cg.nic.in/ में अपलोड किया गया है, जिसमें योजना अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी का अवलोकन किया जा सकता है।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

अपर संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)
G-262702923/1

महाराष्ट्र शासन
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
सार्वजनिक बांधकाम विभाग, बीड
नगर रोड, बीड- 431 122
Phone No.02442-224723, E-mail-beed.ee@mahapwd.gov.in, Fax No. 02442-224723

जा.क्र / निवीदा / 2026-27/ दिनांक

E-Tender Notice 4 /2026-2027

E-Tenders for (2) Works in B-1 form is invited by the Executive Engineer, Public Works Division, Beed (Phone No. 02442-222474) from the registered Contractors in appropriate class of Public Works Department of Govt. of Maharashtra for the improvement roads/repair of buildings/construction of new buildings in Tal. Beed/Georai/Wadwani Dist. Beed. Right is reserved to reject any or all tenders without any reason thereof.

The details can be viewed and downloaded from following website.

www.mahapwd.com.
https://mahatenders.gov.in

Executive Engineer
Public Works
Division Beed

आरओसी-2026-27/क्र.-5/C2480

कलेक्टोरेट में सैकड़ों गौसेवकों का धरना

बेमेतरा। तहसील दाढ़ी के ग्राम हेमांबद में आवारा एवं घुमंतू पशुओं को कथित रूप से बंधक बनाकर रखने और कुछ पशुओं की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को सैकड़ों की संख्या में गौसेवक कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमीन पर बैठकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर, मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी जांच और कार्रवाई तेज कर दी है।

गौसेवकों का आरोप है कि हेमांबद में बड़ी संख्या में आवारा एवं घुमंतू पशुओं को उचित चारा-पानी और देखभाल के अभाव में रखा गया, जिसके चलते कई पशुओं की मौत हुई। इसी मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर गौसेवकों ने कलेक्ट्रेट के सामने धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने दिलीप राय के



खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए उनके निवास एवं पशुओं को रखने के स्थान पर बुलडोजर कार्रवाई, संपत्ति कुर्क करने तथा पशु विभाग के उपसंचालक डॉ. पिंगला सहित संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की मांग रखी है। प्रदर्शनकारियों की कुछ मांगों में दोषी व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से दंडित करने की मांग भी शामिल है। गौसेवकों का कहना है कि पशुओं की मौत जैसे संवेदनशील मामले में केवल जांच तक कार्रवाई सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जांच में जो भी जिम्मेदार पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 198032 / निविदा सूचना क्रमांक 05 / व.ले.लि. / 2026-27, बेमेतरा, दिनांक 21.08.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **11.09.2026 समय 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

कार्य का नामः- बेमेतरा जिले के टेमरी उद्वहन सिंचाई योजना लाईनिंग कार्य का मरम्मत तथा शेष मुख्य नहर के 11 नग व्ही.आर.बी., 05 नग फाल, 01 नग डी.सी., 75 नग आऊटलेट फिक्सिंग एवं 05 नग माईनरों का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य।

अनुमानित लागत :- रूपये 416.25 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **28.08.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा
कृते मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी
कछार जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
G-262702933/4

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKASPRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

1. NIT No: 34/Plantation/EEC-III/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Date: 21.08.2026
Name of Work: "Development of Landscape Work on Road median & Green Verge between Sector 17 & 18 and Tree Plantation work at Iconic Tourist Destination in Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (CG)." (1st Call)

Period of completion	Estimated Cost (INR)	EMD (INR)
06 Months	1.08 Crs	1.10 Lakh

2. NIT No.: 35/SJD/EEC-III/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Date: 21.08.2026
Name of Work: "Serikhedi Junction Development work at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (CG)." (1st Call)

Period of completion	Estimated Cost (INR)	EMD (INR)
09 Months	1.99 Crs	2.00 Lakh

Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 15.09.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer,
NRANVP
S-48846/1

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 2478/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 24.08.26

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सि.नि. क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	198187	CONSTRUCTION OF STORM WATER DRAIN (NAALA) INFRONT OF OLD SARANGARH BUS STAND AT W.N. 31	18.27	16.09.2026
2	198189	CONSTRUCTION OF RCC RETAINING WALL NALA AT IRANI BASTI W.N. 34/36	50.00	16.09.2026
3	198203	CONSTRUCTION OF STORM WATER DRAIN FROM MITTHUMUDA TALAB TO SAMUDAYIK BHAVAN AT W.N. 37/36	50.00	16.09.2026
4	198210	CONSTRUCTION OF STORM WATER DRAIN NEAR MAHAPAUR HOUSE AT W.N. 38	27.00	16.09.2026
5	198221	CONSTRUCTION OF DRAIN & BOX CULVERT FROM KRISHNA VATIKA AT W.N. 48	47.02	16.09.2026
6	198244	वार्ड क्र. 08 रामपुर तिराहा के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	75.39	16.09.2026
7	198247	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM MANOJ HOUSE TO NATIONAL HIGHWAY AT W.N. 34 (4th Call)	47.64	07.09.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, न.पा.नि., रायगढ़

चनार में भालुओं का आतंक

कांकेर। जंगल से सटे गांवों में जंगली जानवरों की दस्तक अब ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। चनार गांव में बीती रात दो भालुओं के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। भोजन की तलाश में गांव में पहुंचे भालू ने एक किसान के घर के चार दरवाजों को तोड़ दिया। अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगातार दो भालुओं की आवाजाही बनी हुई है, जिससे लोगों को रात के समय घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा है। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम चनार के ग्रामीणों के अनुसार बीती रात भालू गांव में पहुंचा और एक ग्रामीण लादूराम मंडावी के घर के दरवाजों को नुकसान पहुंचाया, उस समय घर में कोई भी नहीं था। भालू ने एक के बाद एक घर के चार दरवाजे तोड़ दिए। दरवाजे टूटने से ग्रामीण को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद से ग्रामीणों में वन्यजीवों को लेकर भय का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ समय से दो भालू गांव के आसपास घूमते नजर आ रहे हैं। रात के समय इनके गांव में प्रवेश करने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि भालुओं के गांव में आने के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष चिंता बनी हुई है।

छत्तीसगढ़ शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग.

"वीरांगना" रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2026 प्रविष्टियों के आमंत्रण हेतु सूचना

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष "वीरांगना" रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक महिला को 2 (दो) लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जावेगा। इस पुरस्कार हेतु वर्ष 2026 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित है। प्रविष्टियाँ निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत की जावे :-

1. महिला का पूर्ण परिचय ।
2. महिलाओं, विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं के आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में किये गये मय सेवा कार्यो की सप्रमाण विस्तृत जानकारी । यह प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धि वास्तविक तथ्यों पर आधारित है ।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण ।
4. उत्कृष्ट सेवा कार्य के विषय में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रतिवेदन की एक-एक छायाप्रतियाँ ।
5. महिलाओं, विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त, करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के सम्बन्ध में प्रख्यात पत्र / पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों की छायाप्रतियां / सत्य प्रतिलिपियाँ ।
6. अन्य सुसंगत दस्तावेज, जो आवश्यक हो ।
7. चयन होने की दशा में पुरस्कार ग्रहण करने के बारे में महिला की लिखित सहमति ।

यह सम्मान किसी भी महिला को केवल एक बार ही प्राप्त हो सकेगा। शासकीय सेवक इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होगें ।

प्रविष्टियाँ सम्बन्धित जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिनांक 25 सितम्बर 2026 तक प्रस्तुत की जा सकेगी। प्रविष्टि सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जावे एवं लिफाफे के ऊपर "वीरांगना" रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2026 अंकित किया जावे ।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा

(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग
G-262702925/2

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी/अंतागढ़/ में संग्रहित इमारती काष्ठ/बल्ली/जलाऊ चट्टा एवं औद्योगिक/व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	E-Auction नीलाम दिनांक व समय
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल	काष्ठागार भानुप्रतापपुर	काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम दिनांक 03.09.2026 प्रातः 09:00 बजे से Live

-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियाँ :-

अ. क्र.	प्रजाति	नया वनोपज		अविक्रित वनोपज		योग	
		काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली
1	सागौन	46	157	447	1753	493	1910
2	साल	238	105	1098	69	1336	174
3	बीजा	-	-	67	67	67	67
4	साजा	44	265	218	-	262	265
5	हल्दू/मुंडी	4	12	79	-	83	12
6	सलिहा/मोदे	3	-	10	-	13	-
7	तिन्सा	9	-	10	9	19	-
8	धावड़ा	16	92	32	-	48	92
9	कर्रा	-	21	-	-	-	21
10	तेन्दु	6	35	129	55	135	90
11	अन्य	16	280	194	250	210	530
योगः-		382	967	2284	2203	2666	3170

नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक/व्यापारिक बांस :-

क्र.	वनमण्डल	बांसागांर भानुप्रातपपुर	बंडल	नो.टन	रिमार्क
1.	पूर्व भानुप्रतापपुर	औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लॉट)	8748	139.248	E-Auction Live 9AM
		औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट)	3430	48.604	
		बांसागार भानुप्रतापपुर	नग	नो.टन	
		व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट)	37000	112.541	
		बांसागार अंतागढ़	नग	नो.टन	
		व्यापारिक बांसागार अंतागढ़ (पुराना लॉट)	9720	29.563	

दूरभाष क्रमांक - पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (8827106152 एवं 9575330003)

1. प्रत्येक क्रेता को ई-नीलाम के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कामर्स पोर्टल में रजिस्टर है, करना अनिवार्य है।
2. प्रत्येक क्रेता को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि जमा करना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी की राशि जमा करना अनिवार्य हैं।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी.से लागिंग करके देख सकते है।
4. ई-आक्शन में लॉट क्रय पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।
5. अन्य जो भी जानकारी जो आवश्यक हो वनमंडल कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते है।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर
G-262702945/2

सीएफ आरक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

धमतरी। छुट्टी पर घर आए एक पुलिस जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कानीडबरी निवासी रूपनारायण नागवंशी पिता शिशुपाल उम्र 47 वर्ष सीएफ में आरक्षक के पद पर वर्ष 2007 में भर्ती हुआ था। उसकी तैनाती बीजापुर में थी जहां रूपनारायण अपनी पत्नी व तीन बेटियों के साथ रहता था। बंगापाल में तैनात किया गया। उसने अपने परिवार को गृह ग्राम कानीडबरी भेज दिया था। बंगापाल के बाद रूपनारायण इन दिनों आमापल्ली थाना में पदस्थ था। बीते 20 अगस्त को रुपनारायण छुट्टी पर अपने घर कानीडबरी आया था। रविवार की दोपहर परिवार के सभी लोग घर पर थे। इसी दौरान रूपनारायण ने अपने कमरे के दरवाजे को भीतर से बंद कर दिया और स्कार्फ का फंदा बना सिलिंग पंखा में फांसी लगाकर आत्महत्या की। कमरे में काफी देर तक कोई हलचल नहीं दिखने परिजनों ने कमरे को झांका रूपनारायण फंदे पर लटका हुआ था।

कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़
स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ-ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक/1476/ छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2026 रायपुर, दिनांक 21.08.2026

प्रवेश सत्र 2026 छत्तीसगढ़ राज्य के दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (MDS) की राज्य कोटे में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की सूचना

प्रवेश सत्र 2026 छत्तीसगढ़ राज्य के दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर सीटों (MDS) पर प्रवेश के लिये राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित NEET-MDS-2026 द्वारा घोषित पात्र अभ्यर्थियों से (Cut off Score-As per National Board of Examinations संलग्न देखें) निम्न समय-सारणी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन शुल्क सहित आमंत्रित है। (आवेदन के पूर्व लागू छत्तीसगढ़ दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश नियम, 2017 का अवलोकन अवश्य करें) :-

क्र.	प्रक्रिया का विवरण	विवरण
1	**ऑनलाईन आवेदन शुल्क Online Application Fee** (Non refundable)	**राशि रू. 2,000/-(रू. दो हजार मात्र)**
2	**ऑनलाईन आवेदन - प्रारंभ तिथि**	**दिनांक 22.08.2026 समय (Server Time)** 11:00 Hrs. (11:00 AM) **से**
3	**ऑनलाईन आवेदन - अंतिम तिथि**	**दिनांक 29.08.2026 समय (Server Time)** 23:59 Hrs. (11:59 PM) **तक**
4	**च्वाइस फिलिंग एवं लॉकिंग हेतु प्रारंभ एवं अंतिम तिथि**(Choice Filling and Locking)	**दिनांक 22.08.2026 समय (Server Time)** 11:00 Hrs. (11:00 AM) **से दिनांक 30.08.2026 समय (Server Time)** 23:59 Hrs. (11:59 PM) **तक**

ऑनलाईन पंजीयन से संबंधित वांछित दस्तावेजों की जानकारी हेतु छत्तीसगढ़ दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश नियम 2017 के नियम 9 "काउंसिलिंग प्रक्रिया" का अवलोकन करें।

छत्तीसगढ़ दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश नियम 2017 संचालनालय चिकित्सा शिक्षा की वेब-साईट वेबसाइट **www.cgdme.in** पर उपलब्ध है। **वेबसाईट का नियमित अवलोकन वांछनीय है।**

नोट :- 1. ऑनलाईन शुल्क भुगतान हेतु नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड (Net Banking, Debit card, Credit card, and UPI options are available) उपलब्ध है। 2. यदि ऑन-लाईन आवेदन पूर्ण करने के बाद Lock & Submit भी कर चुके है, तब भी **ऑनलाईन आवेदन में परिवर्तन करना चाहते है तो परिवर्तन हेतु निशुल्क** Reset **करने की सुविधा आवेदन की अंतिम तिथि तक उपलब्ध रहेगी।** 3. आवेदन शुल्क का भुगतान अंतिम तिथि से कम से कम 36 घण्टे पूर्व कर दें, चूंकि बैंक गेटवे इत्यादि संबंधित जटिलताओं से कई बार ऑनलाईन किये गये भुगतान का क्लीयरेन्स (clearance) 24 घण्टे ले लेता है। ताकि आपको अतिरिक्त शुल्क न देना पड़े। 4. **काउंसिलिंग की आगामी जानकारी हेतु संचालनालय की वेबसाईट www.cgdme.in एवं एन.आई.सी. की वेबसाइट https://cgdme.admissions.nic.in का नियमित अवलोकन करें।** 5. **काउंसिलिंग की समस्त प्रक्रिया (पंजीयन राशि भुगतान, संस्था तथा विषय चयन, च्वाइस लॉकिंग, बोनस अंक इत्यादि) अभ्यर्थी द्वारा स्वंय किया जाता है, इसलिए अपूर्ण अथवा गलत जानकारी प्रदाय करने की स्थिति में अगर अभ्यर्थी का पंजीयन अथवा आबंटन निरस्त किया जाता है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी केवल अभ्यर्थी की होगी एवं यह कार्यालय अथवा काउंसिलिंग समिति किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगी।**

(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छ.ग.
G-262702941/1

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत आगमन से पहले डोभाल का बीजिंग दौरा

एलएसी पर सीमा विवाद सुलझाने बीजिंग पहुंचे डोभाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले माह यानी 12-13 सितंबर को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत के दौरे पर आ सकते है। जिनपिंग नई दिल्ली में ब्रिक्स समिट में शामिल हों इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल सोमवार को दो दिवसीय चीन दौरे पर बीजिंग पहुंच गए। वह भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत के 25वें दौर में हिस्सा लेंगे। इस दौरान सीमा पर शांति और स्थिरता के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। डोभाल चीन के विदेश मंत्री और भारत-चीन सीमा मुद्दे पर चीन के विशेष प्रतिनिधि वांग यी के निमंत्रण पर बीजिंग पहुंचे हैं।

25वें दौर की वार्ता में चीन के विदेश मंत्री वांग यी से बातचीत करेंगे

एलएसी पर शांति, सीमा प्रबंधन और लंबित मुद्दों पर चर्चा होगी

हमलों की जांच रहेगी जारी



विदेश मंत्रालय के मुताबिक, डोभाल और वांग यी मंगलवार को सीमा विवाद से जुड़े मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता करेंगे। अपने चीन दौरे के दौरान अजीत डोभाल चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात करेंगे। यात्रा को भारत-चीन संबंधों में सीमा से जुड़े लंबित मुद्दों पर बातचीत आगे बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले 6 अगस्त को नई दिल्ली में भारत और चीन के बीच सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय के लिए बने कार्य तंत्र की 36वीं बैठक हुई थी। इसमें सीमा निर्धारण, सीमा प्रबंधन, विभिन्न समन्वय तंत्र और सीमा पार सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

गलतफहमी रोकने के लिए संवाद पर सहमति

बैठक के दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने लंबित मुद्दों के समाधान के लिए मौजूदा कूटनीतिक और सैन्य संवाद के माध्यमों का इस्तेमाल जारी रखने पर सहमति जताई। इसमें स्थानीय कमांडर स्तर की बैठकें और पहले से स्थापित अन्य तंत्र शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 24वें विशेष प्रतिनिधि दौर की बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने सीमा निर्धारण, सीमा प्रबंधन, तंत्र निर्माण और सीमा पार सहयोग से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया था।



सीमा पार नदियों पर भी होगी चर्चा

भारत ने सीमा पार बहने वाली नदियों से जुड़े एक्सपर्ट लेवल मैकेनिज्म की अगली बैठक जल्द बुलाने की जरूरत दोहराई है। साथ ही, ऊपरी क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं से संबंधित तकनीकी जानकारी साझा करने के महत्व पर भी जोर दिया गया है।

अगले माह भारत दौरे पर आएंगे चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 7 साल में पहली बार भारत के दौरे पर आएंगे। वह एक बड़े डेलिगेशन के साथ भारत आने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक शी जिनपिंग अगले महीने ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आएंगे। तीन सूत्रों के हवाले से दावा किया कि यह दौरा अहम है और भारत एवं चीन के बीच रिश्ते सुधरने का एक संकेत है। भारत में 12 और 13 सितंबर को ब्रिक्स समिट का आयोजन होना है। इसी में हिस्सा लेने के लिए शी जिनपिंग आएंगे। उनकी मौजूदगी इतनी अहम होगी कि ब्रिक्स समिट से ज्यादा इसकी ही चर्चा रहने की संभावना है।

बंबीहा गिरोह के 3 भगोड़े मलेशिया से प्रत्यर्पित

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि बंबीहा गिरोह से जुड़े तीन भगोड़े अपराधियों को मलेशिया से प्रत्यर्पित किया गया है, जो सीमा पार से हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी सहित कई मामलों में वांछित थे। भारतीय एजेंसियों के प्रयासों से 2026 में 51 दुर्दांत अपराधियों का प्रत्यर्पण किया गया है। गृह मंत्री शाह के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय एजेंसियों के प्रयासों से मलेशिया में तीन भगोड़े भारतीय अपराधी पकड़े गए, जिन्हें भारत लाया गया और उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

मोदी सरकार ने युवाओं को संकट में डाला : खड़गे

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर युवाओं के रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर तीखा हमला बोला है। खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने शिक्षा से लेकर रोजगार तक युवाओं के पूरे रास्ते को संकट में डाल दिया है और सरकारी नौकरियों के अवसर कम होने के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के आरक्षण के संवैधानिक अवसर भी धीरे-धीरे कमजोर किए जा रहे हैं।

उच्च-शिक्षा को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर बीते रविवार को 'यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन-2026' के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के बाद सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय प्रह्लाद जोशी ने शिक्षा मंत्रालय में यूजीसी और एआईसीटीई के अधिकारियों के साथ उच्च-शिक्षा से जुड़ी प्राथमिकताओं को मजबूत बनाने वर्चुअल बैठक की। पर चर्चा हुई।

शांति सैनिकों पर हमले की भारत ने की कड़ी निंदा

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। भारत ने दक्षिण सूडान में तैनात शांति सैनिकों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि 24 अगस्त को यूएनएमआईएसएस के तहत तैनात संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर किए गए हमले की भारत की सख्त लहजे में निंदा करता है।

गरीब परिवारों को 3 एलपीजी सिलेंडर मुफ्त

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम विजय ने सोमवार को गरीब परिवारों को तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि अन्नपूर्णी सुपर सिक्स योजना के पहले फेज में यह सुविधा दी जाएगी। विजय ने चुनाव से पहले पात्र परिवारों को हर साल 6 मुफ्त सिलेंडर देने का वादा किया था। अब शुरुआत में 3 सिलेंडर दिए जाएंगे और उनकी कीमत सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होगी।

रूस के डिप्टी पीएम मंटुरोव से भी मिले भारतीय विदेश मंत्री कई मुद्दों पर की चर्चा

पुतिन को दिया पीएम का संदेश-दोनों देशों में आर्थिक सहयोग तेजी से बढ़ा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान जयशंकर ने व्लादिमीर पुतिन को प्रधानमंत्री नरेंद्र का खास संदेश दिए। जयशंकर ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं देकर अपनी बात शुरू करना चाहता हूं। उन्होंने आपको देने के लिए मुझे एक व्यक्तिगत संदेश दिया है, जिसे मैं आपको सौंपना चाहता हूं। उन्होंने कहा, हमने अंतर-सरकारी आयोग की बैठक की। मुझे लगता है कि कुल मिलाकर हमारे पास आपको बताने के लिए एक अच्छी रिपोर्ट है। जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारा आर्थिक सहयोग, व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, परमाणु और अन्य क्षेत्रों में भी काफी प्रगति हुई है। मुझे इन सभी विषयों पर विस्तार से बात करने में खुशी होगी।

एस जयशंकर ने कहा, कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि हमारा आर्थिक सहयोग काफी तेजी से बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन में आपसे मिलने और फिर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। इसके बाद उचित समय पर, आप दोनों की सुविधा के अनुसार वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसलिए हमारे पास सहयोग की एक बहुत मजबूत तस्वीर पेश करने के लिए है।

विदेश मंत्री रूस के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रविवार को मॉस्को पहुंचे थे

पुतिन ने जयशंकर का गर्मजोशी से स्वागत किया

> जयशंकर ने कहा, भारत-रूस साझेदारी ने लगातार मजबूती के साथ खुद को ढालने की क्षमता दिखाई

रूस के विदेश मंत्री मंटुरोव से व्यापारिक साझेदारी पर की चर्चा



पुतिन और जयशंकर की मुलाकात

उन्होंने रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने भारत-रूस साझेदारी की भी समीक्षा की। मंटुरोव के साथ एक कार्यक्रम की सह-अध्यक्षता करते हुए जयशंकर ने कहा, भारत-रूस साझेदारी ने लगातार मजबूती और बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की क्षमता दिखाई है। जटिल अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच भी जुड़ाव लगातार गहरा हुआ है।

रूसी समकक्ष लावरोव से करेंगे मुलाकात

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। यह यात्रा जयशंकर और लावरोव की 22 जुलाई को मनीला में हुई मुलाकात के करीब एक महीने बाद हो रही है। जयशंकर ने लावरोव के साथ बैठक के दौरान क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर भारत की गंभीर चिंता भी दोहराई थी। भारत और रूस के बीच लंबे समय से मजबूत और परखी हुई साझेदारी रही है।

रूस के साथ किन मुद्दों पर होगी बातचीत?

रणनीतिक साझेदारी के तहत राजनीतिक और आधिकारिक दोनों स्तरों पर कई संस्थागत संवाद तंत्र काम करते हैं। इनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच नियमित संपर्क और सहयोग से जुड़ी गतिविधियों पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं पुतिन

यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 12-13 सितंबर को ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली आने की उम्मीद है। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत और रूस आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने तथा सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

बांग्लादेश में रिटायर्ड शिक्षक समेत एक ही परिवार के 4 लोगों की निर्मम हत्या के मामले का खुलासा

छत पर बैठ नशा कर रहे दो युवकों को रोका आरोपियों ने परिवार के 4 सदस्यों को मार डाला

हत्या के बाद दरिंदों ने नहाया, फ्रीज से निकालकर खीरा और खजूर खाया



मृतक सदस्य

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के रंगपुर शहर में एक ही हिंदू परिवार के चार सदस्यों की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस ने वारदात में शामिल दो पड़ोसियों, सिद्धार्थ दास और मुग्धा दास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच के मुताबिक, दोनों आरोपी निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर बैठकर याबा (नशीला पदार्थ) ले रहे थे। परिवार के मुखिया गणपति चक्रवर्ती (65) ने जब उन्हें छत पर नशा करने से रोका, तो आरोपियों ने तौलिये से उनका गला घोंट दिया। शोर सुनकर बचाने आईं उनकी पत्नी प्रीतिलता (50) को सीढ़ियों पर ही मार डाला गया। सबूत मिटाने के डर से आरोपियों ने बेटी आगामी (23) और सो रहे बेटे प्रियम (10) की भी गला घोंटकर हत्या कर दी।

सुबह दरवाजा बंद कर फरार हुए

वारदात के बाद आरोपी तुरंत फरार नहीं हुए। उन्होंने घर में ही स्नान किया, फ्रिज से खजूर व खीरा निकालकर खाया और दोबारा नशा किया। इसके बाद पूरे घर के सामान को बिखेर दिया ताकि मामला लूटपाट का लगे। आरोपी शनिवार तड़के बाहर से दरवाजा बंद कर फरार हो गए थे और उन्होंने सबूत मिटाने के लिए मृतकों के फोन डिटर्जेंट के पानी में डुबो दिए थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक गणपति 31 दिसंबर 2025 को स्कूल से रिटायर हुए थे। रिटायरमेंट के बाद गणपति होम्योपैथिक डॉक्टर के रूप में काम कर रहे थे। मृतक प्रीतिलता की बहन के मुताबिक इस परिवार का कोई दुश्मन नहीं था। और उन्होंने हाल ही में यह तीन मंजिला मकान बनवाया था। गणपति के भतीजे विश्वनाथ चक्रवर्ती का कहना है कि इस हत्या में किसी बड़े गिरोह का हाथ हो सकता है। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा, गणपति को घर बनाने में परेशानी हो रही थी। कुछ लोग उन्हें परेशान कर रहे थे। मुझे इस बारे में बताया था।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरे-815)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254. (आरे-41602)

इलेक्ट्रीशियन

आवश्यकता है- कंपनी हेतु आवश्यकता है DRIVE पैनल संबधित हेतु इलेक्ट्रीशियन की हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग कार्य आना चाहिए , श्री कालूका स्टील प्राइवेट लिमिटेड, हथखोज निरोस इस्पात कंपनी के पास भिलाई संपर्क करें:- 79740-79907 (आरे न.-4168)

हरिभूमि क्लासीफाईड

टेक्निशियन

आवश्यकता है- कंपनी का नाम ऐशियन पुल्स पता पिथालिया कॉम्पलेक्स रायपुर मो. नंबर 9669161666 पद का नाम MALE टेक्नीशियन योग्यता 5वीं से 12वीं अनुभव प्लंबर का अनुभव आवश्यक अन्य बाइक होना अनिवार्य समय 10 घंटा वेतन 12000 से 15000. (आरे-832)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से शाम 6:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222. (आरे-15)

डिलीवरी बॉय

आवश्यकता है- एक डिलीवरी बाय रायपुर निवासी (टू-व्हीलर लाइसेंस जरूरी) और ऑयल फैक्ट्री मशीन स्टाफ (फुल/पार्ट टाइम)। पता: महादेव घाट रोड, रायपुर। संपर्क: 9977067874. (आरे-398)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरे-309)

कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर लड़कियों की आवश्यकता है NGO ग्रुप को प्राथमिकता संपर्क करें मोबाइल- 8461886239. (आरे-834)

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर -2, जिसे PMJAY (प्रधानमंत्री जन आरोग्य) सॉफ्टवेयर में एंट्री करना आता हो आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(आरे-575)

वार्डन/ड्राइवर/कुक

आवश्यकता है- जैन हॉस्टल रायपुर में शाकाहारी, नशा मुक्त, अनुभवी महिला वार्डन - 1 पद, ड्राईवर- 1 पद, कुक - 1 पद, गार्ड- 1 पद ! संपर्क करें:- रहने खाने की सुविधा 8959906595. (आरे-7356)

टेलर कारीगर

आवश्यकता है- जेंट्स टेलरिंग शॉप में पेंट और सफारी सूट सिलाई कार्य के लिए अनुभवी कारीगर की आवश्यकता हैं। संपर्क करे- नेशनल टेलर्स छोटापारा 8109669000, 07712223107(आरे-251)

क्लासीफाईड

सेल्स/टेक्नीशियन

आवश्यकता है- मंगलम मोटर्स EV-Electric व्हीलर शोरूम में सेल्स के लिए लड़कियों और लड़कों एंव टेक्नीशियन गाडी रिपेयरिंग के लिए आवश्यकता है पता - पुराना धमतरी रोड बारले कॉम्प्लेक्स सेजबहार रायपुर मो. 9399451749 सेलरी योग्यतानुसार समय 10 से 8 (आरे-836)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरे-209)

सिक्योरिटीगार्ड

Wanted- URGENT REQUIREMENT OF SECURITY GUARDS FOR REPUTED HOSPITAL OF RAIPUR आवश्यकता है: रायपुर हॉस्पिटल हेतु सिक्योरिटी गार्ड 10वीं पास वेतन 12000+PF & ESIC संपर्क Contact: 9907330741, 9826022167, 9993700020, 9907330740, 9826114377. (आरे-12)

आवश्यकता

आवश्यकता है- मंदिर हसौद, रायपुर के ग्राम कुटेसर स्थित दो एकड़ में खेती के लिए अनुभवी व्यक्ति की । रहने एवं परिवार के अन्य सदस्य के लिए नौकरी उपलब्ध । संपर्क: 9300049800.(आरे-300)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्रायवर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577, 9425522576 . (आरे-833)

वेल्डर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- फेब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। स्थान: बाराडेरा- धनसूली, मंदिरहसौद, रायपुर। मो. 7024347173. (आरे-060)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- बूढ़ापारा ,रायपुर स्थित घर में झाड़ू बर्तन, पोंछा और कपड़े धोने के लिए गृह सहायिका कामवाली की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार - संपर्क करें - मोबाइल नंबर 96916-69111. (आरे-398)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजना, कहीं भी रुपये जमा करने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी व्यक्ति-दल पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लिये व लिखित में विषय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी रायपुर या संपादकों के संबंध में जिन किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के सौदों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) जरा कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रबंधक, संपादक कार्यालय और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में प्रकाशित किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे
तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क: शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर-1, जुबेस्ता हॉस्पिटल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare



जैकेट के शेष

31 आईपीएस का कामकाज बदला, पवनदेव को...

राज्य पुलिस अकादमी की जिम्मेदारी दी गई है। एसआरपी कल्लूरी को छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का प्रबंध संचालक बनाया गया है।

ओपी पाल संभालेंगे कानून-सुरक्षा : ओमप्रकाश पाल को पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था/सुरक्षा बनाया गया है। अंकित कुमार गर्ग को वर्तमान दायित्वों के साथ पुलिस महानिरीक्षक, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का प्रभार दिया गया है। ध्रुव गुप्ता को सीआईडी से संबंधित दायित्वों के साथ तकनीकी सेवाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बालाजीराव सोमावार को पुलिस महानिरीक्षक, अजाक बनाया गया है, जबकि प्रशांत कुमार अग्रवाल को पुलिस महानिरीक्षक, एस-4सी एवं तकनीकी सेवाओं की जिम्मेदारी दी गई है। मिलना कुर्रे को पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल बनाया गया है।

तिरपाल के नीचे से निकला दो करोड़ ...

ने वाहन के ऊपर ढके काले तिरपाल को हटाया, तो पैकेटों में बिछाकर रखा गया 400 किलो गांजा मिला। पायलट बाइक की मुखबिरी से 'मास्टरमाइंड' तक पहुंची पुलिसःआयशर में सवार महाराष्ट्र निवासी आरोपी संतोष अनंता मोहिते और सुमित सुभाष थोड़वे ने पूछताछ में खुलासा किया कि उनसे आगे एक नीले रंग की ग्लैमर बाइक ओडी 08 डब्ल्यू 5814 चल रही थी, जो पुलिस की मौजूदगी की लोकेशन देकर रास्ता साफ करवा रही थी। पुलिस ने तुरंत नाकेबंदी कर बाइक सवार पंकज मोहिते महाराष्ट्र और जलंधर खम्हारी ओडिशा को दबोचा। इसके बाद 'एंड-टू-एंड' तफ्तीश करते हुए पुलिस टीम ने ओडिशा के कालाहांडी ग्राम डेंगागुड़ा में दबिश देकर मुख्य सप्लायर विनोद दिसारी को गिरफ्तार कर लिया। सप्लायर के पास से तस्करी में प्रयुक्त 5 लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं।

भारी बारिश से बस्तर समेत 3 जिले संकट से ...

में 37 मिमी. इजाफे के साथ राज्य में कुल वर्षा 832 मिमी. हो चुकी है, जो सामान्य से महज 4 प्रतिशत कम है। पूर्वानुमान के मुताबिक अगस्त के महीने में भारी बारिश कराने के लिए एक से दो सिस्टम बनते हैं, मगर इस बार महीने में चार मानसून तंत्रिका सक्रिय हुई हैं, जिससे प्रदेश में भारी बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में मानसून की अतिरिक्त सक्रियता बस्तर, रायपुर, बिलासपुर और सरगुजा संभाग यानी प्रदेश के बड़े हिस्से में नजर आई। बरसात का प्रभाव इतना अधिक था कि कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति भी निर्मित हो गई थी। अलबता पिछले चौबीस घंटे की बारिश ने बस्तर संभाग की चार जिलों को अल्पवर्षा के संकट से दूर कर दिया है। शनिवार-रविवार की स्थिति में बस्तर जिले में 49 मिमी., कोंडागांव जिले में 47 तथा सुकमा जिले में 60 मिमी. पानी बरसने से सभी कम की श्रेणी से हटकर सामान्य वर्षा वाले जिलों की श्रेणी में शामिल हो गए। राज्य में अभी बेमेतरा में 40, जशपुर में 33, कांकेर में 37 और सरगुजा में औसत से 41 प्रतिशत कम बारिश की समस्या बनी हुई है।

सिस्टम झारखंड और ओडिशा की ओर : अभी एक निम्नदाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे झारखंड और उत्तर उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण विस्तारित है। इसके उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड और उत्तर उड़ीसा को अगले 24 घंटे में पार करने की संभावना है। एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम उत्तरप्रदेश से निम्नदाब के साथ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए मौजूद है। एक पश्चिमी विक्षोभ 68 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर बना हुआ है। मंगलवार को मध्य छत्तीसगढ़ के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा बस्तर और सरगुजा संभाग के एक दो जिलों में भारी वर्षा संभावित है।

फुंडहर गोठान की 100 गायें...

वहां भी उन्हें रखने की जगह नहीं मिली। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक भूखी-प्यासी गायें बारिश में ही गाड़ियों के अंदर ही बंद रहीं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने गायों की शिफ्टिंग व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं।

सुबह से 6 गाड़ियों में ले गए धनेली गोठान : नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के मुताबिक, रविवार की सुबह फुंडहर गोठान से 6 गाड़ियों में करीब 80 से 100 गायों को शिफ्ट करने की तैयारी की गई। पहले इन्हें धनेली स्थित सद्गुरु मानव सेवा असंग आश्रम ले जाया गया, लेकिन वहां के संचालक ने पहले ही कलेक्टर को पत्र लिखकर गोशाला बंद करने की मंशा जता दी है। इसके बावजूद नगर निगम ने फुंडहर गोठान की गायों को वहां भेजा। बरसते पानी में जब वहां गायों को रखने की जगह नहीं मिली तो इन गाड़ियों को तीन जगह हीरापुर-जरवाय और अटारी स्थित गोठान भेजा गया।वहां भी संचालकों ने हाथ खड़े कर दिए और गोवंश को रखने से मना कर दिया। सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक 9 घंटे गोवंश गाड़ियों में भूखे-प्यासे बंद रहे। आखिर में वाहन चालकों ने सभी गाड़ियां वापस फुंडहर गोठान पहुंचा दीं। गायों को वापस लेकर फुंडहर गोठान पहुंचने की जानकारी मिलने पर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी वहां पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

7 दिन में व्यवस्था सुधारने अल्टीमेटम : नेता प्रतिपक्ष ने नगर निगम को 7 दिन का समय दिया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान गोठानों में गायों के लिए रहने की जगह, चारा, पानी और इलाज की व्यवस्था नहीं सुधरी तो कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। श्री तिवारी ने कहा कि नगर निगम को गोवंश के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी।

नेता प्रतिपक्ष ने लापरवाही का लगाया आरोप : फुंडहर गोठान पहुंचे नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने निगम प्रशासन और भाजपा सरकार पर गोवंश की सुरक्षा के मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सुबह से लेकर शाम तक गायों को रखने की जगह रायपुर नगर निगम को नहीं मिली। भारी बारिश में गोमाता तड़पती रहीं, क्या हमारी संवेदनाएं समाप्त हो गई हैं? उन्होंने ट्रिपल इंजन की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि रायपुर की जनता ने भाजपा को महापौर, विधायक, सांसद और पार्षद दिए हैं, इसके बावजूद गोवंश को लेकर ऐसी स्थिति सामने आ रही है।

रायपुर समेत देश के 11 एयरपोर्ट ...

निजी भागीदारों को नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा है। एक समूह में शामिल सभी हवाई अड्डों को किसी एक कंपनी को ही दिया जाएगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) ने चार अगस्त को हुई बैठक में इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। आर्थिक मामलों के विभाग की सचिव अनुराधा ठाकुर की अगुवाई वाली पीपीपीएसी ने केंद्रीय क्षेत्र वाली पीपीपी परियोजनाओं का मूल्यांकन किया। इस प्रस्ताव के तहत पांच बड़े हवाई अड्डों को छह छोटे हवाईअड्डों के साथ समूह बनाया गया है। अमृतसर और कांगड़ा-गग्गल एक समूह में रखा गया है जबकि वाराणसी, गया और कुशीनगर दूसरे समूह में होंगे। भुवनेश्वर और हुबली एक समूह में जबकि रायपुर और औरंगाबाद दूसरे समूह में होंगे। इसी तरह, तिरुचिरापल्ली और तिरुपति हवाई अड्डों को पांचवें समूह में रखा गया है। बाजार में केंद्रीकरण और अत्यधिक कर्ज से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए एक ही बोलीदाता को दिए जा सकने वाले हवाई अड्डा समूहों की संख्या की सीमा तय की जाएगी। इन हवाई अड्डों का परिचालन संभालने वाली निजी कंपनियों द्वारा कुल 8,622 करोड़ रुपये का निवेश किए जाने का अनुमान है।

पेज एक के शेष

म्यूल अकाउंट से देशभर में 113 ...

अकाउंट उपलब्ध कराने वाले अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।
बता दें कि देशभर में साइबर ठगी के मामलों में इन दिनों कार्रवाई चल रही है। इस दौरान ठगी की रकम के आदान प्रदान के लिए उपयोग होने वाले म्यूल अकाउंट की पहचान कर अकाउंट उपलब्ध कराने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में भरतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से सूरजपुर पुलिस को कुछ संदिग्ध बैंक अकाउंट की जानकारी दी गई थी जिनमें ठगी के रकम की लेनदेन की गई थी। पुलिस ने जब इन खातों की जांच की तो पता चला कि उक्त अकाउंट सूरजपुर जिले में संचालित डीएन चक्रधारी एजुकेशनल वेलफेयर एसोसिएशन नामक संस्था के नाम पर दर्ज है। उक्त म्यूल अकाउंट को डीएन चक्रधारी के साथ ही उसका चचेरा भाई महेश कुमार चक्रधारी संयुक्त रूप से संचालित कर रहा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि म्यूल अकाउंट के माध्यम से देशभर में की गई ठगी की रकम लगभग 45 लाख रूपए एजुकेशनल संस्था के नाम पर संचालित खाते में आए हैं। सूरजपुर पुलिस ने मामले में साइबर ठगों को आकाउंट उपलब्ध कराने और ठगी करने वाले सूरजपुर बसदेई चौकी अंतर्गत ग्राम गंगौटी निवासी 27 वर्षीय महेश कुमार चक्रधारी आ. जगदीश प्रसाद चक्रधारी को गिरफ्तार किया है वहीं इस मामले में डीएन चक्रधारी फिलहाल फरार चल रहा है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार आरोपी के पकड़े जाने पर इस मामले में और भी खुलासे होने की उम्मीद है।

चीनी की देश में कोई कमी नहीं...

जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अध्यक्ष नीरज शिरगांवकर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण हैं। इनमें कारोबारियों एवं थोक उपभोक्ताओं की ओर से कीमत बढ़ने की उम्मीद में की गई खरीदारी और अनुमान से कम उत्पादन प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, भारत में चीनी की कोई कमी नहीं है। हमारा उत्पादन और भंडार बुनियादी रूप से संतोषजनक स्थिति में है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर, 2025-सितंबर, 2026 के मौजूदा चीनी सत्र में एथनॉल उत्पादन में इस्तेमाल हुई चीनी को घटाने के बाद शुद्ध उत्पादन करीब 279 लाख टन रहने का अनुमान है। सत्र की शुरुआत में 50 लाख टन का भंडार था और घरेलू मांग 280-285 लाख टन रहने का अनुमान है।

एसआईआर पर भड़के पूर्व राजदूत

'मेरी नागरिकता पर सवाल तो आम आदमी का क्या होगा ?'

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



पंजाब में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर को लेकर पूर्व भारतीय राजदूत नवदीप सूरी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया के दौरान अपने एक्सपीरिएंस को सोशल मीडिया पर साझा किया है। सूरी ने बताया कि उन्होंने वोटर वेरिफिकेशन के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से मुलाकात की थी। अपना वोटर आईडी और आधार कार्ड जमा किया। शुरुआत में उन्हें बताया गया कि सभी जानकारी ठीक है। इसके बाद उन्हें एक वॉलंटियर से मैसेज मिला. इसमें कहा गया कि उनकी कुछ जानकारियां साल 2003 के एसआईआर रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रही हैं। इसके बाद उन्होंने बीएलओ से संपर्क किया। उन्हें एक नोटिस लेने के लिए बुलाया गया।

'आम नागरिक का क्या होगा ?': नवदीप सूरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में सवाल किया कि अगर तीन देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके व्यक्ति को भी नागरिकता साबित करने में दिक्कत हो सकती है, तो सामान्य नागरिक का क्या होगा। सूरी भारत के पूर्व राजदूत रहे हैं।

भारतीय नागरिक होने का सबूत मांगे जाने का किया दावा

नवदीप सूरी के मुताबिक, बीएलओ से मिलने के बाद उन्हें ऐसे दस्तावेज लाने को कहा गया, जिनसे उनकी भारतीय नागरिकता साबित हो सके। उन्होंने अधिकारी को जानकारी दी कि वह साल 2003 में भारत में मौजूद नहीं थे। इसके बाद उन्हें अपनी बात साबित करने के लिए पासपोर्ट दिखाने को कहा गया। सूरी ने कहा कि उनके पास वोटर आईडी और आधार कार्ड के अलावा भी कई दस्तावेज हैं। इन दस्तावेजों से उनकी पहचान और नागरिकता साबित की जा सकती है। सूरी ने अपने अनुभव को लेकर चुनाव आयोग को भी टैग किया। उन्होंने कहा कि उनके पास जरूरी दस्तावेज मौजूद हैं। इसके बावजूद अगर उन्हें अपनी नागरिकता साबित करने में परेशानी आ रही है, तो आम नागरिकों की स्थिति को लेकर सवाल उठता है।

बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बारुईपुर के उत्तर टंगारबेरिया में भाजपा कार्यकर्ता बापी प्रमाणिक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें फोन करके घर से बाहर बुलाया गया था, जिसके बाद रास्ते में उनकी बेरहमी से पिटाई की गई और धारदार हथियारों से हमला किया गया। इस मामले में भाजपा के स्थानीय नेता सुजन मंडल का नाम भी सामने आया है। आरोप है कि उन्होंने टीएमसी समर्थित लोगों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के मुताबिक, बापी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे और राजनीतिक उत्पीड़न के कारण लंबे समय तक घर से दूर रहे थे। भाजपा के सत्ता में आने के बाद वे वापस लौटे और हाल ही में इलाके में दुकान खोली थी।

आईआईटी, जेएनयू में छात्रों ने किया विरोध-प्रदर्शन

छात्र की सुसाइड को लेकर गरमाई दिल्ली



नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली के छात्र की सुसाइड से हुई की मौत को लेकरआईआईटी दिल्ली के छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आईआईटी दिल्ली में एमएससी फिजिक्स के सेकेंड ईयर के छात्र ने 22 अगस्त को छठी मंजिल से कूदकर जान दे दिया था । प्रदर्शनकारी छात्र की मौत को लेकर जवाबदेही और उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं । यह जानकारी जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) की छात्रसंघ अध्यक्ष अदिति ने अपने एक्स पर दिया । जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के छात्रों ने भी इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था । इस दौरान पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

गिनी में कचरे का पहाड़ धंसा 30 की मौत, 6 लोग घायल



कोनाक्री। गिनी की राजधानी कोनाक्री में रविवार तड़के शहर के सबसे बड़े लैंडफिल में कचरे का पहाड़ धंस गया। हादसे में 30 लोगों की मौत हुई है। लैंडफिल ऐसी जगह होती है, जहां शहर का कचरा इकट्ठा यानी डंप किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार देर रात करीब 2 बजे शुरू हुई भारी बारिश के बाद कचरे के ऊपर से पानी बहा। इससे लैंडस्लाइड हुई और पास की झोपड़ियां मलबे में दब गईं। हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और कई घर तबाह हो गए।

न्यायालय नायब तहसीलदार धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

!! ईश्तहार !!

रा.मा.क्र. 202608130100023 अ/21 वर्ष 2025-26
ग्राम जवरगांव प.ह.नं. 41

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम जवरगांव प.ह.नं. 41 तहसील व जिला धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलेश्वर पिता अन्नूराम ध्रुव जाति गोड़ निवासी ग्राम जवरगांव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि अपने नाम पर ग्राम जवरगांव प.ह.नं. 41 तहसील व जिला धमतरी में स्थित भूमि ख.नं. 443/2 रकबा 0.21 हे. कुल खसरा नंबर 01 कुल रकबा 0.21 हे. स्थित है जिसे गैर आदिवासी विकास कुमार पिता प्रयाग प्रसाद गुप्ता निवासी पोस्ट ऑफिस वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी के पक्ष में विक्रय की अनुज्ञा हेतु छ.ग. भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र पेश किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन रखा गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/09/2026 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

(1) **निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-73-26-27, दिनांक: 21.08.2026.** **कार्य:** रायपुर डिवीजन के DEN-II/R और DEN-II/R के अधिकार क्षेत्र में 2000 संख्या 60kg/60E1-R260 ग्रेड रेल के लिए रेल जाइंट्स की वेल्डिंग के लिए AT वेल्डिंग पोर्शन, इक्विपमेंट और सुपरविजन के साथ सप्लाई। **निविदा मूल्य:** ₹ 64,44,178/-. **ईएमडी:** ₹ 1,28,900/-.

(2) **निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-74-26-27, दिनांक: 21.08.2026.** **कार्य:** रायपुर डिवीजन के DEN-III/R और DEN-II/R के अधिकार क्षेत्र में 3000 nos. 60kg 90 UTS Rails ग्रेड रेल के लिए रेल जॉइंट्स की वेल्डिंग के लिए AT वेल्डिंग पोर्शन, इक्विपमेंट और सुपरविजन के साथ सप्लाई। **निविदा मूल्य:** ₹ 69,54,628/-. **ईएमडी:** ₹ 1,39,100/-.

निविदा जमा करना: 15.09.2026 के **17.00** बजे तक। **निविदा खुलना: 15.09.2026 को 17.00** बजे।

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।

मंडल अभियंता-III/
PR/R/ENGG/PCN/189 *रायपुर*

South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिका परिषद, भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Telephone 07726-221068 Email Address:- cmobhatapara@rediffmail

क्र/474/लो.नि.वि./न.पा.प./2026-27 भाटापारा दिनांक 24.08.2026

::द्वितीय मैन्यूअल निविदा सूचना ::

नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद से निम्नलिखित कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र-अ में निविदा दर 03 लिफाफा पद्धति में स्पीड / पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसमें पहला लिफाफा में समस्त दस्तावेज, एफडीआर एवं डी.डी, द्वितीय लिफाफा में निविदा फार्म दर सहित भरकर तृतीय लिफाफा में डालकर पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना है, जो कि निम्नानुसार है:- (निविदा प्रारंभ तिथि 24.08.2026 अंतिम तिथि 09.09.2026 समय सायः 03:00 बजे एवं खोले जाने की तिथि 10.09.2026 समय 04:00 बजे)

क्र.	कार्य का नाम	लागत (लाख रू. में)	एस.ओ.आर
1	अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 22 स्थानों पर सी.सी.रोड निर्माण, आर.सी.सी. नाली निर्माण, पुलिया निर्माण एवं बी.टी.रोड निर्माण कार्य।	76.69	PWD. S.O.R. for Road 15.06.2026 & Building S.O.R. 10.06.2026

टीप:- विस्तृत निविदा, नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

राशिफल

मेष कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

वन नेशन वन इलेक्शन असंवैधानिक चिदंबरम

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने सोमवार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया। उन्होंने संसद की संयुक्त समिति के सामने इसे 'राक्षसी' और 'असंवैधानिक' पहल बताया। पूर्व गृह और वित्त मंत्री ने कहा कि एक देश, एक चुनाव के तहत पूरे देश में चुनाव कराने का प्रस्ताव 'बिना सोचे-समझे' किया गया काम है। सूत्रों के मुताबिक, चिदंबरम ने यह राय संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर समिति के सामने रखी।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN: L65910KL1992PLC006623, Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Vaipad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/09/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
धमतरी, सदर बाजार धमतरी, 0131990810013470, दुर्ग, चारोदा स्क्वेयर भिलाई, 0134110710022856, महाराजा चौक, 0116770700018348, नेहरू नगर भिलाई, 0125780710023531, न्यू बस स्टैंड दुर्ग, 0126220710019334, संतराबाडी , 0112610810019774, 0173, महासमंद, सरायपाली छत्तीसगढ़, 0138490720000104, 0105, रायपुर, बड़ाईपाडा, 0113640820000230, बुधापारा रायपुर, 0124430810033161, पचपेड़ीनाका चौक रायपुर, 0128700710022134, राजनंदगाव, लालबाग राजनंदगाँव, 0133880710021895,
ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

homefirst We'll take you home

Home First Finance Company India Limited

CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

कब्जा सूचना

संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्जा सूचना

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम संख्या 54) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग सूचना के अनुसरण में एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आप/उधारकर्ताओं, अधोनामों से संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। आप/सभी ऋणधारक निर्धारित समय के अंदर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए और उसके अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए, नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है:

क्र. सं.	ऋणधारकों / सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम	बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रूपये में)	कब्जा की तिथि
1.	बलवीर सिंह, मनदीप सिंह	फ्लैट नंबर-02, भूतल, रिया रेजीडेंसी, ख.नं. 562/22-77 भाग, प.ह.नं. 90/20, ग्राम- सिलतरा, रा.नि.मं-धरसींवा,तहसील/जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493221 चौहद्दी: उत्तर - मार्ग, दक्षिण - मार्ग, पूर्व - मार्ग, पश्चिम - फ्लैट नं. 03 ।	03-08-2025	7,70,239	20-08-2026

ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणधारक/जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथि से अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋणधारकों/जमानतदारों तथा आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संदर्भित संपत्तियों/प्रतिभूतियों या उनके किसी भी भाग से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूतियों से संबंधित कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो ऊपर उल्लिखित राशि के लिए संपत्तियों/प्रतिभूतियों के विरुद्ध देय है और पूर्ण भुगतान होने तक उस पर ब्याज सहित देय है।

ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

स्थान: रायपुर, दिनांक: 25-08-2026 अधिकृत अधिकारी: होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

शब्द पहेली - 6327



बाएँ से दाए-
1. छुट्टी,रजा-4
3. वध,आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल,अनूठा-3
8. अनाथ,बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार,सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में,दौरान-3
24. खुश,आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना,परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे
2. मयखाना,मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना,वचन तोड़ना-4
7. फिजूल,व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग,गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश,मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली -6326 का हल

क	ल	र	व	■	■	■	मु	का	ब	ला
मी	■	■	त	म	त	मा	ना	■	■	ज
श	व	■	न

बीते 10 साल में यूपीआई बना डिजिटल भुगतान का आधार, लेनदेन 13,000 गुना बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पिछले 10 साल में देश के डिजिटल भुगतान व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी बनने के साथ-साथ वास्तविक समय में भुगतान के लिए वैश्विक मानक बन गया है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि यूपीआई ने 25 अगस्त, 2016 को शुरू होने के बाद से देश के डिजिटल भुगतान क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। यूपीआई के जरिए सालाना लेनदेन की संख्या बढ़कर 2025-26 में 24,162 करोड़ से अधिक हो गई जबकि 2016-17 में यह 1.78 करोड़ थी। यानी इसमें करीब 13,000 गुना वृद्धि हुई है। इसी अवधि में लेनदेन का मूल्य 4,000 गुना से अधिक की वृद्धि के साथ बढ़कर करीब 314 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो 2016-17 में 7,000 करोड़ रुपए था।

11 देशों में काम कर रहा यूपीआई

घरेलू भुगतान व्यवस्था के रूप में शुरू हुआ यूपीआई अब सीमा पार डिजिटल लेनदेन के मंच के रूप में भी विकसित हुआ है। वर्तमान में यह संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, भूटान, श्रीलंका, नेपाल, सिंगापुर, मॉरीशस, कतर, कंबोडिया, यूनान और मालदीव समेत 11 देशों में काम कर रहा है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यूपीआई का अगला दशक भारत के डिजिटल भुगतान क्षेत्र में और बड़े बदलाव लाने के लिए तैयार है। सरकार का लक्ष्य नए उपयोगकर्ताओं और व्यापारियों को यूपीआई से जोड़कर नीतिगत समर्थन, तकनीकी प्रगति और वित्तीय समावेश के जरिए डिजिटल भुगतान व्यवस्था को और मजबूत करना है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली मान्यता

लेनदेन की संख्या और मूल्य में वृद्धि देश के बार-बार होने वाले खुदरा भुगतान में यूपीआई की बढ़ती भूमिका को भी दर्शाती है। यूपीआई की व्यापक पहुंच, विश्वसनीयता और विभिन्न भुगतान प्रणालियों के साथ तालमेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने इसे लेनदेन की संख्या के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी वास्तविक समय वाली भुगतान प्रणाली बताया है। आईएमएफ के अनुसार, 2025 में वैश्विक वास्तविक समय भुगतान लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी करीब 49 प्रतिशत रही। यूपीआई रोजाना 66 करोड़ से अधिक लेनदेन को सुलभ बनाता है और भारत में प्रमुख भुगतान नेटवर्क बन चुका है।

24,162 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए

वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में 24,162 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए, जो देश में रोजमर्रा के डिजिटल भुगतान में इसकी गहरी पैठ को दर्शाता है। इसमें व्यापारियों से जुड़े लेनदेन में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। यूपीआई भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का एक प्रमुख आधार बन गया है। यह एक ही माध्यम से व्यक्ति-से-व्यक्ति और व्यक्ति-से-व्यापारी भुगतान की सुविधा देने वाला, विभिन्न प्रणालियों के बीच काम करने वाला और वास्तविक समय का मंच है। इसने डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने, डिजिटल अंतर को कम करने और वित्तीय समावेश को मजबूत करने में भी मदद की है। इसके जरिए देशभर में लोग, कारोबारी और व्यापारी डिजिटल अर्थव्यवस्था से जुड़ सके हैं।



2026 यूपीआई की वृद्धि यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की निगरानी में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की ओर से विकसित यूपीआई ने पिछले 10 वर्षों में लेनदेन की संख्या और मूल्य, दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। बयान के अनुसार, वर्ष 2026 यूपीआई की वृद्धि यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। मई, 2026 में पहली बार एक महीने में लेनदेन की संख्या 2,320 करोड़ पहुंच गई। यह रफ्तार जुलाई में भी जारी रही और इस महीने 2,366 करोड़ लेनदेन हुए, जो यूपीआई के एक दशक के इतिहास में एक महीने में सबसे अधिक लेनदेन है। यूपीआई से जुड़े बैंकों और वित्तीय संस्थानों की संख्या भी लगातार बढ़ी है। संचालन के पहले वर्ष 2016-17 में 44 बैंक यूपीआई से जुड़े थे, जिनकी संख्या 2025-26 में बढ़कर 703 हो गई।

जून तिमाही में हवाई यात्री सेवाओं की मुद्रास्फीति बढ़ीं, रेल सेवा हुई महंगी

आसमान छूना हुआ महंगा, हवाई सफर में 32 प्रतिशत की ऐतिहासिक महंगाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में हवाई यात्री सेवाओं में 32 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर्ज की गई। सोमवार को सात प्रमुख सेवाओं के लिए मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी किए गए, जिनमें यह मूल्य वृद्धि की सबसे ऊंची दर है।

सरकार ने सोमवार को वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए सात प्रमुख सेवाओं - बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन कोष प्रबंधन, रेलवे, हवाई यात्रा (यात्री) और दूरसंचार - के अस्थायी सेवा उत्पादक मूल्य सूचकांक (सेवा पीपीआई) जारी किए, जिसका आधार वर्ष 2022-23 है।

बैंकिंग सेवा मूल्य सूचकांक में अवस्फीति दर्ज

बैंकिंग सेवा मूल्य सूचकांक और प्रतिभूति लेनदेन सेवा मूल्य सूचकांक में जून तिमाही के दौरान क्रमशः 3.35 प्रतिशत और 1.32 प्रतिशत की अवस्फीति दर्ज की गई। पिछली मार्च तिमाही में इनमें क्रमशः 4.10 प्रतिशत और 0.55 प्रतिशत की मुद्रास्फीति रही थी। पेंशन कोष, बीमा और दूरसंचार क्षेत्रों के सूचकांकों में जून तिमाही के दौरान क्रमशः 5.20 प्रतिशत, 0.98 प्रतिशत और 0.72 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर्ज की गई।



पीपीआई मुद्रास्फीति के अंतिम अनुमान शामिल

इन आंकड़ों में वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही के लिए सेवा पीपीआई मुद्रास्फीति के अंतिम अनुमान भी शामिल हैं। सेवा पीपीआई किसी सेवा के उत्पादन पर उत्पादकों द्वारा प्राप्त औसत मूल्यों में होने वाले बदलाव को मापता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, हवाई (यात्री) सेवा मूल्य सूचकांक में वार्षिक आधार पर 31.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में रेलवे यात्री सेवा मूल्य सूचकांक में वार्षिक मुद्रास्फीति 3.50 प्रतिशत बढ़ी, जो वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही के समान है। बैंकिंग सेवा अंशदान क्षेत्र में मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 6.90 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 3.30 प्रतिशत थी।

95.74 प्रति डॉलर पर रुपया



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और घरेलू बाजारों में कमजोरी के बीच रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर सोमवार को 3 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.74 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर-रुपए की जोड़ी सीमित दायरे में कारोबार करती रही। ब्रेंट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग और ईरान को निशाना बनाने वाले अमेरिका के नए प्रतिबंधों को लेकर सतर्क रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.65 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.64 के उच्च स्तर तक गया और 95.75 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 95.74 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की मामूली बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.71 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, 'अमेरिका और ईरान के बीच अनिश्चितता के कारण रुपये में हल्का नकारात्मक रुख रहने के आसार हैं। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी रुपये पर दबाव डाल सकती हैं। हालांकि, ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना घटने से अमेरिकी डॉलर में कुल मिलाकर कमजोरी रुपए को निचले स्तर पर समर्थन दे सकती है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.50 से 96 के दायरे में रहने का अनुमान है।' इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत बढ़कर 98.98 पर रहा।

■ नया एजुकेशन हब, मेडिकल सुविधाएं, फोरलेन कनेक्टिविटी और हरियाली बना रहे हैं डूंडा की नई पहचान

रायपुर सिटी का रिहायशी विस्तार अब डूंडा की ओर

रायपुर। शहर के भीतर बढ़ता ट्रैफिक, सीमित खुली जगह और लगातार बढ़ती संपत्ति की कीमतों के बीच रायपुर का रिहायशी विस्तार अब बाहरी और तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है।

पुरानी धमतरी रोड पर स्थित डूंडा क्षेत्र इस बदलते रिहायशी रुझान का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। कमल विहार के समीप स्थित डूंडा अब शहर से दूर माना जाने वाला क्षेत्र नहीं रह गया है। बेहतर सड़क संपर्क, तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर और आसपास बढ़ती सुविधाओं ने इस क्षेत्र को रिहायशी दृष्टि से खासा आकर्षक बना दिया है।


फाइल फोटो

शिक्षा से स्वास्थ्य तक, तेजी से बढ़ रहा इंफ्रास्ट्रक्चर

डूंडा और इसके आसपास के क्षेत्र में स्कूल एवं कॉलेजों के विकास के साथ नया एजुकेशन हब तैयार हो रहा है। वहीं अस्पतालों और मेडिकल सुविधाओं के विस्तार के कारण यह क्षेत्र धीरे-धीरे हेल्थकेयर हब के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की नजदीकी इसे परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण रिहायशी विकल्प बना रही है। क्षेत्र की एक बड़ी विशेषता इसकी फोरलेन सड़क कनेक्टिविटी है। बेहतर सड़क नेटवर्क के चलते शहर के विभिन्न हिस्सों तक आवागमन आसान हुआ है। इसके साथ ही नवा रायपुर से सीधी कनेक्टिविटी डूंडा की लोकेशन को और महत्वपूर्ण बनाती है। रायपुर और नवा रायपुर के बीच बढ़ते आवागमन को देखते हुए आने वाले समय में यह कनेक्टिविटी क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभा सकती है।

शहर के करीब, लेकिन भीड़ से दूर

डूंडा की सबसे बड़ी खासियत यहां उपलब्ध खुलापन और हरियाली है। शहर के घने इलाकों की तुलना में अपेक्षाकृत कम भीड़भाड़ और ज्यादा खुली जगह इसे एक बेहतर रिहायशी वातावरण प्रदान करती है। क्षेत्र का बड़ा हिस्सा हरित और खुले वातावरण से जुड़ा होने के कारण इसे एक ग्रीन रेजिडेंशियल जोन के रूप में भी देखा जा रहा है। स्थानीय प्रॉपर्टी विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में डूंडा और इसके आसपास के क्षेत्रों में आवासीय संपत्ति को लेकर लोगों की रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि शहर के विकसित इलाकों की तुलना में यहां समान बजट में अधिक जगह, खुलापन और बेहतर वातावरण के विकल्प उपलब्ध हैं। क्षेत्र में नए आवासीय विकास के साथ प्लॉट्स, मकान और अपार्टमेंट्स के विकल्प भी बढ़ रहे हैं। इससे खरीदारों को अपनी जरूरत और बजट के अनुसार विकल्प चुनने की सुविधा मिल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि रायपुर का विकास अब पारंपरिक शहर सीमा तक सीमित नहीं रहेगा। एजुकेशन, हेल्थकेयर, फोरलेन रोड, नवा रायपुर से कनेक्टिविटी और हरित वातावरण जैसे पांच प्रमुख फैक्टर डूंडा को आने वाले समय के संभावित प्रमुख रिहायशी क्षेत्रों में शामिल कर रहे हैं।

प्रीमियम प्रोजेक्ट अविनाश वन में अत्याधुनिक 'क्लब वन' का भव्य शुभारंभ

रायपुर। अविनाश ग्रुप ने अपने फ्लैगशिप लक्जरी हाई-राइज प्रोजेक्ट 'अविनाश वन' में अत्याधुनिक 'क्लब वन' का भव्य शुभारंभ किया। 'लिव, वर्क, प्ले और शॉप' की आधुनिक अवधारणा पर विकसित क्लब में वेलनेस, फिटनेस, मनोरंजन और कम्युनिटी बॉन्डिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उद्घाटन समारोह में अविनाश ग्रुप के चेयरमैन अरुण सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद सिंघानिया, डायरेक्टर यश सिंघानिया, डायरेक्टर सेजल सिंघानिया, डायरेक्टर प्रियंक सिंघानिया, डायरेक्टर सौरभ अग्रवाल और डायरेक्टर प्रतीक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी डायरेक्टर्स और अविनाश ग्रुप की टीम के सदस्यों ने रेजीडेंट्स और विजिटर्स का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद सिंघानिया ने कहा कि समूह का उद्देश्य केवल आवासीय भवन बनाना नहीं, बल्कि सुरक्षित, खुशहाल और स्वस्थ कम्युनिटी तैयार करना है। उन्होंने कहा कि 'क्लब वन' के माध्यम से निवासियों को फिजिकल हेल्थ, मेंटल पीस, खेल और परिवार के साथ क्वालिटी टाइम के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। उद्घाटन समारोह का विशेष आकर्षण मुंबई की प्रसिद्ध योगा इंस्ट्रक्टर एवं 'अंशुका योगा' की फाउंडर अंशुका परवानी का 'रूटेड–ए क्यूरेटेड वेलनेस एक्सपीरियंस' कार्यक्रम रहा। इसमें 'रूटेड इन मूवमेंट', 'रूटेड इन ब्रेथ' और 'रूटेड इन नरिशमेंट' के तहत योग, डीप ब्रीदवर्क, माइंडफुलनेस और संतुलित खान-पान से जुड़े व्यावहारिक सुझाव दिए गए। साउंड बाथ, हैंडपैन म्यूजिक और डी-स्ट्रेस सेशन भी आयोजित हुए।



एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय लाइफस्टाइल और रिक्रिएशनल सुविधाएं

अविनाश वन में स्थापित 'क्लब वन' परिवार के हर आयु वर्ग - बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की रुचियों और जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। 'क्लब वन' में अत्याधुनिक जिम, बैडमिंटन कोर्ट, स्विमिंग पूल, किड्स पूल, टेबल टेनिस, कैरम, बिलियर्ड्स, किड्स प्ले एरिया, बैंक्वेट हॉल और लैंडस्केप्ड गार्डन जैसी सुविधाएं हैं। समूह के अनुसार, क्लब का उद्देश्य परिवार के हर आयु वर्ग को समग्र और बेहतर जीवनशैली का अनुभव देना है।

गेहूं और उसके उत्पादों के निर्यात पर रोक हटी

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को गेहूं और उसके उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक तत्काल प्रभाव से हटा दी। इस कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है। दुनिया में गेहूं के दूसरे बड़े उत्पादक देश भारत ने घरेलू कीमतों में बढ़ोतरी पर काबू पाने के लिए मई, 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से गेहूं की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर असर देखने का मिला है।

बिजनेस साइट

अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में सोने-चांदी की राखियों का विशेष कलेक्शन

रायपुर। रक्षाबंधन के पर्व को यादगार बनाने के लिए अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स, एटी पैलेस, कोतवाली चौक में सोने और चांदी की राखियों का विशेष कलेक्शन उपलब्ध है। कलेक्शन में पारंपरिकता के साथ आधुनिक डिजाइन का मेल देखने को मिल रहा है।



राखियों को भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह के प्रतीक के रूप में तैयार किया गया है। ज्वेलर्स के अनुसार, सोने की राखियां 5 हजार से 12 हजार रुपए तक और चांदी की राखियां 350 से 1,350 रुपए तक की रेंज में उपलब्ध हैं। इनमें आकर्षक डिजाइन और बेहतर फिनिशिंग के साथ रक्षाबंधन की भावनाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए विकल्प शामिल हैं।

स्थायी याद के लिए उपहार का विकल्प

अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के अटूट रिश्ते का उत्सव है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए सोने और चांदी की राखियों का विशेष कलेक्शन तैयार किया गया है, ताकि ग्राहक अपनी पसंद और बजट के अनुसार राखी चुन सकें। उन्होंने कहा कि बदलते समय में लोग ऐसे उपहार भी पसंद कर रहे हैं, जिनकी भावनात्मक और स्थायी महत्ता हो। सोने-चांदी की राखियां इस लिहाज से रक्षाबंधन की याद को लंबे समय तक संजोकर रखने का विकल्प देती हैं। ज्वेलर्स ने ग्राहकों को विशेष कलेक्शन देखने और अपनी पसंद की राखी चुनने के लिए आमंत्रित किया है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नर्सों की सुश्रुता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेंडिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधा : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172



कोको गॉफ दूसरी बार चैंपियन फिल्स ने पहली बार जीता खिताब

सिनसिनाटी ओपन

एजेंसी ▶▶| मेसन

कोको गॉफ ने हमवतन अमेरिकी जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में दूसरी बार महिला एकल का खिताब जीता, जबकि पुरुष एकल में फ्रांस के आर्थर फिल्स चैंपियन बने। महिला वर्ग के फाइनल में गॉफ ने पेगुला को 6-2, 6-4 से हराया।

गॉफ ने लगाया दमदार फोरहैंड, बनाए रखी पकड़

22 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने पहले सेट में दो बार सर्व तोड़ी और पेगुला के दो डबल फॉल्ट का फायदा उठाकर 5-0 की बढ़त बना ली। सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन इगा स्वियाटेक को हराने वाले खिलाड़ी ने बिना कोई प्वाइंट गंवाए गॉफ की सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बनाई, लेकिन यह बढ़त काफी नहीं रही। गॉफ ने अपने दमदार फोरहैंड से रैली पर पकड़ बनाए रखी। दूसरे सेट में गॉफ ने पेगुला के खराब रिटर्न का फायदा उठाया और 3-0 की बढ़त बना ली। सातवें गेम में पेगुला ने बिना कोई प्वाइंट गंवाए अपनी सर्विस बचाई और फिर गॉफ की सर्विस तोड़कर स्कोर 5-4 कर दिया, जिससे उनकी वापसी की उम्मीद जगी। मगर गॉफ ने तुरंत वापसी करते हुए उनकी सर्विस तोड़ दी और मैच जीत लिया। यह उनके करियर का 12वां सिंगल्स खिताब है।



फिल्स का पहला मास्टर्स 1000 खिताब

पुरुषों के फाइनल में फ्रांस के फिल्स ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 1-6, 6-0 से हराकर अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता। फिल्स और टियाफो का मैच पहली बार था जब दो अश्वेत खिलाड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में आमने-सामने थे। 22 वर्षीय फिल्स मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले तीसरे अश्वेत पुरुष खिलाड़ी हैं। उनसे पहले बेन शेल्टन ने कनाडा में दो बार और जो-विल्फ्रेड सोंगा ने 2008 में पेरिस में और 2014 में कनाडा में मास्टर्स 1000 का खिताब जीता था।

दूसरा टेस्ट : भारत ने की पहली पारी 503/9 के स्कोर पर घोषित

टीम इंडिया ने श्रीलंका पर कसा शिकंजा, जुरेल का नाबाद शतक

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

ध्रुव जुरेल की धैर्य और संयम से खेली गई नाबाद शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों ने दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन सोमवार को श्रीलंका के दो विकेट चटकाकर भारत की स्थिति मजबूत कर दी।

जुरेल की 177 गेंद में नौ चौकों और दो छक्के की मदद से खेली गई नाबाद 115 रन के बूते भारत ने 9 विकेट पर 503 रन पर अपनी पहली पारी घोषित की। जवाब में श्रीलंका ने दिन का खेल खत्म होने तक महज आठ रन पर दो विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार ने क्रमशः लाहिरू उदारा और प्रभात जयसूर्या को पवेलियन भेजा। स्टंप्स के समय कामिल मिशारा पांच रन बनाकर क्रीज पर थे।

श्रीलंका पहली पारी में 495 रन पीछे

श्रीलंका पहली पारी में भारत से 495 रन पीछे हैं। दिन का मुख्य आकर्षण जुरेल की शानदार बल्लेबाजी रही, जिन्होंने मैच के दूसरे दिन दो अहम साझेदारियां की। उन्होंने सातवें विकेट के लिए ऋषभ पंत (63) के साथ 112 रन जोड़े, जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 307 रन से बढ़कर 419 रन हो गया। इसके बाद मानव सुथार (18) के साथ आठवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की, जिससे भारत 500 रन के करीब पहुंच गया।

जुरेल के नाम दर्ज हुए रिकॉर्ड

कोलंबो टेस्ट मैच में ध्रुव जुरेल ने बेहतरीन शतक जड़ा। ध्रुव जुरेल 99 से 100 रन तक पहुंचने के लिए सबसे ज्यादा गेंद खेलने के मामले में तीसरे भारतीय बने। रविचंद्रन अश्विन इस लिस्ट में नंबर 1 पर हैं, जिन्होंने 2016 में 15 गेंद 99 से 100 रन के बीच खेली थीं। सचिन तेंदुलकर भी इस लिस्ट में हैं, जिन्होंने 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 99 रन से शतक तक पहुंचने में 12 गेंदों का सामना किया था।

नंबर 7 या उससे निचले क्रम पर शतक का रिकॉर्ड

जुरेल श्रीलंका में नंबर 7 या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने। उनसे पहले 2017 में पल्लिकेले के मैदान पर हार्दिक पंड्या ने 108 रन की पारी खेली थी।

सिंहलीज स्टेडियम में शतक लगाने वाले 12वें भारतीय

ध्रुव जुरेल कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में शतक लगाने वाले 12वें भारतीय बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले इसी मैच में शतक लगाने वाले देवदत्त पडिक्कल 11वें भारतीय थे। जुरेल इसी के साथ सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हुए।



जुरेल ने 171 गेंदों में पूरा किया शतक

करीब दो घंटे की रूकावट के बाद खेल शुरू हुआ तो जुरेल ने फर्नांडो की गेंद पर दौड़कर एक रन लेते हुए 171 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। शतक पूरा होते ही जुरेल ने हेलमेट उतारा और ड्रेसिंग रूम की ओर अपनी बांह पर बना टैटू दिखाया। उस पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रसिद्ध शब्द 'जय जवान, जय किसान' लिखा था। शतक पूरा करने के बाद जुरेल ने फर्नांडो की गेंदों पर लगातार दो छक्के जड़े। एक लॉन्ग ऑफ के ऊपर से और दूसरा स्क्वायर लेग के ऊपर शानदार हुक के जरिए। भारत के 500 रन पार करते ही कप्तान शुभमन गिल ने पारी घोषित कर दी।

जायसवाल और फर्नांडो पर जुर्माना



दुबई। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो पर कोलंबो में दूसरे टेस्ट के पहले दिन मैदान पर हुई झड़प के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों खिलाड़ियों के खाते में एक-एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। भारत की पहली पारी के 17वें ओवर में फर्नांडो ने जायसवाल को आउट किया, जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कहासुनी हुई। जायसवाल फर्नांडो की ओर बढ़े और दोनों ने एक-दूसरे से कुछ कहा। इसके बाद फर्नांडो ने अपना सिर जायसवाल की ओर बढ़ाया। जवाब में जायसवाल भी आगे झुके, जिससे दोनों के सिर आपस में टकरा गए। आईसीसी ने कहा, 'दोनों खिलाड़ियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और आईसीसी के एलीट पैनल के मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को मान लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।' दोनों खिलाड़ियों को आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। यह नियम किसी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।

खबर संक्षेप



सेरेना और अल्काराज क्वालीफायर से भिड़ेंगे

न्यूयॉर्क। सेरेना विलियम्स और कार्लोस अल्काराज यूएस ओपन मिश्रित युगल टेनिस चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सेरेना और अल्काराज का मुकाबला आठ टीमों के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से आगे बढ़ने वाली किसी टीम से होगा। सेरेना 2022 के बाद पहली बार यूएस ओपन में वापसी कर रही हैं। उन्हें और अल्काराज को 16 टीमों के टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला है। मिश्रित युगल का पहला राउंड और क्वार्टरफाइनल मंगलवार को होंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल बुधवार को खेले जाएंगे। विजेता टीम को 10 लाख डॉलर का पुरस्कार मिलेगा।

प्रतीती को एकल बढ़त मयंक शीर्ष पर बरकरार



मुंबई। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला फिडे मास्टर (डब्ल्यूएफएम) प्रतीति बोरदोलोई ने सातवें दौर में महिला कैंडिडेट मास्टर (डब्ल्यूसीएम) आद्या गौड़ा पर महत्वपूर्ण जीत हासिल करते हुए एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप में महिला वर्ग में एकल बढ़त हासिल कर ली। इस जीत के साथ प्रतीति के कुल सात में से छह अंक हो गए और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से आधा अंक आगे हो गईं। इससे पहले तुर्कमेनिस्तान की महिला चैंपियन शोहराडोवा लैला उनके साथ संयुक्त बढ़त पर थी लेकिन शिवमशिका जी के साथ ड्रॉ खेलने के कारण वह 5.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गई।

ला लीगा : बार्सिलोना ने किया धमाकेदार आगाज, एल्चे पर एकतरफा जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

एफसी बार्सिलोना ने ला लीगा की शुरुआत धमाकेदार जीत के साथ की है। बार्सिलोना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मुकाबले में एल्चे को 5-0 से शिकस्त दी। बार्सिलोना ने पेनल्टी स्पॉट से राफिन्हा के गोल से शुरुआती बढ़त हासिल की, और डेब्यू कर रहे करीम अदेयेमी ने हाफटाइम से पहले राफिन्हा के असिस्ट के बाद इस बढ़त को दोगुना कर दिया। इस सीजन की शुरुआत से पहले साइन किए गए एंथनी गॉर्डन दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के तौर पर आए और उन्होंने राफिन्हा को गेम का अपना दूसरा गोल करने और फर्मिन लोपेज को बार्सिलोना का चौथा गोल करने में असिस्ट किया।



लोपेज ने शानदार गोल करके दिलाई बढ़त

लोपेज ने 79वें मिनट में एक शानदार व्यक्तिगत गोल करके बार्सिलोना की बढ़त को 5-0 पहुंचाया। क्लब छोड़ने की इच्छा जता चुके एटलेटिको मैड्रिड के स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज का विलारियल के खिलाफ घरेलू गेम से पहले जब उनका नाम लिया गया, तो लोगों ने सीटियों और हूटिंग से स्वागत किया। एटलेटिको ने मार्क पबिल के शानदार शॉट से स्कोरिंग शुरू की, लेकिन दो पेनल्टी से विलारियल ने जेरार्ड मोरेनो और जॉर्जेस मिकौटाडेज के जरिए मुकाबले को पूरी तरह से पलट दिया।

शिमोन ने एटलेटिको के लिए एक प्वाइंट बचाया

गिउलिआनो शिमोन ने मैच खत्म होने से पांच मिनट पहले शानदार गोल करके एटलेटिको के लिए एक प्वाइंट बचाया। वहीं, एनेस उनाल के 81वें मिनट के गोल ने गेटाफे को रेसिंग सैंटेंडर पर 1-0 से घरेलू जीत दिलाई। बार्सिलोना के कोच हंसी फ्लिक ने कहा, इस टीम के खिलाफ पांच गोल करना अच्छा रहा, एल्चे शानदार फुटबॉल खेलता है। हम सच में बहुत खुश हैं कि हम 5-0 से जीते, तीन प्वाइंट्स यह हमारे लिए एक शानदार शुरुआत है। इससे हमें अगले मैचों के लिए जरूरी आत्मविश्वास मिलेगा।"

टी20 सीरीज : भारत के खिलाफ अफगानिस्तान टीम का ऐलान

एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ आगामी तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सोमवार को इब्राहिम जादरान को कप्तान नियुक्त किया। पूर्णकालिक टी20 कप्तान के रूप में यह उनकी पहली श्रृंखला होगी।

तीन मैच की यह श्रृंखला 13 से 17 सितंबर तक नयी दिल्ली के फिरोज शाह कोटला मैदान पर खेली जाएगी। यह अफगानिस्तान की 'घरेलू श्रृंखला' है। अनुभवी तेज गेंदबाज नवीन उल हक की भी टीम में वापसी हुई है। वह दाएं कंधे में स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में लौटे हैं। इस चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला और टी20 विश्व कप 2026 में नहीं खेल पाए थे। नवीन की वापसी से अफगानिस्तान का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है, जिसमें फजलहक फारूकी, अब्दुल्लाह अहमदजई और ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई भी शामिल हैं। अफगानिस्तान ने मजबूत टीम चुनी है।



अनुभवी ऑलराउंडर गुलबदीन नैब की वापसी

अनुभवी ऑलराउंडर गुलबदीन नैब की भी वापसी हुई है जिससे मध्यक्रम को मजबूती मिलने के साथ एक और गेंदबाजी विकल्प उपलब्ध होगा। राशिद खान अनुभवी स्पिन गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। उनके साथ नूर अहमद और नांगयाल खरोटी हैं। अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी टीम में अनुभव और संतुलन बढ़ाएंगे। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का इंतजार कर रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज नूर रहमान को भी टीम में शामिल किया गया है। घरेलू क्रिकेट, शपगीजा क्रिकेट लीग और अफगानिस्तान 'ए' टीम के लिए उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें रहमानुल्लाह गुरबाज के साथ दूसरे विकेटकीपर के रूप में चुना गया है।

नेक्सो चैंपियनशिप : 46वें पायदान पर शुभंकर

एबेरडीन। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2026 नेक्सो चैंपियनशिप के अंतिम दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 46वें स्थान पर रहे। शर्मा ने इस दौरान तीन बर्डी और तीन बोगी लगाए। उन्होंने इससे पहले तीन दौर में 73, 72 और 75 के कार्ड खेल थे। उनका कुल स्कोर चार ओवर 292 का रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एक अन्य भारतीय गोल्फर युवराज संधू कट से चूक गए थे। स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन ने अंतिम दौर में 67 का शानदार कार्ड खेलकर 'डीपी वर्ल्ड टूर' पर अपना दूसरा खिताब जीता। उन्होंने कुल 11 अंडर स्कोर बनाकर इंग्लैंड के मैथ्यू जॉर्डन को दो शॉट से पछाड़ा।

हॉकी विश्व कप

अर्जेंटीना से हारकर टीम इंडिया सेमीफाइनल की रेस से बाहर

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

मैच के 39वें सेकंड में ही गोल गंवाने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की रही सही उम्मीदें भी लचर डिफेंस के कारण अर्जेंटीना के हाथों 3 - 5 से मिली हार के बाद खत्म हो गई। पिछले मैच में नीदरलैंड से हारने के बाद भारत पूल ई से अंतिम चार की दौड़ से लगभग बाहर ही हो गया था लेकिन अर्जेंटीना की इंग्लैंड पर जीत के बाद तकनीकी तौर पर उसके रास्ते खुले थे। इसके लिए उसे कम से कम तीन गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी थी। भारत ने पहले छह मिनट में ही दो गोल गंवा दिए और इस दबाव से टीम निकल ही नहीं सकी। खराब पासिंग, गेंद पर कब्जा गंवाने और डिफेंस में ढिलाई का खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा। आखिर में भारत ने दो मिनट के भीतर दो गोल किए लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।



ऑस्ट्रेलिया से ड्रॉ, महिला टीम खिताबी दौड़ से बाहर

अम्स्टेलवीन। एफआईएच विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में रविवार को ऑस्ट्रेलिया के साथ मुकाबला 0-0 से ड्रॉ होने के बावजूद भारतीय टीम खिताबी रेस से बाहर हो गई। दोनों टीमों ने पूरे मैच में कड़ा संघर्ष किया, लेकिन निर्धारित चार क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया के सेमीफाइनल में पहुंचने की वजह गोल के मुकाबले में भारत से आगे होना रहा। अब भारत पांचवें/छठे स्थान के लिए खेलेगा। अम्स्टेलवीन (नीदरलैंड) के वागेनर हॉकी स्टेडियम खेले गए इस मैच में स्कोरलाइन 0-0 रहने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने मैच के दौरान कई पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किए, जबकि भारत की ओर से लगातार दबाव बनाने की कोशिश की गई। भारतीय टीम 'पूल-ई' में तीन मुकाबलों में 2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

जीसीटी ग्रैंड फाइनल : प्रज्ञानानंदा ने बनाई 9-3 की अजेय बढ़त

कीमर को हराकर फाइनल की दहलीज पर प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर 9-3 की बढ़त हासिल कर ली है और इस तरह से ग्रैंड शतरंज टूर के फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं। प्रज्ञानानंदा और कीमर के बीच मुकाबला उतार चढ़ाव वाला रहा। भारतीय खिलाड़ी सफेद मोहरों से खेलते हुए शुरू में नुकसान में दिख रहा था जबकि कीमर का खेल पर नियंत्रण था। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद धीरे-धीरे अपनी स्थिति मजबूत की जबकि कीमर अपनी रणनीतिक चाल में फंस गए।



टाइम कंट्रोल में प्रज्ञानानंदा ने नहीं दिखाई नरमी

दोनों खिलाड़ियों के पास समय कम बचा था। ऐसे में कीमर ने खेल जारी रखने का रास्ता निकाल लिया, लेकिन दूसरे टाइम कंट्रोल में प्रज्ञाननंदा ने थोड़ी भी नरमी नहीं दिखाई और राजा को चेकमेट करने के करीब पहुंच गए थे। कीमर ने आखिर में अपनी 55वीं चाल पर हार मान ली। इस जीत का मतलब यह है कि प्रज्ञाननंदा अब 450000 अमेरिकी डॉलर के टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने से केवल छह अंक दूर है, जिसमें विजेता को 200000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

रैपिड गेम में विजेता को मिलेंगे चार अंक

इसके बाद दो और रैपिड गेम होंगे, जिनमें विजेता को चार अंक मिलेंगे और चार ब्लिट्ज गेम होंगे, जिनमें जीत हासिल करने पर दो अंक मिलेंगे। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने अपने हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत का सुनहरा मौका गंवा दिया। इन दोनों के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। इस तरह से यह दोनों खिलाड़ी अभी 6-6 से बराबरी पर हैं।

प्रणेश ने जीता कनिजा ओपन शतरंज खिताब

कनिजा। भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणेश एम ने अंतिम दौर में जर्मनी के वादिम पेट्रोव्स्की के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल करके प्रतिष्ठित कनिजा ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने नौवें और अंतिम दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए अपना दबदबा बनाया और जीत हासिल करके खिताब अपने नाम पर सुरक्षित किया। प्रणेश की रेटिंग 2673 है और वह नवीनतम फिडे विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर हैं। हंगरी स्थित भारतीय दूतावास ने प्रणेश को टूर्नामेंट जीतने बधाई दी। भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, 'प्रणेश को बहुत-बहुत बधाई। वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखकर हमें बेहद गर्व हो रहा है। हंगरी भारतीय शतरंज के लिए एक बेहतरीन मंच बना हुआ है।'

ये है दुनिया का पहला 'खाया जाने वाला शहर'!

बर्लिन। जर्मनी के एक छोटे से शहर एंडेरनाच ने दुनिया को एक नई मिसाल दी है। यहां पार्क, गार्डन, सड़क किनारे और पुरानी शहर की दीवारों के आसपास सब्जियां और फल उगे हुए हैं। कोई भी व्यक्ति चाहे स्थानीय हो या पर्यटक, इन पौधों से सब्जियां तोड़कर घर ले जा सकता है। कोई पैसे नहीं लगते, कोई रोक-टोक नहीं है। बस एक साइन बोर्ड लगा है– तोड़ने की अनुमति है।

ये दुनिया का पहला 'खाया जाने वाला शहर' या एडिबल सिटी कहलाता है। 2010 में शुरू हुई इस पहल ने शहर की हरियाली को सिर्फ सजावट से आगे बढ़ाकर खाने लायक बना दिया। शुरुआत 101 किस्म के टमाटरों से हुई। शहर के बीचोंबीच टमाटर के पौधे लगाए गए, ताकि लोग जैव विविधता के महत्व को समझें। अगले साल बीन्स पर फोकस किया गया, फिर प्याज, गोभी, स्ट्रॉबेरी और कई अन्य फसलें। आज यहां जड़ी-बूटियां, फलदार पेड़, सलाद और कई मौसमी सब्जियां आम जगहों पर नजर आती हैं।

हर तरफ उगी है फ्री की सब्जियां, घूमते-घूमते तोड़ ले जाते हैं लोग

हो रही है तारीफ

इस प्रोजेक्ट के पीछे लुट्ज कोसैक जैसे विशेषज्ञों का योगदान रहा। उन्होंने सोचा कि शहर की जमीन सिर्फ घास और फूलों के लिए क्यों हो? अगर वहां सब्जियां उगाई जाएं तो लोग मौसम, खेती और खाने के बारे में सीखेंगे। साथ ही शहर की देखभाल का खर्च भी कम होगा, क्योंकि स्थायी पौधे बार-बार बदलने की जरूरत नहीं रखते। शहर ने बेरोजगार लोगों को भी इस काम में शामिल किया। वे बगीचों की देखभाल करते हैं और समाज से जुड़ते हैं। अब एंडेरनाच में ना सिर्फ सब्जियां बल्कि फल के पेड़ भी हैं– सेब, नाशपाती, अंजीर, बादाम और कई दुर्लभ किस्में. कुछ जगहों पर मुर्गियां और भेड़ें भी नजर आती हैं जो शहर को और जीवंत बनाती हैं। मधुमक्खियां फूलों पर मंडराती हैं। स्कूलों में गार्डन बनाए गए हैं ताकि बच्चे छोटी उम्र से ही खेती सीखें। ये मॉडल सिर्फ खाने का नहीं, शिक्षा और समुदाय का भी है। लोग एक-दूसरे से मिलते हैं, बागवानी के टिप्स शेयर करते हैं और शहर को अपना मानते हैं। 'तोड़ने की अनुमति' का साइन देखकर पहले लोग हैरान होते थे, लेकिन अब ये आम बात हो गई है। कोई भी जरूरत से ज्यादा नहीं तोड़ता, क्योंकि सब समझते हैं कि ये सामूहिक संसाधन है।



मिलती है मुफ्त की सब्जियां

एंडेरनाच राइन नदी के किनारे बसा करीब 30 हजार की आबादी वाला शहर है। यहां की नगरपालिका ने फैसला लिया कि सार्वजनिक जगहों को सिर्फ देखने के लिए नहीं, बल्कि इस्तेमाल करने के लिए विकसित किया जाए। पुराने किले की खाई, शहर की दीवारें, गोल चक्कर और पार्क– सब जगह खाने लायक पौधे लगा दिए गए। लोग घूमते-घूमते ताजा टमाटर, आलू, प्याज या हरी सब्जियां तोड़ ले जाते हैं। बच्चे स्कूल से लौटते समय सलाद की पत्तियां चुनते हैं। पर्यटक भी हैरान होकर तस्वीरें खींचते हैं और कुछ सब्जियां साथ ले जाते हैं।



रोचक खबरें

बादलों के बीच बसा है सबसे दुखी शहर 30000 लोग जी रहे घुट-घुट कर जिंदगी

लीमा। दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में एंडीज पर्वतों की खतरनाक ऊंचाइयों पर बसा ला रिनकोनाडा शहर दुनिया का सबसे ऊंचा इंसानी ठिकाना माना जाता है। समुद्र तल से लगभग 5,100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह शहर बादलों के बीच बसा हुआ है। भूमध्य रेखा के करीब होने के बावजूद ज्यादा ऊंचाई के कारण यहां का औसत वार्षिक तापमान केवल 1.2 डिग्री सेल्सियस रहता है। यहां की रातें हड्डियों को जमा देने वाली ठंड से भरी होती हैं। एक वक्त में केवल सोने की खदान का छोटा सा कैंप रहने वाली यह जगह आज 30,000 से अधिक आबादी का घर बन चुकी है, लेकिन इसे दुनिया का सबसे गरीब, दुखी और जहरीला शहर कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इतना ही नहीं, इसे दुनिया का सबसे दुखी शहर भी माना जाता है, जहां लोग तमाम मुश्किल हालातों के बीच बिना सैलरी के काम करते हैं और घुट-घुटकर जीने को मजबूर हैं। बता दें कि ला रिनकोनाडा को कागजों पर शहर जरूर कहा जाता है, लेकिन हकीकत में यहां जिंदगी किसी नर्क से कम नहीं है। इस शहर में न तो पक्की सड़कें हैं, न कोई सीवेज सिस्टम है और न ही पीने के पानी का कोई पाइपलाइन नेटवर्क. लोग टीन की चादरों से बने बिना किसी इंसुलेशन वाले ढहते घरों में रहने को मजबूर हैं। यहां सोने को शुद्ध करने के लिए भारी मात्रा में पारे का उपयोग किया जाता है, जिसकी वजह से यहां की जमीन, हवा, पानी और बर्फ सब जहरीले हो चुके हैं। इस शहर पर न तो किसी सरकार का नियंत्रण है और न ही कोई कानून-व्यवस्था काम करती है। इस शहर की सबसे हैरान करने वाली बात यहां की खदानों में काम करने वाले मजदूरों का शोषण है।



क्या है लंबी उम्र का राज, 106 साल की महिला ने बताया सीक्रेट

लंदन। आज के समय में कम उम्र में ही लोगों को कई तरह की बीमारियां होने लगी हैं। तनाव, गलत खान-पान और भागदौड़ भरी जिंदगी ने सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। ऐसे में 106 साल जी चुकी एडिथ हिल ने अपनी लंबी उम्र का राज शेयर किया है।



एडिथ के मुताबिक उन्होंने जिंदगी में खूब पार्टी की और जमकर चॉकलेट खाई. यही उनकी लंबी और स्वस्थ जिंदगी का सीक्रेट है। एडिथ हिल ब्रिटेन की रहने वाली हैं और उनका जन्म 1919 में हुआ था। वे आज भी स्वस्थ हैं और अपना जीवन स्वतंत्र रूप से जी रही हैं। जब उनसे पूछा गया कि इतनी लंबी उम्र कैसे हासिल की तो उनका जवाब बेहद सरल और दिलचस्प था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र रहना, खूब चॉकलेट खाना और जीवन में जश्न मनाने का समय निकालना उनकी आदतें हैं जिन्होंने उन्हें एक सदी से ज्यादा का सफर तय करने में मदद की। एडिथ ने इतिहास की कई बड़ी घटनाओं को अपनी आंखों से देखा है। दोनों विश्व युद्ध उनके जीवनकाल में हुए. इतने उतार-चढ़ाव के बावजूद वे मानती हैं कि जीवन का आनंद लेना लंबी उम्र की सबसे बड़ी कुंजी है। उनका यह संदेश सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। लोग कह रहे हैं कि कभी-कभी सबसे अच्छे सबक जटिल दिनचर्या से नहीं बल्कि रोजमर्रा के छोटे-छोटे सुखों से मिलते हैं। एडिथ की सलाह में तीन मुख्य बातें हैं। पहली है स्वतंत्र रहन. वे आज भी अपनी कई जिम्मेदारियां खुद संभालती हैं।

अबू-तरतूर पठार पर मिली शार्क की कब्रगाह

मिस्र में आज जहां रेगिस्तान वहां करोड़ों साल पहले था समुद्र

नई दिल्ली। मिस्र के सूखे रेगिस्तान में वैज्ञानिकों ने एक हैरान करने वाली खोज की है। इजिप्ट के अबू-तरतूर पठार पर एक प्राचीन शार्क कब्रिस्तान मिला है। यह जगह आज भले ही सूखी और बंजर है। लेकिन, करोड़ों साल पहले यहां एक विशाल और गहरा समुद्र हुआ करता था। क्रेटेशियस काल में अफ्रीकी महाद्वीप का उत्तरी हिस्सा पूरी तरह से पानी में डूबा हुआ था। अब उसी प्राचीन समुद्र के तल में दफन शार्क के अनगिनत दांत मिले हैं। पैलियोन्टोलॉजिस्ट्स को खुदाई के दौरान शार्क की कम से कम सात अलग-अलग प्रजातियों के दांत मिले हैं। यह खोज इस बात का सबूत है कि प्राचीन समय में यहां मछलियों का एक बड़ा इकोसिस्टम मौजूद था। काहिरा यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने इस इलाके में खुदाई करके कई अहम राज खोले हैं। ये शार्क जीवाश्म बताते हैं कि कभी यह रेगिस्तान खूंखार शिकारियों का घर हुआ करता था।

रेगिस्तान की रेत में कैसे मिले विशाल समुद्र के सबूत?

हमारी पृथ्वी आज जैसी दिखती है वैसी करोड़ों साल पहले नहीं थी। क्रेटेशियस काल के दौरान हमारी धरती का माहौल बहुत अलग था। करीब 145 से 66 मिलियन साल पहले धरती का तापमान काफी ज्यादा था। उस समय ध्रुवों पर बर्फ नाम मात्र की भी नहीं थी। इसके कारण समुद्र का जलस्तर आज के मुकाबले बहुत ज्यादा था। आज हम जिस जमीन पर रहते हैं उसका बड़ा हिस्सा पानी के नीचे था। इसमें उत्तरी अफ्रीका का बड़ा इलाका भी शामिल है। टेक्टोनिक प्लेट्स की गतिविधियों के कारण यहां एक बड़ा समुद्र बन गया था। अबू-तरतूर पठार उसी प्राचीन समुद्र का एक हिस्सा था। आज यह जगह भले ही रेगिस्तान में बदल चुकी है। लेकिन, चट्टानों में दबे जीवाश्म अपने अंदर उस समय का पूरा इतिहास समेटे हुए हैं।



किस तरह के खूंखार शिकारी इस समुद्र में राज करते थे?

एक दांत का आकार करमबिट चाकू की तरह घुमावदार था। दुनिया भर के जीवाश्म रिकॉर्ड के आधार पर इनकी पहचान की गई है। वैज्ञानिकों ने इन दांतों को पांच विलुप्त प्रजातियों का बताया है। इनमें क्रेटालम्ना सीएफ मैरोकाना और स्कैपानोरिन्चस सीएफ रैफियोडोन शामिल हैं। इसके अलावा सेराटोलम्ना सीएफ सेराटा और स्क्वैलिकोरैक्स की दो प्रजातियां भी मिली हैं। ये सभी पांचों प्रजातियां अबू-तरतूर के लिए बिल्कुल नए रिकॉर्ड हैं। इनमें से दो प्रजातियां तो पूरे इजिप्ट के लिए नई हैं। सुई जैसे दांतों वाली शार्क का मिलना सबसे ज्यादा हैरान करने वाला था। अफ्रीका में इस प्रजाति का यह पहला ज्ञात जीवाश्म हो सकता है। यह खोज वहां शार्क की कई प्रजातियों की मौजूदगी को साबित करती है। उस समय अलग-अलग तरह के खतरनाक शिकारी उस पानी में राज करते थे।

दांतों ने वैज्ञानिकों को क्या नई जानकारी दी?

इस सूखी जमीन में फास्फेट के बड़े भंडार मौजूद हैं। फास्फेट वहां ज्यादा पाया जाता है जहां समुद्री जीवन बहुत सक्रिय होता है। डुवी फॉर्मेशन का फास्फेट भंडार प्राचीन समुद्र का एक बड़ा अवशेष है। यह उस समय के समुद्री पानी के बेहद उपजाऊ होने का पक्का सबूत भी देता है। काहिरा यूनिवर्सिटी के रिसर्चर तारेक यासीन की टीम ने यहां बड़ी खोज की है। 'क्रेटेशियस रिसर्च' में पब्लिश एक पेपर में उन्होंने इस बारे में विस्तार से बताया है। पिछली रिसर्च में यासीन और उनके साथियों को शार्क की दो प्रजातियों के दांत मिले थे। यह एक बड़ा संकेत था कि उस समय समुद्र में कई बड़े शिकारी मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने अबू-तरतूर में और ज्यादा गहराई से रिसर्च करने का फैसला किया।

14 दांत पांच प्रजातियों के थे : रिसर्चर्स की टीम जब अबू-तरतूर वापस लौटी तो उन्हें बड़ी सफलता मिली। डुवी फास्फेट की काली और पीली परतों ने कई राज उगल दिए। उन्हें खुदाई में शार्क के 14 और दांत मिले। ये दांत शार्क की पांच नई प्रजातियों के थे। ये सभी प्रजातियां अबू-तरतूर में पहले कभी नहीं खोजी गई थीं। प्राचीन शार्क की पहचान करना काफी मुश्किल काम होता है। अक्सर वैज्ञानिकों के पास सबूत के तौर पर सिर्फ उनके दांत ही होते हैं। दांतों की बनावट में मामूली अंतर ही उनकी प्रजाति तय करता है। लेकिन, डुवी से मिले दांतों में यह अंतर काफी साफ और स्पष्ट था।

शार्क को लेकर और क्या खुलासे किए?

शार्क के दांतों का यह जीवाश्म इतिहास की एक बहुत बड़ी पहेली सुलझाता है। रिसर्च के अनुसार लैम्निफॉर्म शार्क जैसे क्रेटालम्ना बहुत गहरे पानी में रहती थीं। उनकी मौजूदगी वहां एक स्थिर और शांत वातावरण का इशारा करती है। वहां पानी के नीचे कई बड़े बदलाव लगातार होते रहते थे। समुद्र की गहराई से पोषक तत्वों का ऊपर आना एक बड़ी घटना थी। इसी वजह से वहां मछलियों को खाने के लिए भरपूर भोजन मिलता था। इस पूरे समुद्री इलाके को शार्क बिजनेस का एक बड़ा केंद्र माना जा सकता है। इस नई रिसर्च ने वैज्ञानिकों को पुराने डेटा को भी फिर से देखने पर मजबूर किया है।

क्या ये सभी शार्क एक ही समय में इस कब्रगाह में मरी थीं : शार्क का यह कब्रिस्तान कई मायनों में बहुत दिलचस्प है। जिस समय ये शार्क यहां रहती थीं तब वहां बहुत कम तलछट जमा होता था। इसलिए यह फास्फेट बेड एक लंबे समय को बहुत छोटी परत में दिखाता है। इस कब्रिस्तान में मिली सभी शार्क एक ही दिन में नहीं मरी थीं। असल में यह अलग-अलग समय में मरे हुए जीवों का एक बड़ा जमावड़ा है। यह बताता है कि उत्तरी अफ्रीका के किनारे पर ऐसे इकोसिस्टम बहुत आम थे। मोरक्को और सीरिया के फास्फेट भंडार भी इसी बात का इशारा करते हैं। आज उस शार्क स्वर्ग का कुछ भी बाकी नहीं बचा है। टेथिस सागर गायब हो चुका है और समुद्र तल रेगिस्तान बन गया है। लेकिन, चट्टान में फंसे शार्क के ये दांत हमें एक पूरी खोई हुई दुनिया की कहानी सुनाते हैं।

सबसे सुनसान जगह जिसके चारों तरफ है पानी ही पानी

न्यूयार्कर। धरती पर ऐसी कई जगहें हैं, जिनके बारे में सुनकर पहली बार यकीन करना मुश्किल हो जाता है। कहीं बर्फ से ढकी चोटियां हैं तो कहीं हजारों किलोमीटर तक फैला रेगिस्तान। दक्षिण प्रशांत महासागर में मौजूद पॉइंट नीमो कुछ ऐसी ही जगह है। इसे धरती का सबसे दूर और सुनसान समुद्री इलाका कहा जाता है। पॉइंट नीमो दक्षिण प्रशांत महासागर के बीच स्थित एक ऐसा स्थान है, जो जमीन के किसी भी बड़े हिस्से से बेहद दूर है। इसके आसपास कई हजार किलोमीटर तक कोई बड़ा शहर या आबादी यानी लोग नहीं रहते हैं। सबसे नजदीकी जमीन भी करीब 2,600 किलोमीटर दूर बताई जाती है। यही वजह है कि पॉइंट नीमो को अक्सर धरती का सबसे सुनसान स्थान कहा जाता है।

90 मिनट में मिला राजा-महाराजाओं का गुप्त खजाना!

लंदन। ब्रिटेन में आर्किओलॉजी की पढ़ाई कर रही 20 साल की एक अमेरिकी स्टूडेंट की किस्मत ऐसी चमकी कि हर कोई हैरान रह गया। न्यूकैसल यूनिवर्सिटी में अंडरग्रेजुएट की पढ़ाई कर रही यारा सूजा ने जब अपनी जिंदगी की पहली खुदाई शुरू की, तो महज 90 मिनट यानी डेढ़ घंटे के भीतर ही उनके हाथ 1,200 साल पुराना सोने का एक नायाब टुकड़ा लग गया। 9वीं सदी की यह कलाकृति ब्रिटेन के मध्यकालीन इतिहास को लेकर कई नए और बड़े सवाल खड़े कर रही है।

अमेरिका के फ्लोरिडा की रहने वाली 20 वर्षीय यारा सूजा इंग्लैंड की न्यूकैसल यूनिवर्सिटी में पुरातत्वशास्त्र की छात्रा हैं। वे अपने साथियों के साथ उत्तरी इंग्लैंड के नॉर्थम्बरलैंड नेशनल पार्क में स्थित रेड्सडेल घाटी में खुदाई कर रही थीं। अपनी पहली व्यावहारिक खुदाई शुरू करने के केवल डेढ़ घंटे बाद ही उन्हें जमीन में दबी एक अनोखी चीज दिखाई दी।



1.5 इंच की सोने की कलाकृति की खासियत : यूनिवर्सिटी द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, यह कलाकृति आकार में महज 1.5 इंच की है। इसके एक सिरे पर बेहद खूबसूरत नक्काशीदार सजावटी हिस्सा बना हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह शुरुआती मध्यकालीन ब्रिटेन के समय की है। इस छोटे से सोने के टुकड़े को किसी धार्मिक या राजकीय समारोह के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा होगा।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com